* वर्ष 41 * अंक 93 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर शुक्रवार दिनांक 2 जनवरी 2026

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

## स्विट्ज़रलैंड के रिसॉर्ट में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान ब्लास्ट, करीब 40 की मौत, 115 घायल, कई विदेशी नागरिक

**बर्न (एजेंसी)।** स्विट्ज़रलैंड के क्रांस मोंटाना शहर के 'अल्पाइन स्की रिसॉर्ट' में गुरुवार को न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान विस्फोट हुआ। स्विट्ज़रलैंड पुलिस के मुताबिक हादसे में करीब 40 लोगों की मौत हुई है, जबकि 115 घायल हैं। मरने वालों में कई देशों के नागरिक शामिल हैं। इससे पहले पुलिस ने आज सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया था कि विस्फोट रिसॉर्ट के कॉन्स्टेलेशन बार में रात 1.30 बजे हुआ। हालांकि तब मौत का आंकड़ा जारी नहीं किया गया था। हादसे के बाद फिक्रांस-मोंटाना शहर को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया। पुलिस और इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू में जुटी गईं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक अस्पताल झुलसे हुए मरीजों से भर गए हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।



### वर्ल्ड फेमस टूरिस्ट प्लेस इंटरलाकेन से 100 किमी दूर है क्रांस मोंटाना

हादसे वाली जगह क्रांस मोंटाना एडवेंचर गेम्स के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध टूरिस्ट प्लेस इंटरलाकेन से करीब 100km की दूरी पर है। वहां पैराग्लाइडिंग, स्कीइंग और ट्रेकिंग के लिए दुनियाभर के लोग पहुंचते हैं। थून और ब्रिएंज झील के बीच बसे इंटरलाकेन से आल्प्स माउंटेन रेंज के आइगर, मोंक और जुंगफ्राउ पर्वतों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।

### आतिशबाजी की वजह से ब्लास्ट की आशंका

स्विस न्यूज आउटलेट ब्लिक के मुताबिक यह धमाका और उसके बाद लगी आग शायद एक कॉन्सर्ट के दौरान आतिशबाजी की वजह से हुई हो सकती है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। विस्फोट वाली जगह और आसपास का इलाका सील कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हर 10 मिनट में रेस्क्यू हेलिकॉप्टर उड़ते नजर आए। स्विस मीडिया के मुताबिक, सभी उपलब्ध रेस्क्यू हेलिकॉप्टर मदद के काम में लगाए गए हैं। इटली ने भी एक हेलिकॉप्टर भेजा है।

### सबसे महंगा इलाका क्रांस-मोंटाना

क्रांस-मोंटाना स्विट्ज़रलैंड के आल्प्स पर्वत क्षेत्र में स्थित एक लग्जरी स्की रिसॉर्ट है। यह जगह स्विस राजधानी बर्न से करीब दो घंटे की दूरी पर है और यहां हर साल बड़ी संख्या में टूरिस्ट आते हैं, खासकर सर्दियों और नए साल के समय। 15,000 की आबादी वाला यह शहर देश के सबसे खास और महंगे इलाकों में गिना जाता है और सालभर मिलने वाली धूप के लिए मशहूर है। इसकी वजह यह है कि यह रोन घाटी में दक्षिण की ओर ढलान वाले पठार पर स्थित है। क्रांस-मोंटाना से मैटरहॉर्न पहाड़ दिखाई देता है, जिसे स्विट्ज़रलैंड की सबसे मशहूर पहचान माना जाता है। इसके अलावा यहां से मोंट ब्लांक जैसी अन्य ऊंची चोटियों के भी शानदार नजारे मिलते हैं।

## डंपर ने कार को मारी टक्कर, मासूम बच्चे समेत 3 की मौत

### मां-बेटी गंभीर घायल; चकनाचूर हुई गाड़ी, अंदर फंस गए लोग

**भीलवाड़ा (पुकार)।** भीलवाड़ा में तेज रफ्तार डंपर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार 8 महीने के बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। बच्चे की मां और तीन साल की बहन गंभीर रूप से घायल हो गईं। एक्सीडेंट बीगोद थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-758 (भीलवाड़ा-कोटा) पर गुरुवार दोपहर 12 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, इको कार में सवार परिवार भीलवाड़ा के मांडलगढ़ की तरफ से आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे डंपर ने बस को ओवरटेक करते समय कार को टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी तेज थी कि कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। बीगोद थाना प्रभारी जय सुल्तान कविया ने बताया कि हादसे के बाद डंपर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। डंपर को जब्त कर लिया गया है।

**ग्रामीणों ने कार में फंसे लोगों को निकाला :** हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। ग्रामीणों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। कारोही निवासी नारायण (40) और 8 महीने के नकुल की मौके पर ही मौत हो गई। तीन घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचाया गया। इनमें कार ड्राइवर भानू प्रताप ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायल महिला गनिया (30) और उसकी बेटी मन्नू (3) को उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल में रेफर किया गया है। सूचना मिलने पर बीगोद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गाड़ियों को हाईवे से हटा कर ट्रैफिक शुरू करवाया। गनिया का भीलवाड़ा के मेजा गांव में ससुराल है। वह अपने बच्चों मन्नू, नकुल और जीजा नारायण के साथ मांडलगढ़ पीहर जा रही थी।



## नए साल में कॉमर्शियल सिलेंडर 111 रुपए महंगा, घरेलू गैस की कीमतें यथावत

**जयपुर (पुकार)।** साल 2026 की शुरुआत इस बार महंगाई के साथ हुई है। पेट्रोलियम कंपनियों ने आज कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। हालांकि घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे पहले साल 2025 की बात करें तो जनवरी से दिसंबर तक कंपनियों ने कॉमर्शियल सिलेंडर करीब 200 रुपए से भी ज्यादा सस्ता कर दिया था। राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया कि कंपनियों की ओर से जारी रेट लिस्ट के मुताबिक राजस्थान में आज 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 111 रुपए बढ़ाने करने के बाद 1608.50 रुपए की जगह 1719.50 रुपए में मिलेगा। जबकि पिछले माह दिसंबर में कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 10 रुपए प्रति सिलेंडर की कमी की थी। कंपनियों ने घरेलू उपयोग के लिए होने वाले सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। वर्तमान में बाजार में घरेलू उपयोग का सिलेंडर 856.50 रुपए में ही मिलेगा। वहीं, राज्य सरकार की ओर से बीपीएल और उज्ज्वला कनेक्शनधारियों को रियायती दर पर सिलेंडर उपलब्ध करवाया है।



## राजस्थान में प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज, नए जिले, तहसील और गांव बनाने पर रोक

### अफसरों और कर्मचारियों के ट्रांसफर भी नहीं होंगे

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान में 1 जनवरी से जनगणना के लिए सभी प्रशासनिक यूनिट फ्रीज हो गई। इसके साथ ही नए जिले, उपखंड, तहसील, गांव, वार्ड बनाने और उनकी सीमाओं के बदलाव पर रोक लग गई। गांव या शहर के किसी भी वार्ड तक की सीमा में कोई फेरबदल नहीं किया जा सकेगा। 2027 में मई-जून तक जनगणना का काम पूरा होने तक यह रोक रहेगी। लाखों अफसरों और कर्मचारियों के ट्रांसफरों पर भी अगले करीब सवा साल तक रोक रहेगी।

**जनगणना पूरी होने तक बदलाव नहीं होगा :** रोक हटने पर गृह मंत्रालय अधिसूचना जारी करेगा। इससे पहले गृह मंत्रालय ने 31 दिसंबर तक नई प्रशासनिक यूनिट बनाने पर जनगणना की रोक हटाई थी। अब नए साल से रोक प्रभावी हो गई। जनगणना के हिसाब से जिले, तहसील, उपखंड, गांव, शहरी निकायों और शहरी वार्डों की सीमाएं तय कर दी। उन सीमाओं को जनगणना पूरी होने तक नहीं बदला जा सकेगा। सभी प्रशासनिक यूनिट जनगणना पूरी होने तक 31 दिसंबर की स्थिति में ही रहेंगी।

**जनगणना में लगे कर्मचारियों के ट्रांसफर नहीं हो सकेंगे :** नए साल से लाखों कर्मचारियों के ट्रांसफरों पर जनगणना पूरी होने तक अगले करीब सवा साल तक रोक लग गई है। कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, शहरी निकायों के आयुक्त, जनगणना में प्रगणक लगे शिक्षक, पटवारी, ग्राम सचिव इसके दायरे में आएंगे।

फरवरी में जनगणना से जुड़े अफसर कर्मचारियों की ट्रेनिंग शुरू हो रही है। जनगणना के काम में 2 लाख से अधिक कर्मचारी-अफसरों की ड्यूटी लगेगी। घर-घर जाकर जनगणना करने के काम में करीब 1.60 लाख प्रगणक लगाए जाएंगे। करीब 30 से 40 हजार सुपरवाइजर और अन्य अफसर रहेंगे। जनगणना से जुड़े कर्मचारियों के ट्रांसफर केवल असाधारण परिस्थितियों में ही हो सकेंगे।

**दो फेज में होगी जनगणना :** जनगणना दो फेज में होगी। पहले फेज में 15 मई से 15 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर घरों की लिस्टिंग करेंगे। इससे पहले दो से तीन महीने पूरी तैयारी और ट्रेनिंग का दौर चलेगा। एक प्रगणक 150 घरों तक जाएगा और उनकी लिस्ट तैयार करेगा।

### जनगणना की एक्यूरेसी के लिए यह जरूरी

जनगणना के लिए प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज करने का पुराना प्रावधान है। जनगणना की एक्यूरेसी के लिए यह जरूरी होता है। जनगणना के लिए सभी गांवों-ढाणियों और बसावटों की लिस्ट फाइनल कर उसे क्रॉस चेक करके फाइनल किया है। इसमें जिले, तहसील, गांवों और बसावटों के हिंदी-अंग्रेजी में नामों की स्पेलिंग तक की जांच की गई है। हर जिले की जनगणना हैंडबुक बनाई गई है।

## उदयपुर-डूंगरपुर के 2 युवकों की अहमदाबाद में मौत, एक गंभीर घायल

### निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल से नीचे गिरे, एक गंभीर घायल

**उदयपुर (पुकार)।** गुजरात के अहमदाबाद में राजस्थान के 2 युवकों की मौत हो गई। आंबावाड़ी क्षेत्र में निर्माणाधीन साइट पर सेंटिंग प्लेट (शटरिंग) लगाते समय हादसा हुआ। चौथी मंजिल पर 3 मजदूर लकड़ी के प्लेटफॉर्म पर खड़े होकर काम कर रहे थे। अचान प्लेटफॉर्म टूटने से नीचे गिर पड़े। हादसे में 2 युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही एलिसब्रिज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। मृतकों की पहचान उदयपुर जिले के शांतिलाल मानत और डूंगरपुर जिले के देवीलाल भील के रूप में हुई। आंबावाड़ी इलाके में कल्याण ज्वेलर्स के पीछे वर्धमान डेवलपर्स की 'नंदिनी बिल्डिंग हैप्पीनेस' नामक आवासीय परियोजना का निर्माण कार्य चल रहा था। गुरुवार सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच मजदूर सेंटिंग प्लेट लगा रहे थे।



इसी दौरान चौथी मंजिल पर बना मचान (प्लेटफॉर्म) अचानक टूट गया, जिससे उस पर काम कर रहे 3 मजदूर नीचे गिर गए। इस हादसे में 2 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया।

**उदयपुर और डूंगरपुर जिले के रहने वाले :** मरने वालों की पहचान उदयपुर जिले के शांतिलाल मानत और डूंगरपुर जिले के देवीलाल भील के तौर पर हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर मृतकों के परिजन अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए।

## भारत-पाक ने एक-दूजे को परमाणु ठिकानों की जानकारी दी, 35 साल पुरानी परंपरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान ने गुरुवार 1 जनवरी को एक-दूसरे के साथ अपने परमाणु ठिकानों की लिस्ट शेयर की है। ये ठिकाने वही हैं, जहां दोनों देशों के परमाणु हथियार रखे जाते हैं। यह परंपरा पिछले 35 साल से चल रही है। भारत और पाकिस्तान ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के जरिए इस लिस्ट का आदान-प्रदान किया। यह सूची भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध संबंधी समझौते के तहत आती है। यह समझौता 31 दिसंबर 1988 को साइन किया गया था। इसमें लिखा है कि दोनों देश इन परमाणु ठिकानों पर हमला नहीं करेंगे। समझौता 27 जनवरी 1991 से लागू हुआ। इसके तहत भारत और पाकिस्तान हर कैलेंडर वर्ष के 1 जनवरी को एक-दूसरे को परमाणु ठिकानों के बारे में बताते हैं। पहली बार लिस्ट 1 जनवरी 1992 को शेयर की गई थी। यह लिस्ट ऐसे समय में बदली गई है जब मई 2025 में पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसी दौरान पाकिस्तान के परमाणु ठिकाने किराना हिल्स पर ड्रोन गिरने का दावा किया गया था।



**सीपरी की रिपोर्ट में दावा- भारत के पास 180 परमाणु हथियार :** स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार भारत के पास 180 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। ये आंकड़े SIPRI की 2025 के वर्ल्ड न्यूक्लियर फोर्सेस डेटा पर आधारित हैं, जिसमें दोनों देशों के हथियारों की संख्या स्टॉकपाइल (पूंजीकृत भंडार) के रूप में दी गई है।

## बांग्लादेश में फिर हिंदू शख्स को पेट्रोल डालकर जलाया, धारदार हथियारों से हमला, अस्पताल में भर्ती

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में फिर से एक हिंदू शख्स को जलाने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, हमलावरों ने धारदार हथियारों से वार करने के बाद पीड़ित के सिर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

पीड़ित की पहचान 50 वर्षीय कारोबारी खोकन चंद्र दास के रूप में हुई है। वह शरियतपुर जिले के दामुद्या इलाके में केउरभांगा बाजार के पास अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने उनका ऑटो रोककर हमला कर दिया। स्थानीय मीडिया 'प्रथम आलो' ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने उन्हें बुरी तरह पीटा, धारदार हथियार से हमला किया और फिर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जान बचाने के लिए वह सड़क किनारे तालाब में कूद गए, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने शोर मचाया। हमलावर मौके से फरार हो गए।

स्थानीय लोगों ने उन्हें शरियतपुर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर ढाका रेफर कर दिया गया।

**खोकन दास की हालत नाजुक :** अस्पताल के डॉक्टर नज्रुल इस्लाम के मुताबिक, खोकन दास के शरीर पर कई गंभीर चोटें हैं। पेट में गहरा घाव है और चेहरे, सिर व हाथों पर जलने के निशान हैं। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।



पीड़ित की पत्नी सीमा दास ने कहा कि परिवार को समझ नहीं आ रहा कि उनके पति को क्यों निशाना बनाया गया। उनका दावा है कि उनके पति ने दो हमलावरों को पहचान लिया था, इसी वजह से उन्हें मारने की कोशिश की गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। दामुद्या थाने के प्रभारी अधिकारी मोहम्मद रबिउल हक ने बताया कि मामले में रब्बी और सोहाग नाम के दो लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी और अन्य आरोपियों की पहचान के लिए कार्रवाई कर रही है।

**पिछले महीने हिंदू युवक को पेड़ पर लटकाकर जलाया :** बांग्लादेश में 15 दिन के भीतर दूसरी बार हिंदू शख्स को हवाले किया गया है। इससे पहले 18 दिसंबर को मैमनसिंह जिले में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था। इसके बाद उनके शव को पेड़ पर लटकाकर आग लगा दी गई थी।

## पकड़ा पाकिस्तानी घुसपैठिया, तारबंदी क्रॉस करके आया

**जैसलमेर (एजेंसी)।** जैसलमेर जिले में नए साल के जश्न के बीच सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने घुसपैठ कर रहे पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। जिले के नाचना क्षेत्र में बुधवार शाम करीब 8 बजे BSF की 72वीं बटालियन के जवान गश्त पर थे। इसी दौरान हल्के कोहरे के बीच सीमा पार से एक युवक को भारतीय क्षेत्र की ओर आते देखा। जवानों ने सतर्कता बरतते हुए तुरंत घेराबंदी की। जैसे ही संदिग्ध युवक भारतीय सीमा के भीतर दाखिल हुआ, जवानों ने तारबंदी के पास उसे हिरासत में ले लिया। फिलहाल खुफिया एजेंसियां और BSF के अधिकारी उससे गहन पूछताछ कर रहे हैं। गणतंत्र दिवस से पहले पकड़े गए पाकिस्तानी घुसपैठिए के जासूस होने का शक है।



### पाकिस्तान के सरगोधा का रहने वाला है

'ऑपरेशन अलर्ट' के तहत पकड़े गए युवक को तुरंत पास की बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) पर लाया गया, जहां प्राथमिक पूछताछ शुरू की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम इशरत (35) पुत्र राणा मोहम्मद असलम बताया। उसने खुद को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले का निवासी बताया है। प्रारंभिक तौर पर वह डरा हुआ और सहमा हुआ नजर आया।

## कार में जिंदा जली मासूम, तेज रफ्तार के कारण पलटी थी कार

### एक घंटे तक फंसे रहे पति-पत्नी और बड़ी बेटी, खींचकर बाहर निकाला

**राजसमंद (पुकार)।** राजसमंद में बेकाबू कार में पलटने के बाद आग लग गई। हादसे में एक साल की मासूम बच्ची जिंदा जल गई। राहगीरों ने कार सवार बच्ची के माता-पिता, बड़ी बहन और ड्राइवर को आग में से खींचकर बाहर निकाल लिया। उन्हें गंभीर हालत में हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कार सवार परिवार खाटूश्यामजी दर्शन कर रेलमगरा (राजसमंद) जा रहा था। एक्सीडेंट आमेट थाना सर्कल में बुधवार (31 दिसंबर) रात करीब 10 बजे हुआ।



आमेट थाना इंचार्ज ओम सिंह चुंडावत ने बताया- कार में पांच लोग सवार थे। इनमें रेलमगरा निवासी विकास जैन (32), उनकी पत्नी राजेश्वरी जैन, उनकी दो बेटियां धनिष्ठा (4) और प्रनिधि (1) तथा ड्राइवर कालूराम शामिल थे। हादसे में एक साल की प्रनिधि की जलने से मौत हो गई। कार पलटते ही उसमें सेकेंड्स में आग लग गई थी। इस कारण किसी को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने सभी को आग के बीच से बाहर खींचा।

### एक साल की बच्ची अंदर ही फंसी

स्थानीय लोगों ने बताया कि परिवार कार में इतनी बुरी तरह फंसा था कि निकालने में करीब एक घंटा लग गया। इस बीच एक साल की बच्ची को बाहर निकालने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

हादसे में घायल सभी लोगों को राजसमंद आर.के. जिला अस्पताल रेफर किया गया। राजेश्वरी जैन के पैर में फ्रैक्चर है। विकास जैन की जीभ गंभीर रूप से कट गई है। ड्राइवर और चार वर्षीय बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है।

### खाटूश्यामजी दर्शन कर लौट रहे थे

विकास जैन राजसमंद के कुरज गांव में सरकारी स्कूल में क्लर्क हैं। जानकारी के अनुसार विकास अपने दोस्त अर्टिगा से खाटू श्याम के दर्शन के लिए गए थे। बुधवार को दर्शन के बाद लौटते समय वे देवगढ़ में देवालय मंदिर में दर्शन के लिए रुके। कुछ समय रुकने के बाद वे आमेट होते हुए रेलमगरा लौट रहे थे।

## मणिपुर-मिजोरम के 5,800 ब्नेई मेनाशे लोगों की इजराइल वापसी : इस साल 1200 जाएंगे; 2700 साल पहले असिरियन साम्राज्य में निर्वासित होकर भारत आए थे

**चुराचंदपुर (एजेंसी)।** मणिपुर और मिजोरम में बसे ब्नेई मेनाशे समुदाय (यहूदी) के करीब 5,800 लोगों की इजराइल वापसी की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इजराइली कैबिनेट की ओर से ढाई सौ करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद चरणबद्ध तरीके से समुदाय को इजराइल ले जाया जाएगा।

2026 तक समुदाय के 1,200 लोग इजराइल भेजे जाएंगे। जबकि, 2030 तक पूरी 'घर वापसी' का लक्ष्य रखा गया है। पूर्वोत्तर भारत की पहाड़ियों में बसा यह समुदाय खुद को बाइबिल की 'दस खोई हुई जनजातियों' में से मेनाशे का वंशज मानता है।

2700 साल पहले असिरियन निर्वासन के बाद वे पूर्व की ओर बढ़े और अंत में भारत में बस गए। इजराइल सरकार की नई योजना से उनकी 'घर वापसी' तेज हो रही है। इसके तहत 2030 तक पूरी कम्युनिटी को इजराइल में बसाया जाएगा। हालांकि इस तेजी के पीछे मणिपुर की जातीय हिंसा की त्रासदी भी छिपी बताई जा रही है।



**मणिपुर के चुराचंदपुर, मिजोरम के आइजोल में मुख्य रूप से रिहाइश :** भारत में ब्नेई मेनाशे की कुल आबादी कभी 12,000 थी। लेकिन, अब मणिपुर में करीब 4,000 और मिजोरम में करीब 1,800 बचे हैं। इनमें ज्यादातर चुराचंदपुर (मणिपुर) और आइजोल (मिजोरम) में है। ज्यूइश एजेंसी फॉर इजराइल की ओर से इनके स्क्रीनिंग के लिए दिसंबर 2025 में आईजोल में 9 रब्बियों की टीम पहुंची थी।

### जाने वालों को इजराइल में परिवार, नौकरी और आवास की आस

जाने वाले सदस्यों को इजराइल में शांति और सुकून की उम्मीद है। मिजोरम के कम्युनिटी लीडर जेरेमिया एल. ह्मते कहते हैं, हम 'प्रॉमिस्ड लैंड' लौट रहे हैं। मणिपुरा हिंसा ने हमें मजबूर किया, पर यह हमारी जड़ों की पुकार है। एक युवा सदस्य ने कहा, 'यहां सुरक्षा नहीं, इजराइल में परिवार मिलन, नौकरी, आवास और हिब्रू शिक्षा मिलेगी।' मणिपुर में मई 2023 में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। यह 2025 के शुरुआती महीनों तक जारी रही। हिंसा के दौरान कई इलाकों में आगजनी, लूट और हत्याओं की घटनाएं हुईं। हजारों लोग विस्थापित हुए और राहत शिविरों में रहने को मजबूर हुए।

### बड़ी वजह : इजराइल की जड़ें और भू-राजनीतिक रणनीति

इजराइल में 1950 के दशक में दुनियाभर में यहूदी जड़ों की खोज शुरू हुई थी। इसके तहत 2005 में इजराइल के मुख्य रब्बी श्लोमो अमर ने यहूदी परंपराओं का पालन करने वाले इस समुदाय को धार्मिक मान्यता दी। इजराइल इसे धार्मिक पुनर्मिलन मानता है। इसके अलावा, उसकी योजना इस समुदाया को गलील क्षेत्र में बसाने की है जिससे उसकी उत्तरी सीमा मजबूत होगी। ऐसे में आस्था, सुरक्षा और रणनीतिक अहमियत की संभावना के कारण ब्नेई मेनाशे को प्राथमिकता दी गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे महत्वपूर्ण जियोनिस्ट फैसला माना है।

## पुणे में शिवसेना उम्मीदवार ने दूसरे कैंडिडेट का फॉर्म निगला, केस दर्ज

### आरोपी बोला- मैं आधिकारिक उम्मीदवार; महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव 15 जनवरी को

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में नगर निगम चुनाव से पहले एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। पुणे में शिवसेना के एक उम्मीदवार पर अपनी ही पार्टी के कैंडिडेट का ए-बी फॉर्म फाड़कर निगल लिया।

घटना बुधवार को धनकवड़ी सहकारनगर वार्ड कार्यालय में हुई। बाद में भारती विद्यापीठ पुलिस स्टेशन में शिवसेना के उम्मीदवार उद्धव कांबले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुणे में वार्ड नंबर 34 के लिए शिवसेना के दो उम्मीदवारों को ए-बी फॉर्म जारी किए गए थे। इसके बाद शिवसेना के उम्मीदवारों कांबले और मच्छिंद्र धवले के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस के मुताबिक बहस के दौरान, कांबले ने धवले का ए-बी फॉर्म छीन लिया, उन्हें फाड़ दिया और टुकड़े निगल लिए। फॉर्म ए और बी जरूरी दस्तावेज हैं जिनके तहत एक राजनीतिक पार्टी किसी खास नॉमिनी को चुनाव में अपना उम्मीदवार घोषित करती है। बीएमसी समेत 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होने हैं, काउंटिंग अगले दिन होगी। नॉमिनेशन प्रक्रिया 23 दिसंबर को शुरू हुई थी, जो 30 दिसंबर को खत्म हुई। 2 जनवरी नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख है। उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट 3 जनवरी को जारी की जाएगी।



**कांबले हिरासत में, पूछताछ जारी :** मामला दर्ज होने के बाद पुलिस कांबले की तलाश कर रही थी। इस दौरान दस्तावेज निगलने वाले उद्धव कांबले खुद पुलिस स्टेशन पहुंच गए। उन्होंने बताया कि वे पार्टी के कुछ पदाधिकारियों के साथ खुद पुलिस के सामने आए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि वे वार्ड संख्या 36 से पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार हैं और पार्टी ने उन्हें ए-बी फॉर्म दिया था। हालांकि, चुनाव प्रक्रिया के दौरान उनके कार्यों के कारण उन्हें हिरासत में ले लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनजातीय किसानों के उत्थान पर जोर



**उदयपुर (पुकार)।** कृषि विभाग, उद्यान विभाग, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला एवं गुण नियंत्रण प्रयोगशाला की संयुक्त बैठक उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत की अध्यक्षता में संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार), कार्यालय में हुई। बैठक में जनजातीय क्षेत्र देवास-झाड़ोल एवं आसपास के गांवों से खेती छोड़कर पलायन कर रहे किसानों की समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। किसानों को कृषि एवं उद्यान विभाग से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि तथा खेती के माध्यम से जीवन स्तर में सुधार लाने हेतु विभिन्न सुझाव लिए गए। डॉ. रावत ने मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण करते हुए मृदा नमूनों के संग्रहण एवं परीक्षण रिपोर्ट तैयार करने की तकनीक का अवलोकन किया। साथ ही एग्री क्लीनिक कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक सुधीर कुमार वर्मा, अन्य अधिकारीगण एवं किसान संघ से नारायण सिंह चन्दाना उपस्थित रहे। बैठक में जनजातीय क्षेत्र के किसानों के प्रशिक्षण हेतु प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती के लिए क्षेत्रीय केंद्र खोलने का प्रस्ताव भी रखा गया।

### नव वर्ष समारोह में साहित्य, संगीत और हास्य का अद्भुत संगम




**उदयपुर (पुकार)।** विज्ञान समिति द्वारा नव वर्ष के अवसर पर आयोजित समारोह में साहित्य, संगीत और हास्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव डॉ. आर.के. गर्ग ने किया, जिसमें मंच पर प्रमुख अतिथि रणधीर सिंह चौधरी, महीप भटनागर और आर.के. चतुर भी उपस्थित रहे। समिति के मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत समिति के गीत से हुई। इसके बाद, समिति अध्यक्ष प्रो. महीप भटनागर ने अपने उद्बोधन में नव वर्ष की परिभाषा पर प्रकाश डाला और कहा कि यह जीवन की एक पुस्तक की तरह है, जिसमें 12 अध्याय और 365 पृष्ठ होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन इसका एक पृष्ठ खुद लिखना होता है। कार्यक्रम में गत वर्ष की विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रो. महीप भटनागर, प्रो. प्रेम सुमन जैन, डॉ. अनुराग तलेसरा, डॉ. सुजान सिंह, रविंद्र भटनागर, अविनाश भटनागर, डॉ. नेहा लोढ़ा और धर्मेंद्र वैष्णव को तिलक, शाल और ऊपरण पहनाकर सम्मानित किया गया। बी.एल. चावत ने है अपना दिल तो आवारा गीत प्रस्तुत किया, डॉ. के.एल. कोठारी ने अपनी स्वरचित कविता पढ़ी, शिवा तलेसरा ने तेरे सुर और मेरे गीत गाया, और गीता सिंह ने हम तुम्हें चाहते हैं ऐसे गीत सुनाया। समारोह के अंत में डॉ. आई.एल. जैन और ज्योति भटनागर का जन्मदिन भी मनाया गया। एम.पी. जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह ने एक साथ साहित्य, संगीत और हास्य के अद्भुत मिश्रण से सभी को आनंदित किया और नव वर्ष के स्वागत का एक यादगार अवसर बना।

### बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कल होगा

**उदयपुर (पुकार)।** बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 3 जनवरी को होगा। पूर्व अध्यक्ष चंद्रभान सिंह शक्तावत नए अध्यक्ष जितेंद्र जैन को शपथ दिलाएंगे। फिर अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी को शपथ दिलाकर कार्यभार संभालेंगे।

बार एसोसिएशन के चुनाव गत 12 दिसंबर को हुए थे। इसमें अध्यक्ष पद पर जितेंद्र जैन उपाध्यक्ष महेंद्र मेनारिया, महासचिव लोकेश गुर्जर, सचिव आशिष कुमार कोठारी, सचिव धर्मेंद्र सोनी और पुस्तकालय सचिव विनोद औदीच्य ने जीत दर्ज की थी। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि जोधपुर हाईकोर्ट के जस्टिस मुकेश राजपुरोहित, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, राज्य मानवाधिकार आयोग सदस्य एवं जज रामचंद्र सिंह झाला, जिला एवं सेशन जज ज्ञान प्रकाश गुप्ता, अतिरिक्त महाधिवक्ता प्रवीण खंडेलवाल, शहर विधायक ताराचंद जैन रहेंगे। समारोह में न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहेंगे।

### श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ

**उदयपुर (पुकार)।** नववर्ष के अवसर पर आजाद विहार, तीतरड़ी स्थित वृंदावन धाम आश्रम के राधे-कृष्णा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। आयोजन अंतरराष्ट्रीय भागवत प्रचार मिशन की ओर से विगत 20 वर्षों से नववर्ष के प्रथम सप्ताह में किया जा रहा है। आश्रम पीठाधीश्वर कृष्णानंद महाराज कथा वाचन करेंगे।

सुबह 11 बजे वृंदावन से आए 11 पंडितों ने विधिविधान से भागवत पौथी पूजन कर व्यासपीठ पर स्थापना की गई। रूद्र कलश स्थापना के साथ कथा प्रारंभ हुई। पहले दिन महाराज ने श्रीमद्भागवत के महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत का मूल उद्देश्य भक्ति की प्राप्ति है, जो हरि और गुरु की कृपा से ही संभव है। कथा के समापन पर महाआरती की गई।

### बीमा कंपनी ने दिया अधूरा क्लेम, अब ब्याज, परिवाद व्यय के साथ देनी होगी राशि

**उदयपुर (पुकार)।** बीमा कंपनी को कोर्ट के आदेश के बावजूद अधूरा क्लेम देना महंगा पड़ गया। अब स्थायी लोक अदालत ने बीमा कंपनी को बकाया राशि ब्याज और परिवाद व्यय के साथ चुकाने के आदेश दिए हैं। प्रकरण के अनुसार सरदारपुरा निवासी देवेंद्र कुमार शर्मा ने बीएन कॉलेज के सामने स्थित स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी के प्रबंधक के खिलाफ पिछले साल 3 मार्च को परिवाद पेश किया। इसमें बताया कि 15 सितंबर, 2023 से 14 सितंबर, 2024 तक उनका बीमा था। दो दिसंबर 2023 को सीने में दर्द होने पर वे निजी हॉस्पिटल में भर्ती हुए। जहां, उनका ऑपरेशन किया गया। इसका 3 लाख 21 हजार 450 रुपए खर्च आया। बीमा कंपनी ने यह क्लेम देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कंपनी के खिलाफ कोर्ट में वाद दायर किया। कोर्ट ने पिछले साल 23 सितंबर को बीमा कंपनी को क्लेम राशि देने का आदेश दिया। इसके बाद भी कंपनी ने सिर्फ 2 लाख 49 हजार 50 रुपए का ही भुगतान किया। बकाया 72 हजार 400 रुपए नहीं चुकाए।

### सात दिवसीय प्रतियोगिता में 44 टीमों ने भाग लिया, एपेक्स सोलर बनी विजेता

**उदयपुर (पुकार)।** अखिल भारतीय मेनारिया समाज की सात दिवसीय (पांचवीं) क्रिकेट प्रतियोगिता-2025 का समापन महाराणा भूपाल स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता मेनारिया समाज ग्रामसभा पानेरियों की मादड़ी की ओर से आयोजित हुई। समाज प्रवक्ता कैलाश मेनारिया ने बताया कि प्रतियोगिता 25 दिसंबर से शुरू हुई थी, जिसमें समाज की 44 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला एपेक्स सोलर पानेरियों की मादड़ी और बालाजी क्रिकेट क्लब घोसुंडी के बीच खेला गया, जिसमें एपेक्स सोलर विजेता और बालाजी क्लब उपविजेता रही। विजेता टीम को 21 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी तथा उपविजेता को 11 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में सुरेश मेनारिया को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व गेंदबाज, तरुण मेनारिया को सर्वश्रेष्ठ फील्डर और कुनाल सोमवत को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि चितौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, जिला महामंत्री पारस सिंघवी, पंकज बोराणा, देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली, बंशीलाल मेनारिया, अंबालाल मेनारिया, डॉ. हेमंत जोशी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष मांगीलाल जोशी, देवीलाल, रामेश्वर टीकावत, गणेश मेनारिया, के.के. शर्मा, महेश पुरी गोस्वामी साथ ही समाज के पदाधिकारी, खेल प्रेमी एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।





लखवीरसिंह लक्खा के भजनों पर तड़के तक झूमे श्रद्धालु

# समूची सृष्टि की परिक्रमा का पुण्य केवल भगवान एकलिंगनाथ की परिक्रमा से मिल जाता है : जगद्गुरु वसंत विजयानन्द गिरी

#### आस्था के सैलाब ने झूमकर किया किया नूतन वर्ष का मंगल स्वागत

#### जगद्गुरु वसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज से हजारों श्रद्धालुओं ने ली गुरू दीक्षा





**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर के इतिहास में पहलीबार एक साथ हजारों की तादाद में एकत्रित श्रद्धालुओं ने सनातनी संस्कारों, धर्म की गहन आस्था के साथ नए वर्ष का स्वागत धूमधाम से किया। यह दृश्य मीरा नगर के विशाल प्रांगण में कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु पूज्यपाद श्री वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज के पावन सानिध्य में चल रहे श्री महालक्ष्मी कोटि कुंकुमार्चन यज्ञ पूजा साधना महामहोत्सव में 31 दिसंबर की रात्रि देखने को मिला।

महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष नानालाल बया, महामंत्री देवेन्द्र मेहता ने बताया कि दैनिक साधना और महालक्ष्मी यज्ञ के पश्चात जगद्गुरु श्री वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज के श्रीमुख से कही जा रही एकलिंगजी शिव पुराण कथा में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। गुरुदेव ने कथा के आरंभ में मृदंडी ऋषी पुत्र के जीवन के अंतिम सोलहवें वर्ष का वृतांत विस्तारपूर्वक सुनाया। विभिन्न पौराणिक पात्रों के जीवन चरित्र और भूमिका का विस्तार से वर्णन किया। गुरुदेव ने बताया सात समंदर सहित सृष्टि की परिक्रमा के बराबर पूण्य केवल भगवान एकलिंगनाथ जी की परिक्रमा से मिल जाता है। पुराणों में उल्लेखित समस्त देवी देवताओं की उपस्थिति भगवान एकलिंगनाथ जी के इर्दगिर्द रहती है। क्योंकि देवताओं को पाषाण स्वरूप में भगवान एकलिंगनाथ जी के चारों ओर विद्यमान हैं। यही कारण है कि वर्तमान राजस्थान में विभिन्न स्थानों पर विश्व ज्योति भगवान एकलिंगजी के साथ समस्त देवी देवताओं के मंदिर स्थित हैं। जगद्गुरु पूज्यपाद श्री वसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज ने पांडाल में उपस्थित जनसमुदाय को शिव कृपा डोरा 27 बार पवित्र मंत्रोच्चार कर तैयार करवाया। यह सर्वसिद्धि और सभी प्रकार के कष्टों का निवारक है। इसके साथ ही हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रोच्चार के साथ गुरुदेव ने गुरू दीक्षा दी। इस अवसर पर पांडाल मां पद्मावती और जगदगुदेव के जयकारों से गूंज उठा।

**लक्खा के भजनों पर खूब थिरके भक्त :** जगद्गुरु पूज्यपाद श्री वसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज से आशीर्वाद लेकर प्रसिद्ध भजन गायक लखबीरसिंह लक्खा द्वारा इस धर्म ममहोत्सव में सुमधुर स्वर लहरियां गुंजाई गई। उनके हर भजन पर श्रद्धालु खुद को थिरकने से रोक न सके। लखवीरसिंह ने प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी भजन से सिलसिला आरंभ किया जो रात के तीसरे प्रहर तक चलता रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने भजनों का जमकर आनंद लिया। लखवीरसिंह लक्खा ने लाल लाल चुनरी, मैया का चोला, कीजो केसरी के लाल और खाटू श्याम की आराधना के भजन सहित एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियों से समा बांध दिया।

# धूमधाम से मनाया तीन दिवसीय 'यौमे अली'





**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर में दाऊदी बोहरा समुदाय (बोहरा यूथ) द्वारा पैग़म्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद मुस्तफ़ा (स.अ.) के दामाद हज़रत अली (अ.स.) की विलादत के पावन अवसर पर तीन दिवसीय यौमे अली श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। यौमे अली के इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विशेषकर, 30 और 31 दिसंबर को बोहरा यूथ पब्लिक स्कूल, बोहरवाड़ी में केलीग्राफी, क्राफ्ट केलीग्राफी और मौला अली का मानवता के प्रति योगदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

यौमे अली की पूर्व रात्रि में महफ़िल-ए-मिलाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुरआन की तिलावत, मद्ह, क़सीदे और मनक़बत का प्रस्तुतिकरण हुआ। इस दौरान, मुदस्सर ज़रीवाला ने हज़रत अली (अ.स.) की जीवनी और उनके मानवता के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर दाऊदी बोहरा समुदाय के समाजजन तीन दिन तक रोज़ा रखते हुए परंपरानुसार सामूहिक नियाज़ का आयोजन किया। साथ ही, वजीहपुरा मस्जिद, रसूलपुरा मस्जिद और दाऊदी बोहरा जमाअत के मुख्यालय को रोशनी से सजाया गया, जो एक शानदार दृश्य प्रस्तुत कर रहा था।

**विजेताओं को पुरस्कार वितरण :** केलीग्राफी, क्राफ्ट केलीग्राफी और भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को दाऊदी बोहरा जमाअत के सचिव फ़िरोज़ टीनवाला और अध्यक्ष इक़बाल हुसैन रस्सावाला की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किए गए।

केलीग्राफी प्रतियोगिता में रिहान अब्बास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सलिहा लोहा वाला और फ़ाज़िला मंडी ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्राफ्ट केलीग्राफी में सकीना रंगवाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नौशीन व फौज़िया द्वितीय और महज़बीन आलम व अयान तृतीय रहे।

भाषण प्रतियोगिता में अलफिया आलमशाह ने मौला अली का मानवता के प्रति योगदान विषय पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अस्फा बेगवाला और हकीमुद्दीन लुकमानी ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में बोहरा यूथ संस्थान, स्टूडेंट वेलफेयर सोसायटी और बोहरा यूथ पब्लिक स्कूल के सभी स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा।

### सवीना वर्मा कॉलोनी में 5 वर्षीय मासूम पर आवारा कुत्तों का हमला, इलाके में दहशत

**उदयपुर (पुकार)।** सवीना वर्मा कॉलोनी में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां मात्र 5 वर्ष के मासूम जेद पर आवारा कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चे को बुरी तरह नोच लिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बच्चे की दर्दनाक चीख-पुकार सुनकर मोहम्मद जकी सहित आसपास के मोहल्ले वासी तुरंत मौके पर पहुंचे और बहादुरी दिखाते हुए कुत्तों को भगाकर मासूम की जान बचाई। इसके बाद घायल बच्चे को तत्काल महाराणा भोपाल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना को लेकर पूर्व पार्षद फिरोज अहमद शेख और राशिद खान ने नगर निगम व प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यह घटना प्रशासन की घोर लापरवाही को उजागर करती है। सवीना वर्मा कॉलोनी ही नहीं, बल्कि उदयपुर शहर के कई मोहल्लों में लंबे समय से आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है, लेकिन बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते मोहल्ले वासी मौके पर नहीं पहुंचते तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। प्रशासन से मांग की गई है कि आवारा कुत्तों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए।

## जमीन से सोना निकालने का झांसा देकर 60 लाख ठगने वाला तांत्रिक गिरफ्तार

#### आरोपी ने ठगी किए पैसों से बनाया मकान, पुलिस ने करवाया कुर्क



**उदयपुर (पुकार)।** जमीन में गड़ा सोना निकालने और नोटों की बारिश कराने के नाम पर एक व्यक्ति से 60 लाख रुपए ठग लिए गए। बाद में इसी रकम से उसने डबोक क्षेत्र में मकान बना लिया। आरोपी पिछले पांच माह से फरार, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अब उसी रकम से बने मकान को पुलिस ने कुर्क कर दिया है। कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की गई।

थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला ने बताया कि भीलवाड़ा निवासी सत्यनारायण सुथार ने पिछले साल 18 जुलाई को रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि जनवरी 2024 में वह दोस्त राहुल सालवी के साथ उदयपुर घूमने आए थे। बलीचा हाईवे पर इंद्रदास वैष्णव से मिला। उसने बताया कि वह जमीन में गड़ा सोना ढूंढ लेता है। फिर उनकी जमीन से सोना निकालने का झांसा दिया। इसके बदले 2.50 लाख रुपए मांगे। उनके गांव जाने के बाद इंद्रदास ने फोन कर कहा कि उनके कारखाने और घर के नीचे सोना गड़ा है। इस पर वे दोनों वापस उदयपुर आए और इंद्रदास को 5 लाख रुपए दिए। उसने दोनों को घर भेज दिया। रात 12 बजे उसने कमरे में 50 सिगरेट जलाकर, 20 इत्र की शीशियां खोलकर और दीपक जलाकर रखने को कहा। उसने बताया कि वह उदयपुर से पूजा कर रहा है। कई दिन होने पर उन्होंने पूजा कब तक करने के लिए पूछा, तो उसने 5 दिन और बताए। इसके बाद कमरे में नोटों की बारिश होने का विश्वास दिलाया। 5 दिन पूरे होने पर उसने 51 दिन और पूजा करने के लिए कहा और इसके बदले 7 लाख रुपए मांगे। उन्होंने 7 लाख उधार लेकर उसे दिए। उसने पिछले साल जनवरी से दिसंबर तक पूजा करवाई। इसके बाद 6 माह तक और पूजा करने को कहा। इसके बाद उसे 12.90 लाख और दिए। गत मार्च में इंद्रदास ने पूजा में असफल होना बताकर नई पूजा कराने के लिए कहा। फिर 9 लाख और मांगे, जो उन्होंने दिए।

इस तरह बदमाश ने झांसा देकर उनसे 60 लाख हड़प लिए। 10 हजार पैकेट सिगरेट के जलवा दिए, 10 हजार इत्र की शीशियां बर्बाद करवा दी और 1 हजार नारियल पूजा के नाम पर फिकवाए। मामले में डबोक के नाहरमगरा निवासी आरोपी इंद्रदास वैष्णव पुत्र गणेशदास वैष्णव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने हड़पे हुए 60 लाख से डबोक के धूणी माता इलाके में मकान बनाया। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने गुरुवार को मकान को कुर्क करने की कार्रवाई की।

## पति ने पत्नी की पीट-पीटकर की हत्या, 9 बच्चों के सिर से उठा मां का साया

#### गोगुंदा थाना क्षेत्र के उंडीथल गांव की घटना



**गोगुंदा (पुकार)।** थाना क्षेत्र के उंडीथल गांव में गुरुवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां मामूली विवाद के बाद पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी। इस जघन्य वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

थाना अधिकारी श्याम सिंह चारण ने बताया कि आरोपी शैतान नाथ कालबेलिया ने अपनी पत्नी सीता कालबेलिया (उम्र 31 वर्ष), निवासी उंडीथल, जो कि 9 बच्चों की मां थी, के साथ मारपीट की। सिर व शरीर पर गंभीर चोट लगने से सीता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पति और उसके परिवार के सदस्य मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही थानाधिकारी पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर गोगुंदा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मामले की जानकारी मिलते ही मृतका के पीहर पक्ष के लोग, जो धोली घाटी गोगुंदा के निवासी बताए जा रहे हैं, मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोपी पति के साथ उसके परिवार पर भी हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया। मृतका की मां ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी ने अपनी एक बेटी को धोली घाटी भेजकर यह संदेश दिया कि उसकी मां की हत्या हो गई है। बेटी द्वारा सूचना मिलने पर पीहर पक्ष के लोग तुरंत उंडीथल पहुंचे, जहां उन्होंने सीता का शव पड़ा पाया, जबकि आरोपी पति और उसके परिवार के सभी सदस्य मौके से गायब थे। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी शैतान नाथ कालबेलिया उंडीथल गांव में अपने पूरे परिवार के साथ डेरा डालकर रह रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### राजपूत महासभा संस्थान ने पदक विजेता कृष्णा कंवर का किया सम्मान



**उदयपुर (पुकार)।** राजपूत महासभा संस्थान, उदयपुर द्वारा राष्ट्रीय आइस स्केटिंग प्रतियोगिता में दो पदक जीतकर इतिहास रचने वाली कृष्णा कंवर गहलोत का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित गणमान्यजनों ने कृष्णा कंवर की उपलब्धि को पूरे राजस्थान के लिए गर्व का विषय बताया। समारोह में महासभा के महासचिव प्रदीप सिंह भाटी ने कृष्णा कंवर को 11,000 रू. की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं, संस्थान के अध्यक्ष संत सिंह भाटी ने उन्हें 51 किलो की विशाल माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजसेवी मंजीत सिंह ने कृष्णा कंवर की शादी को सामूहिक सम्मेलन में संपन्न कराने पर विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान कृष्णा कंवर ने कहा, मुझे राजपूत महासभा संस्थान पर गर्व है, जो समाज की बेटियों को आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करता है।

समारोह में वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयसिंह पंवार, उपाध्यक्ष शेरसिंह राठौड़, प्रचार-प्रसार सचिव भगवत सिंह कृष्णावत, सह-कोषाध्यक्ष दलपत सिंह चौहान, उप संगठन सचिव प्रभात सिंह राठौड़, उप प्रचार-प्रसार सचिव नरेंद्र सिंह सोलंकी, संगठन सचिव लोकराज सिंह चौहान, महिला समिति अध्यक्ष रेखा चुण्डावत, महिला बाल विकास समिति की मनीषा राठौड़, सह संयोजक राजेंद्र सिंह भाटी सहित भंवर सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह राठौड़, गणपत सिंह पंवार, संतोष सिंह चौहान, अजय सिंह भाटी, मनोरहर सिंह झाला, सुरेंद्र सिंह खींची एवं कैलाश सिंह राठौड़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र सिंह भाटी ने किया।

### सरकारी भूमि पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण, कलेक्टर से सख्त कार्रवाई की मांग



**उदयपुर (पुकार)।** ग्राम पंचायत सारंगपुर (भींडर) के बोरतलाई और डोरकुआ क्षेत्र में सरकारी भूमि पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण का गंभीर मामला सामने आया है। पंचायत समिति भींडर के पूर्व प्रधान, हरिसिंह सोहनगरा, ने इस मामले को लेकर जिला कलेक्टर उदयपुर को एक लिखित परिवाद सौंपा और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। परिवाद में बताया गया है कि बोरतलाई मोड़ से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सारंगपुर (बोरतलाई) तक की भूमि, साथ ही आसपास की विलानाम और चरनोई की सरकारी भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। पूर्व प्रधान ने आरोप लगाया कि यह अतिक्रमण सुनियोजित तरीके से किया गया है, जिससे सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर संकट उत्पन्न हो गया है।

जब ग्रामीणों ने इस अवैध कब्जे का विरोध किया तो उन्हें धमकाने की घटनाएं भी सामने आईं, जिससे गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए लगभग 200 बीघा से अधिक सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई है। परिवाद के साथ संबंधित दस्तावेजों की प्रतिलिपि भी संलग्न की गई है। पूर्व प्रधान हरिसिंह सोहनगरा ने जिला कलेक्टर से अनुरोध किया है कि अतिक्रमणकर्ताओं के साथ-साथ उन्हें संरक्षण देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाए और सरकारी भूमि को शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। इस परिवाद पर बड़ी संख्या में ग्रामवासियों के हस्ताक्षर दर्ज हैं, जो इस मुद्दे पर ग्रामीणों में व्याप्त भारी रोष को स्पष्ट करते हैं।

**ग्रामवासियों ने किया समर्थन**

इस अवसर पर राजकुमार रावत, किशन रावत, भगवत सिंह रावत, विजेंद्र सिंह रावत, मदन सिंह रावत, राम सिंह रावत, केसर सिंह रावत, हेमंत सिंह रावत, नारायण सिंह रावत, लोकेश रावत, गोविंद सिंह, शेर सिंह, चंद्र सिंह, चुन्नीलाल, तुलसीराम लोगर सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# जयपुर और उदयपुर में शराब तस्करी और अवैध शराब पर कार्रवाई





**उदयपुर (पुकार)।** प्रदेश में अवैध शराब की तस्करी और कारोबार को रोकने के लिए आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार विशेष निरोधात्मक अभियान जारी है। इस अभियान के तहत जयपुर और उदयपुर में बड़ी कार्रवाई की गई है, जिसमें नकली होलोग्राम वाली शराब और बिना लाइसेंस के हो रही शराब पार्टी पर कड़ी कार्रवाई की गई। जयपुर में बुधवार रात आबकारी विभाग की टीम ने अहिंसा सर्कल स्थित फॉचून हाईट्स के रिट्रीट रेस्टोरेंट बार में दबिश दी। यहां से हरियाणा निर्मित नकली होलोग्राम लेबल वाली 10 पेटी शराब और नकली होलोग्राम वाली शराब की बोतलें बरामद की गईं। इस कार्रवाई में 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ अग्रिम जांच की जा रही है।

इस अभियान का नेतृत्व करते हुए आबकारी आयुक्त के निर्देशों के तहत अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन और अतिरिक्त आबकारी आयुक्त नीति प्रदीप सिंह सांगावत की निगरानी में यह कार्रवाई की गई। मौके पर उपायुक्त ज्ञानप्रकाश मीणा और सहायक आबकारी अधिकारी शिवकुमार चौधरी भी मौजूद थे।

**बिना लाइसेंस शराब पार्टी पर कार्रवाई :** उदयपुर में भी अवैध शराब पर कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी आदराम दहिया और उपायुक्त ईपीएफ प्रद्युम्न सिंह चुण्डावत के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक शंभू सिंह राठौड़ ने पिछोला झील के किनारे स्थित ÷शालोम बैकपकर्स कैफे÷ के रूफटॉप पर दबिश दी। यहां अवैध शराब की पार्टी चल रही थी। 9 कार्टन बीयर और शराब की बोतलें बरामद की गईं और कैफे के संचालक आकाष चौधरी को गिरफ्तार किया गया। आबकारी अधिकारी आदराम दहिया ने बताया कि बिना लाइसेंस के शराब पार्टी पर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि शराब की पार्टी आयोजित करते समय आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करें और कानून का पालन करें। इस अभियान के तहत अब तक कई अवैध शराब के मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है और प्रदेश भर में निरोधात्मक कार्रवाई जारी है।

## उदयपुर जिले में पंचायतों के वार्ड पुनर्गठन का ड्राफ्ट जारी

### 5 जनवरी तक आमजन से आपत्तियां आमंत्रित

**उदयपुर (पुकार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार उदयपुर जिले में पंचायती राज संस्थाओं के वार्डों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नवसृजन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शासन सचिव एवं आयुक्त, पंचायती राज विभाग, जयपुर के पत्र के क्रम में जिले की समस्त ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों एवं जिला परिषद के वार्डों का ड्राफ्ट प्रकाशन 30 दिसंबर 2025 को कर दिया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि ड्राफ्ट के अनुसार जिला परिषद सदस्य हेतु कुल 47 वार्ड प्रस्तावित हैं। इसी प्रकार जिले की 20 पंचायत समितियों में पंचायत समिति सदस्य हेतु 318 वार्ड तथा जिले की 590 ग्राम पंचायतों में वार्डपंच हेतु4847 वार्ड प्रस्तावित हैं। ड्राफ्ट प्रकाशन के साथ ही आमजन एवं संबंधित पक्षों से दिनांक 5 जनवरी 2026 तक आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।ग्राम पंचायत वार्डों से संबंधित आपत्तियां संबंधित उपखण्ड अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती हैं, जबकि पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य वार्डों से जुड़ी आपत्तियां जिला कलेक्टर कार्यालय, उदयपुर के भू-अभिलेख अनुभाग (कमरा नंबर-251) में जमा कराई जा सकती हैं। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा में ड्राफ्ट का अवलोकन कर आवश्यक आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत करें, ताकि वार्ड पुनर्गठन की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं संतुलित तरीके से अंतिम रूप दिया जा सके।

## जैन डिवोशनल नाईट का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन



**सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं भजनों पर झूमें**

**उदयपुर (पुकार)।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्वावधान में शोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित आदिनाथ जिनालय पर आयोजित जैन डिवोशनल नाईट अत्यंत भव्य एवं सफल रही। इस आध्यात्मिक संध्या में लगभग 500 से अधिक श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। सुप्रसिद्ध गायक भाव्य शाह द्वारा प्रस्तुत भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे और पूरा वातावरण भक्ति एवं आनंद से भर उठा। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि इस पावन अवसर पर पन्यास प्रवर निराग रत्न विजय महाराज आदि ठाणा का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त हुआ, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। नाहर ने बताया कि सभी उपस्थित समाजजनों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में लगभग 500 श्रद्धालु उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक लकी ड्रॉ उपहार भी रखे गए, जिसने सभी में विशेष उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए समाजजनों ने भविष्य में भी ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों की कामना व्यक्त की।

## संविदा नर्सेज और पैरामेडिकल कार्मिकों का खून से मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर विरोध प्रदर्शन



**उदयपुर (पुकार)।** आरएनटी मेडिकल कॉलेज और एमबीजीएच अस्पताल के परिसर में गुरुवार को संविदा नर्सेज और पैरामेडिकल कार्मिकों ने परमानेंट नर्सिंग ऑफिसर और अन्य पदों के लिए मेरिट बोनस अंक 10, 20, 30 आधारित भर्ती विज्ञापन जारी करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान, इन कर्मचारियों ने 1000 से अधिक खून से लिखे गए पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री के नाम डाक के माध्यम से भेजकर विरोध जताया। संगठनों के अनुसार, इस प्रदर्शन में यूटीबी-संविदा-निविदा नर्सेज, आरएमआरएस और 108 एम्बुलेंस नर्सेज, एएनएम, पैरामेडिकल, फार्मासिस्ट और अन्य अस्थायी कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्र डामोर ने बताया कि आज राजस्थान के सभी 41 जिलों में खून से लिखे गए पोस्टकार्ड भेजे जा रहे हैं।

नर्सेज और पैरामेडिकल कार्मिकों ने सरकार से मांग की है कि 1995 के नियम में संशोधन कर, मेरिट बोनस अंक के आधार पर भर्ती विज्ञापन जारी किया जाए, जिससे नर्सेज के 12000 और पैरामेडिकल के 7000 पदों पर स्थायी भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो सके। डामोर ने कहा, राज्य के अधिकांश अस्पताल नर्सेज की भारी कमी से जूझ रहे हैं, जिससे मरीजों की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। वहीं, हजारों बेरोजगार नर्सेज और पैरामेडिकल युवा कार्य की तलाश में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संविदा, निविदा और अस्थायी आधार पर कार्यरत नर्सेज और पैरामेडिकल कर्मचारी कई वर्षों से कम वेतन पर काम कर रहे हैं, और उनके अनुभव को देखते हुए उनका स्थायीकरण अब अनिवार्य हो गया है। डामोर ने कहा-हम चाहते हैं कि चिकित्सा विभाग में कार्यरत ये कर्मचारी राजस्थान चिकित्सा नियम 1965 के तहत अनुभव/मेरिट बोनस अंक के आधार पर स्थायी कर्मचारी बनें। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार स्थायी भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत नहीं करती। डामोर ने चेतावनी दी कि अगर जल्दी भर्ती विज्ञापन जारी नहीं किया गया, तो जयपुर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। इस दौरान उपाध्यक्ष अजय खराड़ी, महासचिव अमन सक्सैना, कोषाध्यक्ष दिव्यांशु सालवी और अन्य संघर्षशील साथी मौजूद थे।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज उदयपुर में

**उदयपुर (पुकार)।** रक्षामंत्री राजनाथसिंह शुक्रवार को



उदयपुर जिले के प्रवास पररहेंगे। जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि रक्षामंत्री सिंह शुक्रवार सुबह 11.20 बजे स्पेशल एयरक्राफ्ट से महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग द्वारा भूपाल नोबल्स युनिवर्सिटी पहुंच कर 104वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगे। रक्षा मंत्री दोपहर 2.10 बजे समोरबाग तथा इसके बाद 2.30 बजे सिटी पैलेस जाएंगे। श्री सिंह 2.45 बजे सिटी पैलेस से प्रस्थान कर 3.15 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा वहां से स्पेशल एयरक्राफ्ट द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।


**कार्यालय उप वन संरक्षक, उदयपुर (उत्तर)**

राजकीय मुद्रणालय के पास, गुलाब बाग रोड़, उदयपुर - 313001

Email: dcf.udprn.forest@rajasthan.gov.in Tel. no. & Fax no. 0294-2421962

क्रमांकः- एफ ( ) स्टोर / लेखा / 2025-26 / 13871 दिनांक 29.12.2025

**खुली निविदा सूचना संख्या 93 / 2025-26**

मण्डल अधीन रेंज मावली का कार्यस्थल Construction of view point at Dhuni mata Temple Dabok Distt. Udaipur (AS PER G-SCHEDULE ) निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में राशि 3.59 लाख द्वारा दिनांक 06.01.2026 तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसका विस्तृत विवरण वेब-साईट sppp.rajasthan.gov.in से व इस कार्यालय में देखा जा सकता है।

NIB No.: FOR2526A3116
UBN No.: FOR2526WSOB04216
DIPR/C/1/2026

(अजय चित्तौड़ा)
उप वन संरक्षक
उदयपुर (उत्तर)


# कार्यालय पर ताला लगा होने से पहले दिन नामांकन नहीं भरा जा सका, प्रत्याशी सहित समाजजनों में रोष



**उदयपुर (पुकार)।** आगामी 11 जनवरी को होने जा रहे ओसवाल सभा के द्विवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया के तहत नामांकन गुरूवार 1 जनवरी को ओसवाल भवन में प्रातः साढ़े दस बजे से दोपहर 3 बजे तक भरे जाने थे लेकिन सभा का कार्यालय निर्धारित समय के दौरान बंद रहने से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संजय भण्डारी पहले दिन अपना नामांकन नहीं भर सकें। इससे वहां प्रत्याशी सहित उनके समर्थकों में रोष व्याप्त हो गया। नामाकंन भरे जाने का शुक्रवार को अंतिम दिन है। निर्धारित समय के दौरान न तो कार्यकारिणी की ओर से अधिकृत चुनाव अधिकारी बी.आर.भाटी और न ही उनकी ओर से कोई प्रतिनिधि और न सभा की कार्यकारिणी का कोई सदस्य वहां मौजूद था। जिनको नामांकन फार्म दिए जा सकें।

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संजय भण्डारी ने बताया कि गुरुवार सुबह जब वो नामांकन दाखिल करने के लिए आए तो उनका नामांकन लेने वाला वहां कोई मौजूद नहीं था। जिससे की सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया ही दोषपूर्ण हो गई हैं। इसके साथ ही मंत्री आनंदीलाल बम्बोरिया से बात कर उनसे भी मतदाता सूची की विसंगतियों को दूर कर चुनाव करवानें का अनुरोध किया, उनके समक्ष मांगे रखी गयी। जिसमें वोटर लिस्ट की सभी आपत्तियों के निस्तारण के लिए 5 स्वतंत्र समाजजनों की कमेटी बनाई जाए, वो सभी 5000 नए सदस्यों की सदस्यता की जांच करें और संविधान सम्मत होने पर ही सहायता अनुमोदित की जाएं, जिस तरह की आपत्तियां आयी हैं उसी पूरी मतदाता सूची की सम्पूर्ण जांच करके नयी मतदाता सूची जारी की जाएं, उपरोक्त प्रकार से मतदाता सूची तैयार करने के बाद वो सभी प्रत्याशियों को मतदाताओं के पूर्ण पते और मोबाइल नम्बर के साथ उपलब्ध करायी जाएं, ओसवाल सभा के चुनाव नियम के तहत विनियमों के अनुसार कराएं जाएं, जो सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं वो चुनाव संयोजक नहीं हो सकते आदि मांगे शामिल थी।

इसी तरह कार्यपरिषद के सदस्य प्रत्याशी का नामांकन करने आए समाज के एक वरिष्ठ सदस्य हिम्मत सिंह मेहता भी कार्यालय बंद होने के कारण बिना नामांकन जमा कराए वापस लौट गए। इस सम्बंध में उन्होंने एक पत्र भी अध्यक्ष प्रकाश कोठारी को प्रेषित किया, जिसमें अपडेटेड मतदाता सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जो कि उन्हें उपलब्ध नहीं करायी जा रही हैं। गुरुवार को ओसवाल भवन में नामांकन दाखिल करने के समय नानालाल वया, मनीष गलुण्डिया, निर्मल पोखरना, महेश बया, अनिल मेहता, रोड़ी लाल जारोली, कमलेश वया, प्रवीण जारोली, संजय मेहता, प्रवीण गदिया, अशोक दशरड़ा, रवि देरासरिया, राज कुमारी गन्ना, भावना नागौरी इत्यादि बड़ी संख्या में प्रत्याशी और समाज जन उपस्थित थे। हिम्मत मेहता ने पत्र में अध्यक्ष को कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव आयोजित करना आपकी प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन ऐसा लगता है कि आप अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं। सदस्यों की अद्यतन सूची प्रदान करना, जिसमें पते और टेलीफोन नंबर शामिल हैं, आपकी जिम्मेदारी है, लेकिन आप इसमें विफल रहे हैं।

मेहता ने कहा कि अध्यक्ष पास आवश्यक विवरण हैं, लेकिन वे सूची प्रदान नहीं कर रहे हैं। यह समझना मुश्किल है कि यह सूची व्यक्तिगत कैसे हो सकती है, जब यह सूची अध्यक्ष के कार्यालय द्वारा विभिन्न स्थानीय क्षेत्रों में शिविर आयोजित करके अद्यतन की गई थी। उन्होंने अध्यक्ष से अनुरोध किया कि वे सदस्यों को अद्यतन सूची प्रदान करें और ओसवाल सभा के अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करें।

## कांग्रेस परिवार द्वारा नववर्ष पर सांवलिया जी का दर्शन एवं भ्रमण



**उदयपुर (पुकार)।** नववर्ष के पहले दिन, कांग्रेस परिवार के एक समूह ने सूर्य की किरणों के साथ श्री सांवलिया सेठ के दर्शन कर देश में सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी को आगामी समय में और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। प्रातः 8 बजे, उदयपुर नगर निगम के प्रांगण से 51 सदस्यीय दल बस द्वारा श्री सांवलिया सेठ के मंदिर के लिए रवाना हुआ।

इस दल में शामिल थे, कांग्रेस के निर्वतमान पार्षद मदन सिंह बाबरवाल, रविन्द्र पाल कप्पु, संजय मंडवानी, विनोद जैन, चंदा सुहालका, नेता कुमावत, आई-टी सेल अध्यक्ष संतोष प्रजापत, मंडल अध्यक्ष राकेश जी जोशी और महेश धन्नावत, पूर्व ओबीसी जिलाध्यक्ष राजेश दया, और अन्य कार्यकर्ता जैसे सीमा पंचोली, महिमा चुग, गणेश शर्मा, मदन सालवी, सुरेश ओडिच्य, दुर्गा सालवी, सुरेश साहू, गोपाल सरपोटा, लक्ष्मण गौरन, संगीता आरोड़ा, बंशी लाल प्रजापत, आनंद सुराना, रवि टांक, गोविंद सक्सेना, मीना चटवानी आदि। सभी कार्यकर्ताओं ने श्री सांवलिया सेठ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और नववर्ष में पार्टी की सफलता के लिए आस्थावान संकल्प लिया।


**SRG HOUSING FINANCE LIMITED**

**एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
CIN: L65922RJ1999PLC015440
321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 ( राजस्थान )
दूरभाष : 0294-2412609, ईमेल: info@srghousing.com, वेबसाइट: www.srghousing.com

**मांग पत्र अंतर्गत धारा 13(2) सरफेसी एक्ट 2002**

अधोहस्ताक्षरी, जो एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्राधिक्रत अधिकारी है, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13( 12 ) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत निम्न ऋणी/सहऋणियों/बन्धककर्ता/जमानतियों को एक मांग पत्र उसमे उल्लेखित रकम जो नीचे दर्शायी गई है, उक्त मांग पत्र की तारीख से 60 दिवस के भीतर प्रतिदाय करने की ''मांग करने'' के लिए जारी किया था। अधोहस्ताक्षरी को इस बात का विश्वास है कि ऋणी/ सहऋणियों/ बन्धककर्ता/ जमानतियों द्वारा मांग पत्र की तामिल से बचा जा रहा है, इस कारण उक्त मांग पत्र की तामिल को प्रभावी करने हेतु उक्त मांग पत्र के घटकों को अखबार में प्रकाशित किया जा रहा है। ऋणी/सहऋणियों/बन्धककर्ता/जमानतियों को यह सूचना दी जाती है कि वे इस प्रकाशन से 60 दिवस के भीतर उक्तमांग पत्र में चाही गई दिनांक तक की राशि व अदायगी तक ब्याज, पेनल ब्याज, आदि अतिरिक्त कंपनी को अदा कर रसीद प्राप्त कर लेंवे। उक्त रकम की जानकारी आप कंपनी के अधिकारी से प्राप्त करके ऑनलाइन माध्यम से भी जमा करा सकते है। ऑनलाइन जमा करने के लिए आप कंपनी की वेबसाइट WWW.SRGHOUSING.COM पर जाकर अपने डेबिट/क्रेडिट/NEFT/RTGS/UPI के माध्यम से करा सकते है और सम्बंधित अधिकारी को इसकी जानकारी प्रदान करे। उक्त रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर ऋणी, सहऋणियों, बन्धककर्ता व उनके जमानतदारों को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बंधक रखी गयी सम्पति का कब्जा ले लिया जाएगा एवं अपने प्रतिभूति हित के प्रवर्तन हेतु उक्त अधिनियम की धारा 14 में वर्णित अधिकारों व अधिनियम के अन्य प्रावधानों का प्रयोग कर सकेगा। आपको अधिनियम की धारा 13( 13 ) के तहत भी सूचित और आगाह किया जाता है की नीचे वर्णित बंधक संपत्ति को प्रेषक कंपनी से लिखित सहमती प्राप्त किये बगैर किसी अन्य को किसी भी रूप से अंतरित/हस्तांतरीत न करें। अधोहस्ताक्षरी उक्त बंधक रखी गयी सम्पति के उन्मोचन हेतु उपलब्ध समय के सम्बन्ध में उक्त एक्ट की धारा 13( 8 ) की ओर ऋणी, सहऋणियों, बन्धककर्ता एवं जमानतियों का ध्यान आकृष्ट करता है।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या/ ऋणी/ सहऋणी/ जमानती | 1 ) मांग पत्र की दिनांक<br>2 ) मांग राशि मांग पत्र अनुसार | स्थावर संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | HLR00000000009732<br>श्री मांगी लाल पुत्र श्री किशना भोई ( ऋणी )<br>श्री रतन लाल पुत्र श्री मांगी लाल ( सह-ऋणी-1 )<br>श्रीमति नारायणी बाई पत्नी श्री मांगू भोई ( सह-ऋणी-2 )<br>श्रीमति लाली पत्नी श्री रतन ( सह-ऋणी-3 )<br>श्री भेरू लाल भोई पुत्र श्री मोहन लाल भोई ( जमानती ) | 1 ) मांग पत्र की दिनांक- 09 अक्टूबर, 2025<br>2 ) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 1,72,850 /- अक्षरे रूपये एक लाख बहतर हजार आठ सौ पचास मात्र दिनांक 07, अक्टूबर, 2025 तक एवं दिनांक 08 अक्टूबर, 2025 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्री मांगी लाल पुत्र श्री किशना भोई, श्रीमति नारायणी बाई पत्नी श्री मांगू भोई की संपत्ति जो कि पट्टा नं.-292, बुक नं.-2124, ग्राम- भोइखेरा, तहसील-चित्तौड़गढ़, जिला-चित्तौड़गढ़ ( राज. ) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 955.62 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व- रास्ता, पश्चिम- रास्ता, उत्तर-श्री छगनलाल जी का मकान, दक्षिण-श्री नानालाल जी का मकान |
| 2 | HLR00000000014235<br>श्री धर्मचंद पुत्र श्री देवी लाल भील ( ऋणी )<br>श्रीमति खामानी भील पत्नी श्री देवा भील ( सह-ऋणी )<br>श्री मनोहर लाल भील पुत्र श्री पेमा लाल ( जमानती ) | 1 ) मांग पत्र की दिनांक- 09 अक्टूबर, 2025<br>2 ) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 3,27,050/- अक्षरे रूपये तीन लाख सताइस हजार पचास मात्र दिनांक 07, अक्टूबर, 2025 तक एवं दिनांक 08 अक्टूबर, 2025 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्रीमति खामानी भील पत्नी श्री देवा भील की संपत्ति जो कि पट्टा नं.-009, मिसल नं.-59, आराजी नं.-1437, ग्राम- केलवा, तहसील-राजसमन्द, जिला-राजसमन्द ( राज. ) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 520.87 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व- मांगीलाल जी गोकल जी का मकान, पश्चिम- मन्ना लाल जी का मकान, उत्तर-राम लाल का मकान पुत्र प्रताप जी साल्वी, दक्षिण-रघुनाथ, धुकल दरोगा |
| 3 | HLR00000000019379<br>श्री महेंद्र सिंह राठोड पुत्र श्री गोपाल सिंह राठोड ( ऋणी )<br>श्रीमती महताब कुँवर पत्नी श्री गोपाल सिंह ( सह-ऋणी )<br>श्री कान्ति लाल सुथार पुत्र श्री नारायण सुथार ( जमानती ) | 1 ) मांग पत्र की दिनांक- 09 अक्टूबर, 2025<br>2 ) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 3,03,810/- अक्षरे रूपये तीन लाख तीन हजार आठ सौ दस मात्र दिनांक 07, अक्टूबर, 2025 तक एवं दिनांक 08 अक्टूबर, 2025 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्रीमती महताब कुँवर पत्नी श्री गोपाल सिंह संपत्ति जो कि पट्टा नं. -8084, मिसल नं.-2124, संकल्प नं.-02, आराजी नं.-856, ग्राम-कोटडा बड़ा, तहसील-गढ़ी, जिला-बाँसवाड़ा ( राज. ) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 480.00 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-स्वयं का आँगन - रोड, पश्चिम- स्वयं का आँगन-रोड, उत्तर-नटवर/मोतिया दरोगा का मकान, दक्षिण-मेन रोड |
| 4 | HLR00000000015962<br>श्री बलवंत कुमार मीणा पुत्र श्री खेमराज मीणा ( ऋणी )<br>श्रीमति निमिशा पत्नी श्री सुरेन्द्र ( सह-ऋणी-1 )<br>श्रीमति प्रियंका देनदोर पुत्री श्री मोहन लाल देनदोर ( सह-ऋणी-2 )<br>श्री खेमराज कलासुआ पुत्र श्री जगनाथ कलासुआ ( सह-ऋणी-3 )<br>श्री संजय कुमार मीणा पुत्र श्री बसंत लाल मीणा ( जमानती ) | 1 ) मांग पत्र की दिनांक- 13 अक्टूबर, 2025<br>2 ) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 9,80,420/- अक्षरे रूपये नौ लाख अस्सी हजार चार सौ बीस मात्र दिनांक 07, अक्टूबर, 2025 तक एवं दिनांक 08 अक्टूबर, 2025 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्री खेमराज कलासुआ पुत्र श्री जगनाथ कलासुआ की संपत्ति जो कि पट्टा नं. -01, खसरा नं.-490, संकल्प नं.-01, ग्राम- सकानी, तहसील-आसपुर, जिला-डूंगरपुर ( राज. ) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 2009.00 वर्गगज है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व- ऋणी की भूमि, पश्चिम-ऋणी की भूमि, उत्तर- ऋणी की भूमि उसके बाद मेन रोड, दक्षिण-ऋणी की भूमि |
| 5 | HLR00000000014146<br>श्री शांति लाल भाटिया पुत्र श्री शंकर लाल भाटिया ( ऋणी )<br>श्रीमति आशा भाटिया पत्नी श्री शांति लाल भाटिया ( सह-ऋणी-1 )<br>श्री भगवतीलाल भाटिया पुत्र श्री शंकर लाल भाटिया ( सह-ऋणी-2 )<br>श्री भावेश भाटिया पुत्र श्री अशोक भाटिया ( जमानती-1 )<br>श्री मगन लाल पाटीदार पुत्र श्री हुकाजी पाटीदार ( जमानती-2 ) | 1 ) मांग पत्र की दिनांक- 13 सितम्बर, 2025<br>2 ) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 12,65,850/- अक्षरे रूपये बारह लाख पैसठ हजार आठ सौ पचास मात्र दिनांक 08, सितम्बर, 2025 तक एवं दिनांक 09 सितम्बर, 2025 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्री भगवतीलाल भाटिया पुत्र श्री शंकर लाल भाटिया की संपत्ति जो कि प्रॉपर्टी नं.- 1772 ( आराजी नं.-1729 ), संकल्प नं.-12, ग्राम- नयागांव, ग्राम पंचायत- सामलिया, तहसील-सागवाड़ा, जिला- डूंगरपुर ( राज. ) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1219.00 वर्गफीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है:- पूर्व-स्वय की भूमि, पश्चिम-स्वयं का आंगन - मोहल्ला रास्ता, उत्तर-रेवा पत्नी लेट दालजी भाटिया का मकान, दक्षिण-आम रास्ता सी सी रोड |
| 6 | HLR00000000012147<br>श्री अशोक कुमार लोहार पुत्र श्री भंवर लाल लोहार ( ऋणी )<br>श्रीमति शारदा देवी लोहार पत्नी श्री अशोक कुमार लोहार ( सह-ऋणी )<br>श्री राहुल कुमार जटिया पुत्र श्री मांगी लाल जटिया ( जमानती-1 )<br>श्री इश्वरलाल मीणा पुत्र श्री भेरू लाल मीणा ( जमानती-2 ) | 1 ) मांग पत्र की दिनांक- 13 सितम्बर, 2025<br>2 ) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 14,43,910/- अक्षरे रूपये चौदह लाख तेयालीस हजार नौ सौ दस मात्र दिनांक 08, सितम्बर, 2025 तक एवं दिनांक 09 सितम्बर, 2025 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्री अशोक कुमार लोहार पुत्र श्री भंवर लाल लोहार की संपत्ति जो कि आबंटन पत्र नं 10/2007-08,. गाँधी क्रॉस रोड, हनुमान मंदिर- अचलपुरा मार्ग ग्राम- छोटी सादरी, तहसील-छोटी सादड़ी, जिला- प्रतापगढ़ ( राज. ) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1200.00 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है:- पूर्व-अशोक कुमार लोहार का मकान, पश्चिम-मनोज कुमार सोनी का मकान, उत्तर-रास्ता, कॉलोनी, दक्षिण-गली 2 फीट |
| 7 | HLR00000000011035<br>श्रीमति सुशीला लोहार पत्नी श्री गणेश लोहार ( ऋणी )<br>श्रीगणेश लोहार पुत्र श्री पदम जी लोहार ( सह-ऋणी-1 )<br>श्री जीतेन्द्र कुमार लोहार पुत्र श्री गणेश लाल लोहार ( सह-ऋणी-2 )<br>श्री संजय कुमार लोहार पुत्र श्री धुलाराम लोहार ( जमानती-1 )<br>श्री विपिन कुमार लोहार पुत्र श्री धुलाराम लोहार ( जमानती-2 ) | 1 ) मांग पत्र की दिनांक- 10 जुलाई, 2025<br>2 ) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 9,71,970/- अक्षरे रूपये नौ लाख इकहतर हजार नौ सौ सितर मात्र दिनांक 05, जुलाई, 2025 तक एवं दिनांक 06 जुलाई, 2025 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्रीमति सुशीला लोहार पत्नी श्री गणेश लोहार की संपत्ति जो कि सर्वे नं. -837/5, आराजी नं.-837/5, पटवार हल्का न.- मांडवी, ग्राममांडवी, तहसील-धरियावद, जिला-प्रतापगढ़ ( राज. ) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 3200.00 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है:- पूर्व-दुर्गा देवी पत्नी प्रेमचंद पांचाल का प्लाट, पश्चिम-नर्बदा पत्नी वर्दी चंद चौधरी का प्लाट, उत्तर-रामचन्द्र गुरु की कृषि भूमि, दक्षिण-धरियावद सि पारसोला की मेन रोड |

स्थान- राजस्थान
प्रकाशन की दिनांक- 02/01/2026

**अधिकृत अधिकारी**
एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

## सम्पादकीय

# सेहत का नया साल




आज हम एक नये साल में प्रवेश कर रहे हैं। नववर्ष पर हम एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। मंगलकामनाएं अभिव्यक्त करते हैं। लेकिन नये वर्ष के आगमन के उत्साह में हम इकतीस दिसंबर को देर रात तक नये साल के जश्न में जुटे रहते हैं। इधर देश में प्रयोगधर्मी खानपान व नशीली पार्टियों का फैशन जैसा बन गया है। देर रात तक चलने वाली पार्टियों के बाद नये साल के पहले दिन ही हमारी नींद देर से खुलती है। फिर नये साल का पहला दिन ही सुस्ती और आलस्य के साथ शुरू होता है। कायदे से नये साल की शुरुआत एक ताजगीभरी सुबह के साथ होनी चाहिए। नये संकल्पों के लिए ऊर्जावान सुबह के साथ शुरू हो पहला दिन। निश्चित रूप से हमारा सामान्य जीवन व्यवहार बंधनों में नहीं बांधा जा सकता, लेकिन स्वस्थ जीवन के लिए कुछ नियम जरूरी भी हैं। दरअसल, नये दौर में हम, खासकर नई पीढ़ी एक अराजक जीवन जीने को अपनी शान समझती है। अमेरिका में हुए कुछ शोधों के बाद पता चला है कि सुबह जल्दी उठना और रात को जल्दी सोना हमारी सेहत की गारंटी होती है। यह पुरानी भारतीय अवधारणा ही है। भारतीय समाज में ब्रह्ममुहूर्त में उठने की प्रतिष्ठित परंपरा रही है। इस समय प्रकृति एकाग्रता-ध्यान हेतु शांत होती है। शरीर के मल स्वत: बाहर निकलने की प्रक्रिया में होते हैं। यह तथ्यपरक है कि हम जितनी जल्दी नित्यकर्म से निवृत्त होते हैं, उतने जल्दी स्वस्थ होते हैं। नया साल न तो कोई जादू है और न ही चमत्कार करने वाला होता है।

महज एक नये दिन मानक होता है। नया दिन बदलाव के संकल्प का और उससे जीवन को सुखमय बनाने का। यूं भी जब जनवरी के पहले दिन का आगमन होता है तो शीत का प्रकोप होता है, जिसके चलते जीवन की गति मंथर हो जाती है। संभवत: शीतजनित इस नीरसता व एकरसता को तोड़ने के लिए दुनिया में नववर्ष के उत्सव को बड़े पैमाने पर मनाने की परंपरा शुरू की गई होगी। सही मायनों में उत्सव का उल्लास हमारे तन-मन को स्वस्थ और मंगलमय बनाने के लिए होता है। लेकिन इस दौरान हम खानपान को लेकर अराजक व्यवहार करने लगते हैं। दरअसल, हमारा शरीर बेहद संवेदनशील व हमारी सेहत के प्रति सचेत होता है। शरीर का अपना उन्नत सुरक्षा-तंत्र लगातार हमारे स्वास्थ्य की फिक्र करता है। वह शरीर को सर्दी-गर्मी के अनुरूप अपना ताप नियंत्रित कर हमारे जीवन की रक्षा करता है। वह बार-बार संकेतों से हमें सचेत करता है। हम उसकी आवाज अनसुनी कर देते हैं। एक सीमा तक वह इसे बर्दाश्त करता है, लेकिन फिर असहाय होने की स्थिति में बीमार पड़ जाता है। अक्सर देखते हैं कि नये साल के जश्न, शादी-विवाह व मुफ्त की पार्टियों में हम जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं।

लेकिन खाने-पीने की अराजकता पेट को लगातार परेशान करती है। उत्सव व पार्टी में हम सामान्य दिनों की तुलना में ज्यादा खा लेते हैं। योग दर्शन बताता है कि पेट को चार भागों में मानकर दो भाग खाने के लिये, एक पानी और एक आकाश तत्व के लिये रखें। आकाश तत्व यानी खाली रखने के लिए, जिससे पाचन की क्रिया सुगम होती है। हम किसी मशीन में भी कोई पदार्थ ठूंस-ठूंस कर भर दें, तो उसकी गति बाधित होती है। फिर पेट तो कोमलअंगी होता है। जापान के एक द्वीप में सौ से अधिक उम्र के सैकड़ों लोग मौजूद है, जिसने पश्चिमी शोधकर्ताओं को चकित किया। शोध में पता चला कि श्रमशील व प्रसन्न रहने वाले इस द्वीप के लोगों की एक खास आदत है, जब उन्हें लगता है कि खान पर्याप्त हो गया है, तो वे थाली का खाना उसी वक्त छोड़ देते हैं। यही उनकी लंबी उम्र का राज भी है। दरअसल, भूख हमारी शारीरिक जरूरत से अधिक मानसिक होती है। बढ़ती उम्र के साथ हमारे खाने की मात्रा में कमी होनी चाहिए। हम जीने के लिये खाएं, न कि खाने के लिए जीएं। अब चाहे नये साल की पार्टी हो या कोई पर्व-त्योहार, हमें संयमित भोजन का ही उपयोग करना चाहिए। हल्का, सुपाच्य व कम भोजन जहां दवा है, वहीं गरिष्ठ व अधिक भोजन हानिकारक हो सकता है।

# सस्टेनेबिलिटी 2026 : आज की जरूरत, कल की सुरक्षा

**डॉ. तुलिका चक्रवर्ती**



तेज औद्योगिक विकास और आधुनिक जीवनशैली ने मानव जीवन को सुविधाजनक अवश्य बनाया है, लेकिन इसके साथ पर्यावरण असंतुलन, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन जैसी गंभीर चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। ऐसे समय में सस्टेनेबिलिटी (सतत विकास) वर्ष 2026 तक केवल एक विचार नहीं, बल्कि वैश्विक आवश्यकता बन चुकी है। सस्टेनेबिलिटी का मूल सिद्धांत है-वर्तमान की आवश्यकताओं की पूर्ति इस प्रकार करना कि भविष्य की पीढ़ियों के संसाधन और अधिकार सुरक्षित रहें। आज सतत विकास केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक प्रगति, सामाजिक संतुलन और तकनीकी नवाचार से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

**उच्च शिक्षा में सस्टेनेबिलिटी की भूमिका :** सस्टेनेबिलिटी 2026 को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा संस्थानों मे MBA in Sustainability Management जैसे पाठ्यक्रमों की आवश्यकता तेजी से बढ़ी है। MBA Sustainability छात्रों को ग्रीन बिजनेस, ESG, कार्बन मैनेजमेंट और सस्टेनेबल लीडरशिप के लिए तैयार करता है, वहीं Bsc in Sustainable Industrial Chemistry पर्यावरण विज्ञान, नवीकरणीय ऊर्जा और संसाधन प्रबंधन में मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

**सर पदमपत सिंघानिया विश्वविद्यालय की पहल :** सतत विकास की इस आवश्यकता को समझते हुए सर पदमपत सिंघानिया विश्वविद्यालय, भटेवर में MBA in Sustainability तथा B.Sc. in Sustainability / Industrial Chemistry जैसे रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय ने इन दोनों कार्यक्रमों के लिए विभिन्न उद्योगों और संगठनों के साथ रूभ (समझौता ज्ञापन) किए हैं, जिनके माध्यम से छात्रों को इंटर्नशिप, इंडस्ट्री एक्सपोजर, लाइव प्रोजेक्ट्स, औद्योगिक प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के अवसर मिल रहे हैं। यह पहल छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान के साथ जिम्मेदार सस्टेनेबल प्रोफेशनल्स के रूप में विकसित कर रही है।

### तकनीक से मिल रहा है सतत विकास को बल

आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और स्मार्ट टेक्नोलॉजी सस्टेनेबिलिटी को नई दिशा दे रही हैं। स्मार्ट सिटी परियोजनाएँ ऊर्जा संरक्षण, ट्रैफिक प्रबंधन और कचरा निपटान में प्रभावी साबित हो रही हैं। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों का बढ़ता उपयोग प्रदूषण कम करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

### उद्योग जगत की बदली सोच

आज उद्योग जगत भी यह समझने लगा है कि पर्यावरण संरक्षण के बिना दीर्घकालिक विकास संभव नहीं है। ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग, रिसाइक्लिंग, कार्बन उत्सर्जन में कमी और नैतिक आपूर्ति श्रृंखला जैसे प्रयास न केवल पर्यावरण की रक्षा कर रहे हैं, बल्कि उद्योगों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा और विश्वसनीयता भी बढ़ा रहे हैं।

### शिक्षा, जागरूकता और सरकारी प्रयास

विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में पर्यावरण शिक्षा, शोध और प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षण से छात्रों में सतत सोच विकसित हो रही है। भारत सरकार की स्वच्छ भारत अभियान, नवीकरणीय ऊर्जा मिशन, जल संरक्षण और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसी योजनाएँ भी सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### निष्कर्ष

सस्टेनेबिलिटी 2026 का स्पष्ट संदेश है-विकास तभी सार्थक है जब वह पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन बनाए रखे। शिक्षा, तकनीक और नीति के समन्वय से ही एक सुरक्षित, समृद्ध और टिकाऊ भविष्य का निर्माण संभव है।

# शहर कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शहर कांग्रेस हेरिटेज जॉन मंडल एवं जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर से अरावली पर्वतमाला को लेकर सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकाल कर नारेबाजी करते हुए कड़ा विरोध जताया। मशाल जुलूस शहर के पद्मिनी पार्क से लेकर नेहरू बाजार होते हुए सुभाष चौक पहुँचा, जहां सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के नीचे इंकलाब जिंदाबाद, साम्राज्यवाद का विरोध हो, और अरावली बचाओ जीवन बचाओ आदि नारों के साथ समापन हुआ। प्रदर्शन के दौरान कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने यह संदेश दिया कि अरावली पर्वतमाला नहीं रही तो भविष्य में मास्क लगाकर सांसों को लेना होगा।




मशाल जुलूस में इम्तियाज हुसैन लौहार, अहसान पठान, कृष्ण कुमार डागा, पवन मेड़तवाल, रमेश बुनकर, शिव टेलर, रमेशचन्द्र लड्ढा, डॉ. गोपाल सालवी, खुसरो कमाल, उस्मान गनी, संजय राव, फारूख नीलगर, जमील लौहार, सलीम नेता, नासीर खान, गुलशेर, लियाकत अली, अय्युब पठान, मांगीलाल, असलम, शहजाद अब्बासी, गिरिराज गंधर्व, मनोज राव, जीतू लुहार, कैलाशसिंह, शकूर, दिलीप ढोली, रेहान, रजा शेख, जाकीर, असलम, हुसैन, हारून, इमरान छीपा, रिहान, हिमांशु सोलंकी, सोहेल, इरफान, शाहरूख, शकील, शाहीद खान, किशन भोई, मुराद, मोहम्मद शेरू, वासू लोठ, आलोक, करण नकवाल, पीयूष गहलोत, बब्बन, शाबीर, हाजिक, रिजवान, अरमान, अमन, आलम, जूनैद, उमर, शाहीद, नासीर, अहमद, हेदर अली, अयुब छीपा, सन्नी खोखर, राजा बुरठ, वासू लोठ, आलोक बेनीवाल, प्रदीप, भावेश, दीपक प्रजापत सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता एंव वरिष्ठजन मौजूद रहे।

# युवक की मौत पर उपजा विवाद

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** जिले के भदेसर थाना क्षेत्र के कन्नौज कस्बे में मारपीट के बाद युवक की मौत पर विवाद खड़ा हो गया, जिसको देखते हुए कस्बे में पुलिस बल तैनात किया गया है। चार दिन पूर्व आपनी कहासुनी के बाद समुदाय विशेष के कुछ युवकों ने रेगर समाज के युवक के साथ मारपीट कर दी थी, जिसका घायल अवस्था में उदयपुर के चिकित्सालय में उपचार चल रहा था। जहां युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना को लेकर आक्रोशित समाजजनों और ग्रामीणों ने दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग को लेकर कस्बे में मार्ग जाम कर टायर जलाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# कृषि आदान विक्रेता का अनुज्ञापत्र निलंबित

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम जालमपुरा स्थित बेनीवाल बीज भण्डार के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बेनीवाल बीज भण्डार के कीटनाशी अनुज्ञापत्र का अवलोकन किया गया। जांच में पाया गया कि प्रतिष्ठान पर कीटनाशी का स्टॉक रजिस्टर संधारित नहीं था एवं वह अनुज्ञापन अधिकारी से प्रमाणित भी नहीं था। साथ ही प्रतिष्ठान पर मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं की गई थी तथा कृषकों को बिना बिल के आदान सामग्री का विक्रय किया जा रहा था।

# एकल अभियान का पांच दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** सामाजिक संगठन एकल अभियान जो की पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से समाज परिवर्तन का काम कर रहा है, जिसका पांच दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण शिविर निकटवर्ती कस्बे विजयपुर में प्रारंभ हुआ। संजय शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष एकल अभियान के आचार्य का प्रशिक्षण वर्ग होता है, इसी क्रम में इस बार विजयपुर गांव में यह प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ हुआ। पांच दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के धर्मपाल गोयल, मनोज वैष्णव, देवीलाल गाडरी तथा मनोहर लाल ने भारत माता के समक्ष दीप प्रवजलन कर वर्ग का शुभारंभ किया, जिसमें जिले के 60 से अधिक आचार्य बहने और भाई प्रशिक्षण लेंगे, 20 प्रबंधक निरंतर अपनी सेवाएं देंगे। दिनचर्या प्रात: 4 बजे से लगाकर रात्रि 10 बजे तक विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण होगा।



इसके उपरांत उपस्थित आचार्य ने विजयपुर बस स्टेशन पर भगवान श्री राम लला की रात में भव्य महा आरती तथा रथ सहित भगवान को गांव में भारत माता की जय और सत्य सनातन धर्म की जय के नारों के साथ गांव भ्रमण किया। इसके उपरांत कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संभाग अध्यक्ष गोयल ने प्रशिक्षण वर्ग का महत्व बताते हुए कहा कि सभी आचार्य अपने ग्रहस्थ जीवन का, अपने विद्यार्थी जीवन का 7 दिन तक त्याग कर इस कठोर दिनचर्या का पालन कर रहे हैं। इस अवसर पद देवीलाल, दुदाराम, श्याम, महिपाल सिंह, दिनेश भील, पंकज धाकड़, गोपाल कच्छावा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्री चौराहे पर आमजन ने किया सवा क्विंटल दूध का सेवन

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** नववर्ष के आगमन की पूर्व संध्या पर बुधवार को सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र ने कलेक्ट्री चौराहे पर दूध पिलाकर नशा छोड़ने के लिये प्रेरित किया। संस्था का उद्देश्य आमजन में नशे के विरोध में जागरूकता लाना है ताकि देश का प्रत्येक नागरिक अपने स्वास्थ्य व परिवार के प्रति जिम्मेदार बन सके और समाज व देश के विकास में सहयोग कर सकें। कड़ाके की ठंड में सवा क्विंटल दूध कलेक्ट्रेट चौराहे पर शहरवासियों व राहगीरों को पिलाया गया, जिसमें मौसम के अनुकूल सूखे मेवे का इस्तेमाल किया गया। लगभग 1 घंटे चले इस आयोजन में प्रत्येक राहगीर को मनुहार कर दूध पिलाया गया। इस सामाजिक कार्य में संस्थान के सदस्यों द्वारा पूर्ण रूप से सहयोग रहा। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी युवा और वरिष्ठ नागरिक मौजूद थे जिनका कार्यक्रम के आरंभ में ऊपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया। सभी ने नशा मुक्ति केंद्र के इस आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर गफ्फार पठान, जितेंद्र सिंह तोमर, विनय पालीवाल, कन्हैया लाल, कमलेश, चौन सिंह, पवन, बिजेंद्र सिंह, अजय साजवान, शोएब इत्यादि स्टाफ उपस्थित रहा।



**दूध पिलाकर किया नववर्ष का स्वागत :** स्थानीय आई.पी.एस. मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा वर्ष के अंतिम दिन बुधवार को शहर मे नशा मुक्ति एवं युवा वर्ग को जागृत करने के उद्देश्य से एक नई शुरुआत की गयी। संस्थापक विजय मलकानी के नेतृत्व मे कलेक्ट्रट चौराहे पर दारू से नहीं दूध से करें 2026 का स्वागत कार्यक्रम का आयोजन टेंट एवं दूध की कढ़ाई लगाकर आयोजित कर आम जनता को दूध पिलाया गया। मुख्य अतिथि हरीश ईनाणी ने कहा कि आई.पी.एस मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा शहर मे ये अच्छी शुरुआत की गयी है, निश्चित रूप से इससे शहर के युवा वर्ग तथा आम जनता के मन मे अच्छा सन्देश गया है। संस्थान को आगे भी निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहना चाहिए।

# सप्तशक्ति संगम के अंतर्गत मातृ सम्मेलन आयोजित

चित्तौड़गढ़ (पुकार)। सप्तशक्ति संगम के अंतर्गत विद्या निकेतन बालिका उमावि, गोलवलकर नगर द्वारा संचालित मीराबाई सरस्वती संस्कार केंद्र मानपुरा में मातृ सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों का परिचय केंद्र संचालिका लक्ष्मी कुमावत ने कराया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रेमलता महंत ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर बोलते हुए नारी को परिवार की केंद्र बिंदु बताया। उन्होंने कहा कि शक्तिपुंज नारी ही हर युग में परिवार और समाज को संस्कारित करती रही हैं। वर्तमान में भी पर्यावरण संरक्षण, संस्कारों के परिरक्षण एवं संवर्धन का दायित्व मातृशक्ति ही निभा सकती है। संयुक्त परिवार में बालक संस्कारित होकर श्रेष्ठ मानव बनता है। विशिष्ट अतिथि विद्यालय की प्रधानाचार्या ललिता कुंवर राठौड़ ने वर्तमान समय की चुनौतियों पर ध्यान आकर्षित करते हुए गैजेट्स के सीमित उपयोग, लव जिहाद जैसी समस्याओं से बच्चों को बचाने हेतु माताओं से आग्रह किया कि वे बच्चों को समय और स्नेह दें, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास स्वस्थ रूप से हो सके।

## जन्मदिन पर विशेष : माथुर का व्यक्तित्व अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और संगठन शक्ति की त्रिवेणी

# संघ के अश्वारोही ध्वजवाहक से राजभवन तक : ओमप्रकाश माथुर

**डॉ. विजय विप्लवी**

कुशल संगठक और राष्ट्रनिष्ठ साधक ओमप्रकाश माथुर का जीवन भारतीय सार्वजनिक जीवन में समर्पण, अनुशासन और संगठन शक्ति की एक सशक्त मिसाल है। मां भारती की उपासना को साधना मानने वाले ओमप्रकाश माथुर का व्यक्तित्व किसी एक पद, भूमिका या कालखंड में सीमित नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली सेवा-यात्रा का प्रतीक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुशासित स्वयंसेवक के रूप में गढ़ा गया उनका व्यक्तित्व, समय के साथ संगठनकर्ता, मार्गदर्शक, रणनीतिकार और संवैधानिक दायित्वों के निर्वाहक के रूप में विकसित हुआ। उनका जीवनवृत्त जमीनी कार्यकर्ता से आरंभ होकर किसान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री, राजनीतिक कार्यकर्ताओं के शिल्पी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महासचिव, सांसद् जैसे उत्तरदायित्वों, अनेक राज्यों में संगठन सुदृढ़ीकरण और चुनावी प्रबंधन से होता हुआ राष्ट्रीय राजनीति तक पहुंचा है। दायित्व चाहे जो रहा हो पर सादगी, संवाद और कार्यकर्ता-भाव उनकी पहचान बनी रही। वे ऐसे नेता रहे, जिन्होंने मंच से अधिक संगठन की पंक्तियों में विश्वास किया और व्यक्तिगत यश से अधिक सामूहिक लक्ष्य को प्राथमिकता दी। संवैधानिक पद पर आसीन होकर भी उनका आचरण संघ-संस्कारों से अनुप्राणित रहा। राजभवन की गरिमा को उन्होंने केवल प्रशासनिक केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक संवाद, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना का मंच बनाया। माथुर का जीवनवृत्त अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और संगठन शक्ति की त्रिवेणी है। 2 जनवरी 1952 को बेडल (फालना) के जमीदार परिवार में जन्मे माथुर का सार्वजनिक जीवनवृत्त संघ के संचलन में अश्वारूढ़ ध्वजवाहक स्वयंसेवक से आरंभ होकर किसान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव जैसे उत्तरदायित्वों, अनेक राज्यों में संगठन सुदृढ़ीकरण और चुनावी प्रबंधन से होता हुआ राज्यसभा व राजभवन तक पहुंचा है। वर्षों तक सत्ता के केन्द्र व वर्तमान में सत्ता में रहते हुए भी सादगी, संवाद और कार्यकर्ता-भाव उनकी पहचान बनी रही।

वे ऐसे नेता रहे, जिन्होंने मंच से अधिक संगठन की पंक्तियों में विश्वास किया और व्यक्तिगत यश से अधिक सामूहिक लक्ष्य को प्राथमिकता दी। संवैधानिक पद पर आसीन होकर भी उनका आचरण संघ-संस्कारों से अनुप्राणित रहा। राजभवन की गरिमा को उन्होंने केवल प्रशासनिक केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक संवाद, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता का मंच बनाया।

निर्णयों में दृढ़ता, व्यवहार में शालीनता और दृष्टि में दूरदर्शिता उनके सार्वजनिक जीवन के स्थायी गुण रहे हैं। संगठन ने उन्हें जब जो आदेश दिया, उसको मनोयोग से पूरा किया। अपनी विशिष्ट कार्यशैली व देशभर में व्यापक परिचय के कारण वे किसी पद से नहीं वरन् ओमजी भाई साहब के नाम से ही जाने जाते है। अपने जीवन का सर्वस्व मां भारती को समर्पित करने का निर्णय करने के बाद संगठन ने जब जो आदेश दिया, उसको मनोयोग से पूरा किया। चरैवेति- चरैवेति को जीवन का मूलमंत्र मानकर किसान संघ के संगठन मंत्री के रुप में मोटरसाइकिल पूरे राजस्थान का प्रवास किया।



### संघ से सम्पर्क

माथुर के संघ की गणवेश पहनकर पहली बार प्रार्थना करने का संस्मरण भी अविस्मरणीय है। सन् 1971 में फालना में संघ का पथ संचलन व तहसील सम्मेलन होना था, उसमें प्रांत प्रचारक ब्रह्मदेव जी का बौद्धिक होना था। संचलन में संघ का ध्वज अश्वारोही स्वयंसेवक को सौपने की रचना बनी। संचलन से पूर्व घोष की आवाज में घोड़ा बिदक गया। घोड़े पर बैठने के लिये स्वयंसेवक गणपत सोनी नाम तय था। घोड़ा बिदका तो उनसे नियंत्रित नहीं हुआ। अब खोज शुरु हुई अश्व को नियंत्रित करके ध्वज लेकर कौन बैठे? संघ के तत्कालीन पाली जिला प्रचारक विद्याधर पालीवाल को जानकारी थी, युवक ओमप्रकाश माथुर को घुडसवारी का शौक है, उनके घर घोडे भी पाले हुए है। जिला प्रचारक ने माथुर से सम्पर्क साधा और समस्या बताई। माथुर ने कहा इस घोडे की सवारी तो मैं कर लूगां, लेकिन मेरे पास संघ की गणवेश नहीं है। उसी समय माथुर घोडे पर सवार होकर ऐड़ लगाई उस नदी तक घूमा लाये। तब तक गणवेश की व्यवस्था हो गयी, वे गणवेश पहनकर संघ का परम् पवित्र भगवाध्वज हाथ में लेकर अश्वारूढ़ हुए। माथुर ने उस दिन हुई पहली प्रार्थना के बाद माथुर का संघ के प्रति अनुराग बढता ही गया और उन्होनें 1972 में संघ प्रचारक के रुप में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने का संकल्प ले लिया। अपने स्वयंसेवक जीवन के पहले प्रचारक विद्याधर जी से उनका स्नेह सम्पर्क आजीवन रहा।

### किसान संघ के संगठन मंत्री

1972 से 79 तक विभिन्न जिलों में जिला प्रचारक रहे माथुर आपातकाल में 11 माह तक लोकतंत्र सैनानी के रुप में कारावास में रहे। उसके पश्चात 10 वर्ष तक भारतीय किसान संघ के राजस्थान प्रदेश संगठन मंत्री रहे। चरैवेति- चरैवेति को जीवन का मूलमंत्र मानकर किसान संघ के संगठन मंत्री के रुप में मोटरसाइकिल से पूरे राजस्थान का प्रवास किया। इन दस वर्षों में जयपुर में चौमूं हाउस के निकट कर्नल लक्ष्मणसिंह शेखावत के घर के गैराज में बना किसान संघ का कार्यालय ही उनका आवास रहा।







### जीरा आंदोलन से बनी जननेता की छवि

80 के दशक में किसान संघ के संगठन मंत्री माथुर की अगुवाई में विशाल जीरा आंदोलन हुआ। किसानों के मध्य कार्य करते हुए उनके ध्यान में आया कि जीरे की पैदावार राजस्थान के जालौर व सिरोही में होती है और उसकी मंडी गुजरात के ऊंझा में है। किसानों को गुजरात जीरां लेजाकर बेचने पर पाबन्दी थी। कुछ व्यापारी व बिचोलियों को इसका लाभ होता था। माथुर ने किसानों में जनजागरण करके इस नियम विसंगति के विरुद्ध संघर्ष का आव्हान किया। उनके आव्हान पर लगभग 250 ट्रेक्टर जीरा लेकर किसान राजस्थान गुजरात की सीमा मण्डारडी चौकी पर आंदोलन शुरु किया। उस समय इंडियन एक्सप्रेस सहित राष्ट्रीय मीडिया ने भी आंदोलन को स्थान दिया। आखिरकार सरकार चेती, तत्कालीन बिक्री कर आयुक्त पी.एन.भंडारी व क्षैत्रीय एसडीएम दीपक उप्रेती मौके पर आये। आंदोलनस्थल पर ही वार्ता के बाद नियम बदलने के आदेश हुए। किसानों को अपने खेत में बुवाई की गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर जीरा गुजरात ले जाने की अनुमति मिली। मेरी जानकारी में यह प्रदेश का पहला किसान आंदोलन था, जिसमें मौके पर ही नियम बदलने के आदेश जारी हुए। इस आंदोलन की सफलता से माथुर की लोकप्रिय व संघर्षशील जननेता की छवि मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के ध्यान में आई। इसके बाद संघ व शेखावत की सहमति से वे 1989 में वे भाजपा के राजस्थान प्रदेश के महामंत्री संगठन बनाये गये।

### 1993 में शेखावत का चुनाव

मुख्यमंत्री शेखावत ने 1990 का चुनाव बाली (पाली) से जीता था। 1993 के चुनाव में शेखावत ने पार्टी बैठक में बताया वे यह चुनाव बाली से नहीं लड़कर नये क्षैत्र श्रीगंगानगर से चुनाव लडेंगे। माथुर ने कहा वो सीट आपके लिये सुरक्षित नहीं। शेखावत नहीं माने और श्रीगंगानगर से नामांकन भर दिया। संगठन मंत्री माथुर ने अपने प्रभाव का उपयोग करते हुए उनके पास मौजूद शेखावत का एक अतिरिक्त नामांकन भाजपा नेता पुष्प जैन व प्रस्तावक को भेजकर बाली से भी दाखिल करवा दिया। शेखावत ने इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। माथुर ने कहा आप मुख्यमंत्री है, मेरा निवेदन है श्रीगंगानगर सीट के बारे में फीडबैक ठीक नहीं है, आप दोनों सीट से जीत जायें तो एक सीट से त्यागपत्र देना। शेखावत बाली के नामांकन से असंतुष्ट ही रहे , बाद में बहुत बार कहने पर डेढ़ दिन के लिये बाली में प्रचार पर आये। बीजापुर के पास दानावर्डी व कुछ गावों में सभाएं की। शाम को बाली में शेखावत की सभा हुई, अनमने मन से प्रचार में आये शेखावत ने सभा में यहां तक कह दिया, यदि वे दोनों सीटों से चुनाव जीतते है, तो वे बाली की सीट से त्यागपत्र देगे। शेखावत की घोषणा से माथुर व कार्यकर्ता दुखी हुए, लेकिन माथुर अपनी टोली के साथ प्रचार की कमान थामें रहे। मतगणना के बाद जब परिणाम आया, तो शेखावत केवल बाली से ही जीत पाये। इस चुनाव ने माथुर का कद संगठन में और बढ़ा दिया। इस चुनाव में पांच प्रदेशों में से केवल राजस्थान में ही भाजपा की दुबारा सरकार बनी थी।

### भाजपा के संकटमोचक

भाजपा में अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, कुशाभाऊ ठाकरे, सुंदरसिंह भंडारी, भैरोंसिंह शेखावत, नरेन्द्र मोदी, राजनाथ सिंह, रामदास अग्रवाल के साथ लम्बे समय तक कार्य किया। संघ में वाष्ठ प्रचारक ब्रह्मदेवजी, सोहनसिंह जी व लक्ष्मणसिंह जी शेखावत का मार्गदर्शन माथुर को सदैव रहा। भैरोंसिंह शेखावत सरकार का तख्तापलट करने के प्रयासों के मध्य राजस्थान में जनता दल का विभाजन करवाकर जनता दल (दिग्विजय) गठित करवाकर सरकार बचाने में सफल रहे। मुख्यमंत्री शेखावत जब विदेश में उपचार के लिये गये, तब उनकी सरकार के विरुद्ध हुए तख्तापलट का षडयंत्र विफल करने में वे प्रमुख रणनीतिकार थे। महाराष्ट्र के प्रभारी रहते जब शिवसेना ने अधिक सीटों की मांग की तो माथुर ने ही भाजपा को महाराष्ट्र की सभी सीटों पर अकेले चुनाव लडने का निर्णय करवाया और बहुमत के साथ सरकार गठित करवाई। अनेक प्रदेशों में सरकार व संगठन से जुड़े पेचिदा मुद्दों को उन्होंने बखूबी सुलझाया। नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री कार्यकाल में वे अधिकांश समय गुजरात के प्रभारी रहे। लगभग चालीस वर्षों से माथुर के संघ प्रचारक, किसान नेता, भाजपा नेता, राज्यसभा सांसद् से राज्यपाल तक की यात्रा का मैं साक्षी हूं। मैंने शेखावत व माथुर के अलावा ऐसे राजनेता गिनेचुने ही देखै है, जिनका राजस्थान में तहसील व पंचायत स्तर के कार्यकर्ता से जिनका सीधा सम्बन्ध हो।

**संक्षिप्त समाचार**

## लक्ष्मी देवी ने किया एमडी प्रशासक का पदभार ग्रहण




**राजसमंद ( पुकार )।** निर्मल ग्राम पंचायत एमड़ी के काफी समय से रिक्त चल रहे प्रशासक पद पर सरकार ने वार्ड नंबर 2 की वार्ड पंच लक्ष्मी देवी को नियुक्त किया है। बुधवार को लक्ष्मी देवी ने ग्रामवासियों एवं पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ के साथ पदवार ग्रहण किया। इस दौरान लक्ष्मी देवी ने कहा की सबको साथ लेकर पंचायत के विकास करवाना उनका धैय रहेगा जो भी समय बचा है उसमें सभी मिलजुल कर लोगों के आवश्यक कार्य करेंगे। इससे पहले पद भार ग्रहण करने के लिए एमड़ी विट्ठलनाथजी के वास से लक्ष्मी देवी एवं सभी ग्रामीण डीजे के साथ रैली के रूप में ग्राम पंचायत पहुंचे जहां पर उन्होंने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान भाजपा नेता सत्यनारायण पुरिया, मंडल उपाध्यक्ष देवीलाल कुमावत, पूर्व उपसरंपच नानालाल कुमावत, उप प्रधान सुरेश कुमावत, वार्ड पंच किशनलाल कुमावत, शांतिलाल कुमावत, श्री लाल एडवोकेट, नारायण कुमावत, उदयलाल गायरी, अक्षय कुमावत, चंपालाल लोहार, गणेश माली, रतनलाल कुमावत, दिनेश कुमावत, रमेश कुमावत, हीरालाल कुमावत, प्रहलाद कुमावत, किशन गायरी, गोपीलाल सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला खाद्यान्न व्यापार सोसायटी

**राजसमंद ( पुकार )।** राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ जयपुर एवम् भारतीय उद्योग व्यापार मंडल दिल्ली के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता ने जानकारी दी कि दोनों के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 10 जनवरी सुबह 10बजे कोनस्टी ट्यूशनल क्लब ऑफ राजस्थान ज्योति नगर विधान सभा भवन के पास जयपुर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफट्रेड एंड इंडस्ट्री का आयोजन किया जा रहा हैं। इस कॉन्फ्रेंस के आयोजन में सुबह प्रथम सत्र में राजस्थान में निवेश प्रोत्साहन प्रोग्राम का उद्घाटन राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। साथ ही भारत सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान वन नेशन वन इलेक्शन पर उद्बोधन देंगे। भारत सरकार के कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल व्यापार एवं उद्योग हित में भारत सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों पर प्रकाश डालेंगे। कांफ्रेन्स में राजस्थान में निवेश के साथ साथ जीएसटीए राष्ट्रीय खनन नीति, राष्ट्रीय कृषि नीति, श्रम नीति, विद्युत नीति, राष्ट्रीय उपभोक्ता मामलात के संबंध में खाद्य सुरक्षा एवम् मानक अधिनियम के सन्दर्भ में चर्चा कर व्यापार साथ साथ निर्यात में संवर्धन हो उद्योगों का उत्पादन बढ़े। गांव का आदमी अपने गांव में ही रोजगार प्राप्त कर सके। स्वदेशी व्यापार एवं स्वदेशी पर्यटन के संबंध में आवश्यक प्रस्ताव अलग अलग सत्रो के माध्यम से पारित किए जाएंगे।भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के सभी प्रान्तों के लीडर, अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी व व्यापारी भाग लेंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर की गौरव गाथा से 2025 बना स्वर्णिम वर्ष : विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी



**राजसमंद ( पुकार )।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि वर्ष 2025 ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक गौरव गाथा के कारण भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को वर्ष 2026 की हार्दिक मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़, निर्णायक और राष्ट्र सर्वोपरि नेतृत्व ने विश्व के सैन्य परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि सीमित किंतु अत्यंत सटीक सैन्य अभियान के माध्यम से मात्र तीन दिनों में पाकिस्तान को घुटनों के बल ला दिया गया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के भीतर तक प्रभावी प्रहार कर उसके सैन्य ढांचे को भारी क्षति पहुंचाई। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने अपने अद्वितीय शौर्य, पराक्रम और स्वदेशी हथियारों की क्षमता से विश्व को चमत्कृत कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी और उसके प्रचार तंत्र ने ऑपरेशन सिंदूर जैसी ऐतिहासिक सफलता पर भी देश विरोधी भावनाओं के साथ प्रश्न उठाकर राष्ट्रहित के विरुद्ध राजनीति की। विधायक दीप्ति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को सशक्त आधार मिला है। रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देते हुए निर्यात आधारित ढांचे का विकास किया गया है, जिससे भारत आज हथियारों के निर्यात में एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति बनकर सामने आया है।

## अरावली क्षेत्र में अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई : संयुक्त टीम की कार्रवाई में तीन प्रकरण दर्ज, दो डम्पर व एक ट्रैक्टर जब्त



**राजसमंद ( पुकार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा अनुरूप अरावली क्षेत्र में अवैध खनन, निर्गमन एवं भण्डारण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के निर्देशन में गठित संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई जी रही है। इस दौरान अवैध खनन एवं निर्गमन के तीन प्रकरण दर्ज किए गए तथा दो डम्पर और एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। एसएमई अनिल खमेसरा ने बताया कि चैकिंग के दौरान 20 टन चुनाई पत्थर, 30 टन मिट्टी एवं 4 टन खनिज बजरी को जब्त किया गया। साथ ही अवैध खननकर्ताओं से कुल 1.36 लाख रुपये की राशि वसूल की गई। राज्य सरकार के निर्देशानुसार अवैध खनन निर्गमन एवं भण्डारणकर्ताओं के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## लोकसेवी दिनेश श्रीमाली का नागरिक अभिनंदन...

# सादगी, सेवा और समर्पण ही संकल्प साधक की ताकत : बाबेल

**राजसमंद ( पुकार )।** राजसमंद झील संरक्षण अभियान के सूत्रधार समन्वयक एवं वरिष्ठ लोक सेवी शिक्षाविद् दिनेश श्रीमाली का बुधवार को प्रबुद्ध नागरिक विचार मंच के तत्वावधान में नागरिक अभिनंदन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा, प्रमुख अतिथि पूर्व उप शासन सचिव विधि बसंती लाल बाबेल थे जबकि अध्यक्षता अणुव्रत महासमिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कर्णावट ने की। विशिष्ट अतिथि नगर परिषद के सभापति अशोक टांक, रेलमगरा के प्रधान आदित्य प्रताप सिंह, श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज मेवाड़ अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली, पूर्व प्रधान शांति लाल कोठारी थे।

समारोह में विचार व्यक्त करते हुए डॉ. महेंद्र कर्णावट ने कहा कि दिनेश श्रीमाली सर्वोदय, समाजवाद और पर्यावरण को पुष्ट करने वाले विनम्र सामाजिक कार्यकर्ता हैं जिन्होंने अपने जीवन के ३५ वर्ष राजसमंद झील और गोमती नदी संरक्षण, संवर्धन को समर्पित किए। डॉ. बसंती लाल बाबेल ने




कहा कि श्रीमाली की पहचान पर्यावरण जगत में अनथक जल यौद्धा के रूप में स्थापित हुई है। सादगी, सेवा और समर्पण के संस्कार इनमें मजबूत है जिसके चलते ये संकल्प साधक के रूप उभर कर जल, जंगल जमीन बचाओ अभियान के आदर्श प्रेरक बने हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा ने कहा कि दिनेश शब्दों के जादूगर है एक चिंतक विचारक के रूप में सामाजिक सरोकार के हर विषय पर इनकी मजबूत पकड़ है।

राजसमंद जिला प्रशासन के हर कार्यक्रम के ये मजबूत स्तंभ रहे हैं। सभापति अशोक टांक ने कहा कि जिले और नगर विकास में इनकी सकारात्मक सोच ने हमारा मार्गदर्शन किया है। श्रीमाली समाज मेवाड़ अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली ने कहा दिनेश श्रीमाली प्रगतिशील विचारों के संवाहक और श्रेष्ठ संस्कार परंपरा के पोषक रहे हैं। प्रबुद्ध नागरिक विचार मंच समन्वयक राजकुमार दक ने सभी का स्वागत करते हुए दिनेश श्रीमाली के अकादमिक, सामाजिक, राजसमंद झील संरक्षण के अवदान का विस्तार से रेखांकित किया।

समारोह में साहित्यकार श्रीमती कुसुम अग्रवाल, सूर्य प्रकाश दीक्षित, डॉ. मनोहर श्रीमाली, लोक अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष संपत लड्ढा, नारायणसिंह राव ने दिनेश श्रीमाली के सामाजिक सरोकार और साहित्यिक अवदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ओमशंकर श्रीमाली, मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश श्रीमाली, पत्रकार संघ के सुरेश भाट, शिक्षक नेता गिरजाशंकर पालीवाल, राधेश्याम शर्मा, विनल श्रीमाली ने वरिष्ठ चिंतक दिनेश श्रीमाली के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए। दिनेश श्रीमाली ने प्रबुद्ध नागरिक विचार मंच और उपस्थित सभी सामाजिक संगठनों, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। अभिनंदन समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम गौड़, बिहारीलाल पारिक, गिरजाशंकर मिश्रा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी परमेश्वर श्रीमाली, लोक अधिकार मंच के कन्हैयालाल त्रिपाठी, स्टोनोग्राफर संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीमाली, श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था मेवाड़ के उपाध्यक्ष रमेश श्रीमाली, गिरीश श्रीमाली, प्रफुल्ल व्यास, जिला अध्यक्ष लोकेश श्रीमाली, तड बारह श्रीमाली समाज महासचिव उदयलाल श्रीमाली, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल श्रीमाली, नगर कांग्रेस अध्यक्ष चंचल नंदवाना, सेवा दल जिला अध्यक्ष पुष्कर श्रीमाली, विधान त्रिवेदी, रमेश श्रीमाली, चंद्र प्रकाश श्रीमाली, समाजसेवी आशीक बोहरा, शब्बीर बोहरा, गोविंद औदिच्य, रेडक्रॉस सोसायटी मानद सचिव बृजलाल कुमावत, पेंशनर समाज के मनोहर गिरी गोस्वामी, हर्षवर्धन सिंह भाटी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समारोह का संयोजन राजकुमार दक ने किया।

## नव वर्ष पर आयोजित हुआ उत्कर्ष, मुनि वृंद से लिया श्रावक-श्राविकाओं ने आशीर्वाद

**राजसमंद ( पुकार )।** शहर के राजराजेश्वर भवन में नव वर्ष पर मुनि सुरेश कुमार के सान्निध्य में उत्कर्ष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर आचार्य मानतुंग द्वारा रचित भक्तामर अनुष्ठान के साथ नमस्कार महामंत्र की 26 मिनट की साधना की गई। इसके बाद मुनि वृंद के सान्निध्य में शुभकामना कार्यक्रम आहुत हुआ। कार्यक्रम में आशीर्वाद प्रदान करते हुए मुनि सुरेश कुमार ने कहा कैलेंडर दीवार से उतर गया है वर्ष बदल गया है अब हमारी संकल्प शक्ति में तेजस्विता आए यही इस वर्ष का पुरुषार्थ हो अतित को भुलाकर नए कल को सरजने की कोशिश करें। उन्होंने कहा स्वयं के लिए समय निकाले और उस समय में कुछ ऐसा करे के पूरी दुनियां आपको हमेशा



स्मरण करें। मुनि संबोध कुमार ने कहा यह वर्ष 1 अंक यानि कि सूर्य का प्रतिनिधि है हम अपने सूर्य को शुभ भावों से शुभ कार्यों से और शुभ प्रयासों से तेजस्वी बनाएं। उन्होंने कहा बीते वर्ष जाने अनजाने जिस किसी के लिए वेर का अनुबंध हो गया हो उससे क्षमायाचना कर आगे बढ़े अपने लिए नई दिशाएं तय करे,पकड़ की अकड़ छोड़ कर स्वयं को फ्लेक्सिबल बनाएं, जीत उन्हीं के हिस्से में आती है जो आने वाली कल की संभावनाओं को अपने साथ लिए जीते है। मुनि राहुल कुमार ने कहा -समय हर क्षण खर्च ही रहा है, इसका सही उपयोग करे तो हर दिन नव वर्ष है। मुनि विशाल कुमार ने कहा -हम अपने जीवन को उद्देश्य दे तो जीवन स्वयं बोल उठता है वाह जिंदगी छोटे-छोटे कदम उठाएं तो बड़ी-बड़ी उपलब्धियां हमारे हिस्से में आ जाती है।

इस अवसर पर तेरापंथ सभा कांकरोली अध्यक्ष लाभ चंद बोहरा, अणुविभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विमल कावड़िया, भिक्षु बोधि स्थल मंत्री सागरमल कावड़िया, तेरापंथ युवक परिषद् कांकरोली अध्यक्ष गौतम कोठारी, तेरापंथ महिला मंडल राजनगर अध्यक्षा रितु धोका, तेरापंथ महिला मंडल कांकरोली अध्यक्षा मनीषा कच्छारा, राजराजेश्वर भवन अध्यक्ष विनोद पारिक, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीलाल बाफना ने भावपूर्ण विचारों से नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मंच संचालन तेरापंथ सभा मंत्री धनेंद्र मेहता ने करते हुए सभी को नव वर्ष की बधाई दी।

## नववर्ष के मंगलपाठ के लिए बर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**राजसमंद ( पुकार )।** अंग्रेजी कैलेण्डर नववर्ष का शुभागमन की प्रात: मंगल बेला में जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य महाश्रमण ने अपनी धवल सेना के साथ गुरुवार को झूंठा गांव से गतिमान हुए। इस अंग्रेजी नववर्ष के संदर्भ में भी लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा था। ऐसे में जन-जन को मंगल आशीष प्रदान करते हुए आचार्य आज के निर्धारित गंतव्य की ओर गतिमान थे। तेरापंथ धर्मसंघ के कार्यकर्ता राजकुमार दक ने बताया कि अंग्रेजी नववर्ष के संदर्भ में देश के कोने-कोने से मंगलपाठ का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे थे। श्रद्धालुओं की विराट उपस्थिति ने अनायास ही मानों स्वागत जुलूस का सा दृश्य उत्पन्न हो गया। मेवाड़ा गार्डन भी मानों ज्योतिचरण का स्पर्श पाकर ज्योतित हो रहा था। लगभग ११ बजे आचार्यश्री इस गार्डन में बने प्रवचन पण्डाल में पधारे तो श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमणजी ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि आज नववर्ष का प्रारम्भ हुआ है। मंगलपाठ का भी आज उपक्रम होना है।

आचार्यश्री के इंगितानुसार उपस्थित जनमेदिनी अपने स्थान पर खड़ी हुई और शांतिदूत आचार्य महाश्रमण ने अंग्रेजी नववर्ष के संदर्भ में बृहत् मंगलपाठ सुनाया। चतुर्विध धर्मसंघ अपने वर्तमान अधिशास्ता के श्रीमुख से मंगलपाठ का श्रवण कर धन्यता की अनुभूति कर रहा था। धर्मसंघ कार्यकर्ता राजकुमार दक ने बताया कि आचार्यश्री ने पावन संबोध प्रदान करते हुए कहा कि नववर्ष का प्रारम्भ हुआ है।

## इनोवेटिव फार्मर भंवरलाल ने दिल्ली में साझा किए अपने नवाचारों से जुड़ अनुभव

### राष्ट्रीय स्तर पर कॉनक्लेव में सहभागिता, हुए सम्मानित

**राजसमंद ( पुकार )।** कृषि कार्यो में अपने नवाचारों से देशभर में खास पहचान बनाने वाले समीपवर्ती भगवान्दा कला गांव के नवोन्मेशी किसान इनोवेटिव फार्मर भंवर लाल कुमावत ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली की ओर स राजधानी में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नवोन्मेशी किसान कॉनक्लेव-2025 में भागीदारी कर अपनी नवोन्मेषी कृषि पद्धति, स्वदेशी तकनीक एवं सफल कृषि कार्य से जुड़े अपने अनुभव साझा किए वहीं सफलता के गुर बताए तथा देशभर से आए कृषक-वैज्ञानिकों से खेती मेंनवाचारों का आदान-प्रदान किया। किसान दिवस के उपलक्ष्य में हुए दो दिवसीय सम्मेलन में देश के 25 राज्यों के 252 नवोन्मेशी किसानों के साथ कृषि वैज्ञानिकों ने भागीदारी की। किसान-वैज्ञानिक सहभागिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हुए कॉनक्लेव में आए किसानों ने अपनी नवोन्मेशी कृषि पद्धतियों, स्वदेशी तकनीक एवं सफल कृषि कार्यो पर आधारित मॉडल भी प्रदर्शित किए। इस दौरान मुख्य रूप से जलवायु परिवर्तन, मौसम की अनिश्चितता व बाजार से जुड़ी चुनौतियों पर नवोन्मेषी किसानों व वैज्ञानिकों ने विचार-मंथन किया। कार्यक्रम में राजसमन्द जिला मुख्यालय के समीपवर्ती भगवान्दा कला गांव निवासी नवोन्मेषी किसान भंवर लाल कुमावत ने अपनी ओर से सब्जी, फल एवं अन्य फसल उत्पादन में किए गए विभिन्न नवाचारों की जानकारी दी वहीं वर्ष 2015 में कृषि कार्यो में शुरू की गई अपनी नवाचार यात्रा से



अवगत कराया। उन्होंने अपने यहां स्वयं की अपनाई गई नई कृषि पद्धति व तकनीक पर चर्चा करते हुए अनुभव व ज्ञान साझा किया एवं उपस्थित काश्तकारों को सफलता के गुर समझाए। उन्होंने अपने नवाचारों पर आधारित मॉडल भी प्रदर्शित किया। इस अवसर पर आइसीएआर के निदेशक डॉ. सी.एच. श्रीनिवाास राव, संयुक्त निदेशक प्रसार डॉ. रविन्द्र नाथ पंडारिया, केटेट प्रभारी अनिल कुमार सिंह आदि ने कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए भंवर लाल को शिल्ड व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

## साकेत साहित्य संस्थान राजसमंद की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की पहली बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार

**राजसमंद ( पुकार )।** जिला सूचना कार्यालय, राजसमंद में साकेत साहित्य संस्थान की प्रथम बैठक नवनिर्वाचित अध्यक्ष वीणा वैष्णव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्रथम बैठक में अध्यक्ष वीणा वैष्णव, उपाध्यक्ष नारायण सिंह राव, महासचिव कमल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राधेश्याम राणा, संगठन सचिव बख्तावर सिंह चुंडावत समिति सदस्य चंद्रशेखर नारलाई, अन्नू राठौड़ रुद्रांजली, डॉ. संपत रेगर, दिनेश सालवी उपस्थित रहे। नव कार्यकारिणी सत्र 2026-27 की सर्व सम्मति से दिनेश श्रीमाली को सभा अध्यक्ष मनोनीत किया



गया। साथ ही समिति के संरक्षक मंडल में शिक्षाविद डॉ. राकेश तैलंग, संस्थापक सदस्य विजय सिंह राव तथा वरिष्ठ एवं बाल साहित्यकार कुसुम अग्रवाल को मनोनीत किया गया। महासचिव कमल अग्रवाल ने बताया कि समिति के मार्गदर्शक मंडल जिला जनसंपर्क एवं सूचना अधिकारी प्रवेश परदेशी के साथ-साथ छगनलाल प्रजापत, डॉ आनंद श्रीवास्तव, छैलबिहारी शर्मा, राजकुमार दक, राधेश्याम शर्मा को मनोनीत किया गया। नव निर्वाचित समिति के सदस्य जिला महिला मंत्री के रूप में एडवोकेट विशाखा तिवारी, अन्नू राठौड़ ने मीडिया प्रचार-प्रसार मंत्री, दिनेश सालवी ने बतौर सहसचिव, चंद्रशेखर नारलाई ने गोष्ठी प्रभारी, डॉ. संपत रेगर ने सह-गोष्ठी प्रभारी, माधवलाल जटिया ने आईटी सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में अपना कार्यभार संभाला। अंत में महासचिव ने सभी को आभार व्यक्त करते हुए नगर वासियों को साकेत साहित्य संस्थान की ओर से नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

## एडीपीसी घनश्यामलाल गौड़ ने ली बैठक

**राजसमंद ( पुकार )।** अंग्रेजी नव वर्ष के शुभारंभ पर अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक घनश्यामलाल गौड़ द्वारा कार्यालय के सभी कार्मिकों की एक संक्षिप्त बैठक का आयोजन गुरुवार को किया गया। बैठक की शुरुआत नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ की गई सभी कार्मिकों को उनके कार्य के रूप रेखा का विवरण दिया गया, किन तरीकों से शिक्षा विभाग के कार्य को गुणवत्तापूर्ण किया जा सकता है, बेहतर बनाया जा सकता है इन सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी को सकारात्मक रहते हुए प्रसन्नता पूर्वक कार्यों का निर्वहन करने, कार्यालय मे समय पर आनेए अपने जॉब चार्ट के अनुसार कार्य संपन्न करने, आगंतुक सभी के साथ संवेदनशील व्यवहार करने, आपस मे टीम बनाते हुए मिलजुल कर कार्य करने का संदेश दिया गया।



उक्त बैठक में सभी कार्यक्रम अधिकारी, जिला लेखा अधिकारी, जिला सलाहकार, एमआईएस कार्डिनेडर तथा अन्य सभी कार्मिक उपस्थित थे।

## नागरिक उड्डयन मंत्रालय निदेशक शंखेश मेहता पहुंचे भीम

**राजसमंद ( पुकार )।** भीम के नंदावट स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नागरिक उड्डयन मंत्रालय के निदेशक शंखेश मेहता ने की। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा, मुख्य योजना अधिकारी डॉ. संजय शर्मा, उपखंड अधिकारी विकास शर्मा, विकास अधिकारी कृष्ण मुरारी छालिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत भीम ब्लॉक में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य विकास कार्यों में तेजी लाना और उन्हें निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर आमजन को अधिकतम लाभ पहुंचाना रहा। निदेशक शंखेश मेहता ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री द्वारा 7 जनवरी 2023 को आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम लॉन्च किया गया था। यह कार्यक्रम देश के सबसे




कठिन एवं अपेक्षाकृत अविकसित ब्लॉकों में नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शासन में सुधार पर केंद्रित है। वर्तमान में देश के 329 जिलों के 500 ब्लॉक इस कार्यक्रम में शामिल हैं। राजस्थान के 27 ब्लॉक आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम का हिस्सा हैं, जिनमें राजसमंद जिले का भीम ब्लॉक भी सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक की प्रगति का आकलन करने के लिए 39 प्रमुख प्रदर्शन संकेतक निर्धारित किए गए हैं, जिन्हें पांच विषयों स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध सेवाएं, अवसंरचना तथा सामाजिक विकास में वर्गीकृत किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य पिछड़े क्षेत्रों में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में ठोस सुधार लाना है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा ने कहा कि आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में प्रदर्शन के आधार पर भीम ब्लॉक की तिमाही रैंकिंग की जाएगी। राज्य सरकार और नीति आयोग मिलकर रैंकिंग संकेतक तय करेंगे तथा निजी क्षेत्र भी इन ब्लॉकों के विकास में सहयोग कर सकेगा। बैठक में उपखंड अधिकारी विकास शर्मा, विकास अधिकारी कृष्ण मुरारी छालिया, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर लाल बाल्दी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक बिहारीलाल शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक गिरजा शंकर मिश्रा, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हेमंत बिंदल, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मिट्ठूसिंह, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार सैनी, कृषि अधिकारी कमलेश सैनी, पशुपालन विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद नासुद खान, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता गोविंदसिंह, सीडीपीओ संजयसिंह पंवार, सहायक विकास अधिकारी सोहनलाल सालवी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी नाथूलाल सालवी, ग्राम विकास अधिकारी सुरभि शर्मा, एबीपी फैलो दीपक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिक्षा से ही समाज का विकास संभव

**राजसमंद ( पुकार )।** कोटडी उपखंड क्षेत्र स्थित आस्ताना हजरत रहमत अली शहंशाह पाल वाले बाबा दरगाह पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें तंजीमें मेवातीयान हलका मेवाड़ खेराड के नवनिर्वाचित सदर अकरम मेवाती मावली के मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि समाज में विभिन्न प्रकार की कुरीतियों फैली हुई ह, प्रतिस्पर्धाओं के चलते परिवारों में खर्चे बढ़ रहे हैं एवं समाज में शिक्षा की कमी के कारण पिछड़ा हुआ हैएबालक. बालिकाओं को पढ़ाने के लिए हमें जागरुक करना होगा, क्योंकि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। समाज में सभी लोगों को मिलकर सहयोग करने की भावना से ही समाज आगे बढ़ सकेगा जीवन स्तर में सुधार आ पाएगा साथ ही कहा कि समाज ने मुझे जो खिदमत का मौका दिया उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। तंजीमें मेवतियान मेवाड़ खेराड के नवनिर्वाचित खजांची सिकंदर मेवाती मावली ने कहा कि समाज के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, साथ ही आगामी कार्य योजना पर प्रकाश डाला। तंजीम के नवनिर्वाचित सेक्रेट्री जाकिर हुसैन मेवाती कोटड़ी ने कहा कि समाज के विकास में सभी को एकजुट होकर कार्य करना है। अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हमीद रंगरेज, मांडलगढ़ के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जफर टांक, अल्पसंख्यक



ग्रामीण जिला अध्यक्ष शहाबुद्दीन, अल्पसंख्यक प्रदेश महासचिव मोहसिन मोहम्मद, पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष जफर मोहम्मद, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष निसार सिलावट, शहर सचिव शाहिद देशवाली, मीडिया अध्यक्ष मोहसिन मंसूरी, जिला महासचिव कय्युम लोहार बीगोद, मदनी टूर एंड ट्रेवल्स के आरिफ मीर रेमंन, अब्दुल सलाम लोहार समारोह से पूर्व दरगाह पर चादर अकीदत के फूल, कलाम पेश कर देश में अमन चैन और समाज के विकास के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर हकीम मोहम्मद, मोइनुद्दीन मेवाती, मोहम्मद हुसैन, गफ्फार मोहम्मद मेवाती, अनवर हुसैन, दरगाह पूर्व सदर लियाकत बिसायती, पूर्व अंजुमन सदर मावली के आतीक मेवाती अब्दुल हमीद मेवाती, फिरोज मोहम्मद, इमरान मोहम्मद, सलीम मेवाती, सिकंदर मेवाती, सद्दाम मेवाती, शेर मोहम्मद, नावेद शब्बीर मोहम्मद, पीरु मोहम्मद, पूर्व अंजुमन सेक्रेटरी मावली के मोहम्मद रजा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आने वाले पंचायती राज चुनाव जितने के लिए बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करे: विधायक परमार





**खेरवाडा (पुकार)** । विधायक डाक्टर दयाराम परमार ने कहा कि आने वाले पंचायती राज चुनाव को जिताने के लिए कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करे। डाक्टर परमार बुधवार देर शाम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय खेरवाडा में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पद से समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंचायती राज चुनाव में हमें वार्ड पंच से लेकर जिला प्रमुख पद पर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जिताने है। इसके लिए एक जुट होकर कांग्रेस को मजबूत करें। इसके लिए ब्लॉक के समस्त पदाधिकारियों से लेकर बूथ अध्यक्षों को जिम्मेदारी का निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार के दो वर्ष समाप्त हुए, इन दो वर्ष में खेरवाडा क्षेत्र में पांच पनघट, पांच हेण्ड पम्प तथा पांच आंगनवाड़ी केन्द्र खुलवाये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में कानपुर, भाणदा एवं नयागांव में पुलिस चौकी तथा बावलवाडा, कनबई में उप तहसील, उपखण्ड ऋषभदेव के कल्याणपुर में उप तहसील खुलवाकर कर्मचारी नियुक्त कराए थे वहाँ भी भाजपा सरकार के कार्यकाल में कार्यालयों में ताले लग गए है, यह भाजपा सरकार का विकास है। उपखण्ड नयागांव में उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार व विकास अधिकारी के पद रिक्त हैं वाहन लंबे अर्से से अधिकारी पदस्थापित नहीं किए गये हैं।

समारोह के मुख्य अतिथि विधायक डाक्टर दयाराम परमार रहे वहीं अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश मीणा द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि देहात जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष कान्ति लाल पटेल, संगठन महासचिव गजेन्द्र कोठारी, महासचिव पन्नालाल परमार, पूर्व प्रधान पुष्पा मीणा, पूर्व उप प्रधान सुन्दरलाल अहारी थे।

इससे पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश मीणा, पूर्व प्रधान पुष्पा मीणा ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह को ब्लॉक उपाध्यक्ष लक्ष्मण भगोरा, कान्ति लाल पटेल, सुन्दरलाल अहारी, अजमालसिंह चौहान, पुष्पा मीणा ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर देहात जिला कांग्रेस आदिवासी अध्यक्ष लालु भाई, ओबीसी महासचिव योगेश कलाल, सचिव डॉ लोकेश बसेर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक मकरानी,शान्ति लाल कसोटा,बन्शीलाल लाल बरण्डा, महासचिव रतन लिम्बात,नफीसा बानो, राकेश जैन, पाटिया मण्डल अध्यक्ष केशव खराडी, नवाघरा मण्डल अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह गरासिया,जवास मण्डल अध्यक्ष थावरचंद डामोर, नयागांव मण्डल अध्यक्ष बसन्त कुमार सोलवीया, ब्लॉक के पदाधिकारी,क्षेत्र के ग्राम पंचायत के प्रशासक,उप प्रशासक,पूर्व पंचायत समिति सदस्य, कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव प्रदीप कुमार भणात ने किया। अन्त में दिनेश मीणा ने धन्यवाद व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें...

### अंडरपासों में जलभराव से जनता त्रस्त, उपभोक्ता अधिकार समिति ने नगर निगम महापौर को सौंपा ज्ञापन




**भीलवाड़ा (पुकार)** । उपभोक्ता अधिकार समिति (रजि.), उपभोक्ता अधिकार समिति (रजि.) केंद्रीय अध्यक्ष सुनील राठी, मानवाधिकार प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक सोडाणी, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना दुबे, अशोक सोमाणी, अंकित सोमानी, राहुल सोमानी सहित अन्य पदाधिकारियो ने नगर निगम महा पोर राकेश पाठक से मिल भीलवाड़ा द्वारा शहर में अंडरपासों में लगातार हो रहे जलभराव, रखरखाव की कमी एवं सुरक्षा इंतजामों के अभाव को लेकर नगर निगम प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने महापौर, नगर निगम भीलवाड़ा को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि शहर के कई प्रमुख अंडरपासों में बिना बरसात के टूटी हुई नालियों की वजह से पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो रहा है। इससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। समिति ने स्पष्ट किया कि अंडरपासों एवं फ्लाईओवर का निर्माण तथा उनका नियमित रखरखाव नगर निगम की जिम्मेदारी है और इस संबंध में माननीय न्यायालय के आदेशों की पालना सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। समिति ने विशेष रूप से सुभाष नगर, गुरुनानक पेट्रोल पंप के पास, अजमेर रोड पांडु नाले के पास बने अंडरपास सहित अन्य अंडरपासों का उल्लेख करते हुए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई की मांग की। उपभोक्ता अधिकार समिति ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आम जनता को मजबूर होकर आंदोलनात्मक कदम उठाने पड़ सकते हैं। समिति ने नगर निगम से जनहित में त्वरित, ठोस और स्थायी समाधान की अपेक्षा की है।

### हास्य क्लब ने उल्लास और ठहाकों के साथ मनाई सातवीं वर्षगांठ, आपस में की खुशियां साझा



**भीलवाड़ा (पुकार)** । शहर के कुमुद विहार स्थित पीस पार्क में हास्य क्लब ने अपनी सातवीं वर्षगांठ बड़े ही उल्लास और ठहाकों के साथ मनाई। इस दौरान सभी ने मिलकर क्लब की वर्षगांठ की खुशियां साझा की। क्लब के सदस्य और पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने बताया कि पार्क में प्रतिदिन हास्य क्लब के सदस्य एकत्रित होते हैं और हास्य के साथ-साथ तालियां बजाना, योग, एक्सरसाइज और आपसी चर्चा करते हैं, जो हमेशा हास्य पर आधारित होती है। जाजू ने बताया कि आज क्लब की सातवीं वर्षगांठ के अवसर पर सभी सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए जमकर ठहाके लगाए। उन्होंने आगे जानकारी दी कि हास्य क्लब में किसी भी सदस्य के जन्मदिन अथवा विवाह की वर्षगांठ पर क्लब के सदस्यों द्वारा जलपान का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है, जिससे आपसी स्नेह और सौहार्द बना रहता है। इस अवसर पर राधेश्याम तोतला, प्रकाश छाबड़ा, प्रभात जैन, अजय लोहिया, सुरेन्द्र डांगी, जगदीश कोगटा, महेश मोदानी, राजकुमार गदिया, निरंजन पाटनी, दीपक करवा, चेतन प्रकाश मुणोत, पुरुषोत्तम दास राठी, संदीप बागड़ा, संदीप तोतला, राजेंद्र सिंघवी, मदनलाल जेठा सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### भक्तामर अनुष्ठान का धार्मिक आयोजन संपन्नः अनुष्ठान में उमड़े सैकड़ो समाज जन



**खेरवाड़ा (पुकार)** । नागफणी पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के त्रिमूर्ति मंदिर परिसर के विशाल सभागार में नव वर्ष के उपलक्ष्य में परम प्रभावक गौरव चित्तौड़ा के मुखारविंद से संगीतमई भक्तामर स्त्रोत अनुष्ठान का भव्य आयोजन किया गया। प्रातः भगवान के अभिषेक एवं शांति धारा के पश्चात सभागार में भगवान आदिनाथ की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ भक्तामर अनुष्ठान का भव्य शुभारंभ हुआ। आचार्य मांगतुंगाचार्य रचित भक्तामर स्त्रोत के 48 काव्य का संगीतमई वाचन करते हुए रिद्धि मंत्रों के साथ भावपूर्ण अर्घ्य समर्पित किए गए। अनुष्ठान के दौरान चित्तौड़ा ने बताया यह केवल पाठ नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक समस्याओं को दूर करने वाला एक शक्तिशाली माध्यम है, जो नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मकता में बदलता है। इसमें अपनी समस्या या मनोकामना के अनुसार विशिष्ट श्लोक का चयन किया जाता है। इसके हर काव्य एवं हर मंत्र में एक चमत्कारी प्रभाव पाया जाता है। इसका अखण्ड पाठ साधना के रूप में करना चाहिए, जिसमें एकासन, शुद्ध भोजन और मर्यादा का पालन किया जाए, जिससे असाधारण प्रभाव मिलता है।

अनुष्ठान के उद्देश्य के बारे बताया कि यह स्वास्थ्य, समृद्धि, आध्यात्मिक उन्नति और सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करने के लिए किया जाता है। उल्लेखनीय है कि गौरव चित्तौड़ा ने उदयपुर से नागफणी तक अकेले पैदल यात्रा कर बिना किसी सारथी के भक्तामर का जाप करते हुए 120 किमी का सफर पूरा किया। अनुष्ठान में सौ इन्द्र इंद्राणी परिवार, भोजन पुण्यार्जक एवं वाहन पुण्यार्जक परिवारों का बहुमान किया गया। इस अवसर पर उदयपुर, ऋषभदेव,खेरवाड़ा, बिछीवाड़ा आदि क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में समाजजनों ने उपस्थिति प्रदान कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

### राष्ट्र सेविका समिति भीलवाड़ा विभाग द्वारा प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का हुआ समापन




**भीलवाड़ा (पुकार)** । राष्ट्र सेविका समिति भीलवाड़ा विभाग द्वारा आयोजित प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का समापन सत्र शिक्षिका साक्षी सोनी के द्वारा शाखा लगा किया गया। विभाग कार्यवाहिका मनीषा जाजू ने बताया कि मुख्य अतिथि और अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ समापन कार्यक्रम का आरंभ हुआ। पधारे हुए अतिथियों का चित्तौड़ प्रांत तरुणी प्रमुख कीर्ति सोलंकी (एडवोकेट) द्वारा परिचय दिया गया। तदपश्चात वर्ग में शिक्षित सभी शिक्षार्थी बहनों द्वारा प्रात्यक्षिक का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने कहा कि समिति के कार्यक्रमों में भारत का सांस्कृतिक स्वरूप झलकता है। वर्तमान समय में देश ने भौतिक प्रगति अवश्य की है लेकिन आवश्यकता है हमारे सनातन विचार वसुधैव कुटुंबकम और पारिवारिक महत्व को अपनाने की। उन्होंने शिक्षार्थी बहनों से कहा कि हमें यहां से शिक्षित होकर भारतीय नैतिक मूल्य व सामाजिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ना है। साथ ही वर्ग की वर्गाधिकारी श्रीमती मनीषा जाजू ने वर्ग का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें वर्ग की प्रातः 5 बजे से रात को 10 बजे तक की दिनचर्या शारीरिक, बौद्धिक सत्र, कार्यशाला दंड नियुद्ध व यष्टि का प्रशिक्षण, रात्रिकालीन कार्यक्रम। सम्पूर्ण वर्ग में 7 शिक्षिकाएं कीर्ति, संगीता, साक्षी, भूमिका, सुहानी, खुशी रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर शंकर माली प्रांत कार्यवाह ने कहा की स्वयंसेवक और सेविका यानि स्वयं की प्रेरणा से राष्ट्र के लिए कार्य करना। देश की तत्कालीन परिस्थितियों का कारण जानकर डॉक्टर हेडगेवार जी ने समाज को संगठित करने का जिम्मा लिया और महिलाओं की भी इसमें भागीदारी निश्चित करने के लिए वंदनीय मौसी जी (लक्ष्मी बाई केलकर) ने राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना की। मर्यादा का पालन करते हुए पुरुष व महिला की शाखा अलग लगती है। हमें राष्ट्रीयता को प्राथमिकता देने वाले मन को तैयार करना है। हमारे पूर्वजों ने हमारी परंपराओं मर्यादाओं और नैतिक व सामाजिक मूल्यों का संप्रेषण किया। हमारा भी यह दायित्व की है हम हमारी युवा पीढ़ी में इनको संप्रेषित करें। संगठित शक्ति से ही सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में वर्ग कार्यवाहिका श्रीमती नैना सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन नीलू मालू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सुशीला पारीक, आशा शर्मा, बसंता पाराशर, माया लढा, जांशू, स्नेहा सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्याएं मौजूद रही।

## खड़क निर्माण मजदूर संगठन खेरवाड़ा एवं क्लस्टर पहाड़ा की संयुक्त बैठक आयोजित



**खेरवाड़ा (पुकार)** । उपखंड नयागांव के अन्तर्गत लोक शिक्षा केंद्र पहाड़ा में खड़क निर्माण मजदूर संगठन खेरवाड़ा एवं क्लस्टर पहाड़ा की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जिसमें 7 ग्राम पंचायतो की कुल 98 महिलाओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में संगठनात्मक संरचना, वरिष्ठ नागरिक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने, सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं की जरूरतमंद पात्र व्यक्ति को लाभ दिलाने, पेंशन योजना से जुड़े पुरुष- महिला की समस्या का समाधान करवाने, मार्च में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने, खेती से जुड़ी गतिविधियों पर चर्चा,पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन पर कार्य, राजीविका महिला स्वंय सहायता समूह की सहभागिता सुनिश्चित करने, महिला सुरक्षा सखी से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने आदि पर विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिए गए। तालुका विधिक सेवा समिति खेरवाड़ा पीएलवी चंदूलाल मेघवाल द्वारा महिलाओं को घरेलू महिला हिंसा रोकथाम अधिनियम,न्याय आपके द्वार अभियान पर विस्तार से जानकारी प्रदान कर शिकायत दर्ज करवाने एवं पोक्सो एक्ट सहित जन कल्याणकारी योजनाओं का समय पर अधिक से अधिक लाभ लेने सहित विधिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खड़क निर्माण मजदूर संगठन खेरवाड़ा पहाड़ा क्लस्टर के संरक्षक नानालाल पटेल ने की,अति विशिष्ट अतिथि पीएलवी चंदूलाल मेघवाल, मुख्य अतिथि नन्द लाल गर्ग रहे । बैठक में शीला पटेल, रमिला देवी मेघवाल ,बैंक बीसी रीना गरासिया, अरावली लोक समिति फैडरेशन नयागांव ब्लॉक सदस्य चम्पा लाल बोडात की उपस्थिति रही। कार्यक्रम समापन पर आभार नन्द लाल गर्ग द्वारा व्यक्त किया गया।

### उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण पर कॉन्ट्रेक्टर दिलीप सिंह चौहान का किया अभिनंदन



**भीलवाड़ा (पुकार)** । शास्त्रीनगर मुक्तिधाम से यमुना विहार तक लगभग एक किलोमीटर लंबी झर्झर सड़क के निर्माण कार्य का दायित्व विधायक अशोक कोठारी की अनुशंसा पर पीडब्ल्यूडी द्वारा कॉन्ट्रेक्टर दिलीप सिंह चौहान को सौंपा गया था। निर्धारित समय में भीलवाड़ा की सबसे उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने पर कुमुद विहार क्षेत्रवासियों ने चौहान का शाल ओढ़कर एवं पौधा लगा गमला देकर सम्मान किया। इस अवसर पर कॉलोनीवासियों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता की सराहना की। कुमुद विहार निवासी राधेश्याम तोतला, प्रकाश छाबड़ा, बाबूलाल जाजू, प्रभात जैन, अजय लोहिया, सुरेन्द्र डांगी, जगदीश कोगटा, महेश मोदानी, राजकुमार गदिया, निरंजन पाटनी, दीपक करवा, चेतनप्रकाश मुणोत सहित कुमुद विहार क्षेत्रवासियों ने इस सड़क निर्माण के लिए विधायक अशोक कोठारी का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की।

### गिव अप अभियान की अवधि 28 फरवरी तक बढ़ी

**प्रतापगढ़ (पुकार)** । खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े सक्षम व्यक्तियों को चिन्हित कर राशन में उठाए गये गेहूं की पाई-पाई वसूल की जाएगी। यह राशि 30.57 रूपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से की जावेगी।

जिला रसद अधिकारी रामचन्द्र शेरावत ने बताया कि विभाग द्वारा गिव अप अभियान की अवधि 28 फरवरी 2026 तक बढ़ाई गई है, जो भी स्वेच्छा से सक्षम परिवार उक्त दिनांक तक अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवा सकते हैं।

### नौगांवा में धरती पर उतरा वैकुंठ, क्षीर सागर में शेषशैया पर विराजे सांवरिया सेठ, रत्नजड़ित पोशाक में दिव्य श्रृंगार



**भीलवाड़ा (पुकार)** । जिले के नौगांवा स्थित सांवरिया सेठ मंदिर में आध्यात्मिकता का अनूठा संगम देखने को मिला। गुरुवार को मंदिर परिसर श्साक्षात बैकुंठश् में तब्दील हो गया, जहां भगवान सांवरिया सेठ ने स्वर्ण रजत मुकुट में शेषशैया पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। क्षीर सागर की अलौकिक झांकी और ठाकुरजी के दिव्य स्वरूप को निहारने के लिए समूचे जिले से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। इस महोत्सव में गुरुवार को अलसुबह मंगला आरती से ही भक्तों का तांता लग गया। मंदिर के गर्भगृह को इस तरह सजाया गया था मानो साक्षात क्षीर सागर हिलोरे ले रहा हो। समुद्र के बीचों-बीच शेषनाग की शैया पर भगवान विष्णु के रूप में सांवरिया सेठ और उनके चरण दबातीं माता लक्ष्मी की झांकी ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ठाकुरजी के श्रृंगार में इस बार इंदौर की खास कारीगरी देखने को मिली। विशेष रूप से मंगवाई गई र|जड़ित पोशाक और आभूषणों की चमक ने प्रभु के तेज को और अधिक बढ़ा दिया। आधुनिक चकाचौंध और प्राचीन परंपराओं के इस अनूठे संगम को देख हर कोई नतमस्तक नजर आया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नववर्ष की शुरुआत ईश्वरीय आशीर्वाद और सेवा के संकल्प के साथ करना था। समूचे भीलवाड़ा क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं के लिए प्रबंधन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। भक्तों का उत्साह ऐसा था कि कतारें मंदिर परिसर के बाहर तक जा पहुंचीं। कार्यक्रम में सत्कार ग्रुप की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में मंदिर ट्रस्ट के सचिव कैलाश डाड, भंवरलाल दरगड, पंडित प्रकाश शर्मा, पंडित दीपक आनंद पाराशर, गौशाला व्यवस्थापक अजीत सिंह का सहयोग रहा। मंदिर में जोधपुर के गोवत्स राधा कृष्ण महाराज की भागवत कथा की तैयारी को लेकर 3 जनवरी को प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलने जाएगा। उन्हें कथा करने के लिए भीलवाड़ा पधारने का आमंत्रण पत्र दिया जाएगा।

## पिता की सातवीं पुण्य तिथि पर पुत्र ने रचा इतिहास , पिता को समर्पित

### 14 वर्षीय रूद्र प्रताप सिंह ने रचा कीर्तिमान, बने एसआरपीएल सीजन-13 के सबसे कम उम्र के बेस्ट बॉलर



**आमेट (पुकार)** । समिपवर्ती आईड़ाणा कस्बे के लिए यह गौरव का क्षण है, जब महज 14 वर्षीय रूद्र प्रताप सिंह ने अपनी शानदार गेंदबाजी से एसआरपीएल सीजन-13 क्रिकेट प्रतियोगिता में बेस्ट बॉलर का अवार्ड अपने नाम कर इतिहास रच दिया। कम उम्र में यह उपलब्धि न केवल उनकी प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि संघर्ष, अनुशासन और निरंतर मेहनत की प्रेरक मिसाल भी पेश करती है।

कस्बे में निवासरत किर्तीशेष चम्पा सिंह देवीदावत के सुपोत्र एवं श्रीमती केसर कंवर -स्वर्गीय नरपत सिंह के सुपुत्र रूद्र प्रताप सिंह का जन्म 16 मई 2011 को हुआ। उनके पिता पूर्व में स्वर्ण व्यवसाय से जुड़े रहे, जिनका अल्पायु में ही देहांत हो गया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद रूद्र प्रताप ने हिम्मत नहीं हारी और शिक्षा व खेल–दोनों में निरंतर आगे बढ़ते रहे।

रूद्र प्रताप की शिक्षा की शुरुआत आमेट उपखंड स्थित तुलसी अमृत विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय से हुई। वर्तमान में वे कक्षा 9 में अध्ययनरत हैं। खेलों के प्रति उनकी रुचि और लगन बचपन से ही स्पष्ट रही है। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 10 से 12 क्रिकेट प्रतियोगिताओं में वे अब तक सहभागिता कर चुके हैं, जहां उनकी गेंदबाजी ने हमेशा ध्यान खींचा है।

आज राजसमंद जिले के देलवाड़ा समीपवर्ती खाम कि मादड़ी में राव सिरदार समाज द्वारा आयोजित एसआरपीएल सीजन-13 के सेमीफाइनल मुकाबले में रूद्र प्रताप सिंह ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने एक ओवर में महज 2 रन देकर 1 महत्वपूर्ण विकेट झटका और विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते वे टूर्नामेंट के सबसे कम उम्र के बेस्ट बॉलर घोषित किए गए।

आयोजन समिति ने रूद्र प्रताप सिंह को कप एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इस उपलब्धि से आईड़ाणा कस्बे सहित क्षेत्रभर में हर्ष की लहर है। खेलप्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने इसे क्षेत्र की युवा प्रतिभा के लिए प्रेरणास्रोत बताया। रूद्र प्रताप सिंह की यह सफलता बताती है कि सही मार्गदर्शन, परिश्रम और आत्मविश्वास से कम उम्र में भी बड़े मुकाम हासिल किए जा सकते हैं। कस्बेवासियों को विश्वास है कि आने वाले समय में रूद्र प्रताप जिला, राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। इस समापन अवसर पर समाज अध्यक्ष रोड़ सिंह आसोलिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव दिलीप सिंह राव , वरिष्ठ समाजसेवी भामाशाह मोहन सिंह,पुर्व सचिव लक्ष्मण सिंह , हरि सिंह , प्रशासक (सरपंच) कान सिंह आयोजन कमेटी के अरविन्द सिंह हिम्मत सिंह आदि उपस्थित थे ।

## अखिल भारतीय सालव मालवीय समाज विकास संस्थान की सातवीं खेलकूद प्रतियोगिता का बिलोट में हुआ शुभारंभ






**डूंगला (पुकार)** । अखिल भारतीय सालवी - मालवीय समाज विकास संस्थान द्वारा आयोजित 7वीं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बिलोट में हुआ । प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी बद्रीलाल जाट एवं जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर ध्वजारोहण करने के साथ प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की।

इस अवसर पर डुंगला ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह झाला,बड़ीसादड़ी ब्लॉक अध्यक्ष लाल सिंह , बड़ीसादड़ी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अभय मेहता, जिला महासचिव कालूराम जाट,आरजीपीआरएस डुंगला ब्लॉक अध्यक्ष संग्राम सिंह ,यूथ कांग्रेस जलिाध्यक्ष देवीलाल मेघवाल, डुंगला मंडल अध्यक्ष ललित गोपाल पुष्करणा के साथ अन्य मंडल अध्यक्ष के साथ प्रशासक , जिला कांग्रेस सचिव,

मंगलवाड़ मंडल अध्यक्ष राधेश्याम अहीर, चिकारडा मंडल अध्यक्ष शोकीन जैन, बड़वाईसरपंचशंकरलालमेघवाल,मंगलवाड़ पूर्व सरपंच भंवर अहीर,बड़वाई उपसरपंच हरिसिंह ,बिलोट उपसरपंच संपत मेनारिया,मंडल उपाध्यक्ष भेरू लाल मेनारिया,जीएसएस अध्यक्ष युधिष्ठिर कुमावत,बिलोट पूर्व उपसरपंच मुकेश कुमावत, चुन्नीलाल शर्मा चांदमल मेनारिया, पुष्कर वैष्णव के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लायंस क्लब भीलवाड़ा ने अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एपी सिंह के जन्मदिवस पर किए सेवा कार्य




**भीलवाड़ा (पुकार)** । लायंस क्लब भीलवाड़ा द्वारा संचालित लायंस आई हॉस्पिटल के तत्वावधान में लायन्स क्लब के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एपी सिंह का जन्मदिवस पर सेवा कार्य के तहत नेत्र जाँच शिविर में निःशुल्क नेत्र जाँच एवं ऑपरेशन शिविर का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। लायन विनोद जैन ने बताया कि प्रोग्राम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष पवन पंवार एडवोकेट ने की। मुख्य अतिथि आचार्य प्रवर श्री 1008 श्री विजयराज जी म.सा. के आज्ञानुवर्ती जैन संत श्री युगप्रभ मुनि म.सा. व पीडीजी लॉयन दिलीप तोषनीवाल एवं विशिष्ट अतिथि अनिल गग्गड़ तथा भामाशाह लायन हेमन्त कोठारी द्वारा सभी ऑपरेशन के लाभार्थियों को कम्बल वितरण किया गया। क्लब अध्यक्ष अधिवक्ता पवन पंवार ने बताया की शिविर में लायंस आई हॉस्पिटल में डॉ. अंशु बोरदिया और उनकी टीम द्वारा सभी 42 रोगियों के सफ्ल ऑपरेशन किए गए। लायन हॉस्पिटल प्रभारी जेके बागडोदिया एवं केम्प प्रभारी लायन विनोद जैन ने बताया कि ऑपरेशन के बाद सभी रोगियों को आवश्यक दवाइयाँ, निःशुल्क चश्मे और डिस्चार्ज टिकट देकर आज ससम्मान उनको अपने घर के लिए रवाना किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में व्यसनमुक्ति पर विशेष बल देते हुए कहा कि व्यसन न केवल शारीरिक शक्ति को क्षीण करते हैं, बल्कि पूरे जीवन को अंधकारमय बना देते हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प दिलाया। साथ ही, उन्होंने लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में संस्था का योगदान अद्वितीय है। उन्होंने आमजन को मरणोपरांत नेत्रदान के लिए प्रेरित करते हुए इसे एक पुनीत कार्य बताया, जिससे किसी के जीवन में फ्रि से रोशनी लाई जा सके। लायन्स क्लब के अध्यक्ष पवन पंवार ने अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ए.पी. सिंह को जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने कहा कि सिंह के कुशल नेतृत्व में लायन्स क्लब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सेवा के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। शिविर को सफ्ल बनाने में अस्पताल प्रभारी लायन जे.के. बागडोदिया, लायन विनोद जैन, लायन विनोद मानसिंहका सहित सभी लायंस सदस्यों, पदाधिकारियों एवं राकेश दुग्गड़, राहुल व कैलाश शर्मा सहित अन्य हॉस्पिटल स्टॉफ का प्रशंसनीय सहयोग रहा।

### पुलिस थाना अरनोद की कार्यवाही, 44 कार्टुन देशी शराब व कार जब्त

**प्रतापगढ़ (पुकार)** । एसपी बी.आदित्य के निर्देशानुसार गजेद्रसिंह जोधा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ एवं चन्द्रषेखर पालीवाल पुलिस उप अधीक्षक वृत्त अरनोद के मार्गदर्शन में शम्भुसिंह झाला पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना अरनोद की पुलिस टीम द्वारा कुल 44 कार्टुन देशी शराब जब्त कर एक कार को जब्त किया गया। गुरूवार को पुलिस थाना अरनोद की टीम को दौराने नाकाबंदी फ्रेडी फंटा पर एक कार आती हुई दिखाई दी। जो पुलिस जाप्ता को देखकर चालक नाकाबंदी पॉइंट से पहले ही गाडी को छोडकर भाग गया। गाडी को चैक किया गया तो गाडी में कुल 44 कार्टुन देशी शराब के जब्त किये गये। गाडी चालक की तलाश की गई मगर अंधेरा होने से वाहन चालक का कोई पता नही चला। मामला आबकारी अधिनियम मे दर्ज कर अनुसंधान जारी।

## डूंगरपुर में दो दिवसीय आयुष प्रशिक्षण : 55 महिला योग प्रशिक्षक हुईं लाभान्वित

# धन्वंतरि वंदन के साथ शुरू हुआ प्रशिक्षण विशेषज्ञों ने दिए व्याख्यान और प्रेजेंटेशन



**डूंगरपुर ( पुकार )।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की स्वीकृत राज्यवार्षिक कार्ययोजना 2025-26 के अंतर्गत जिले के 63 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) पर कार्यरत पार्ट-टाइम महिला योग प्रशिक्षकों को आयुष मित्र की भूमिका में अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन आयुर्वेद विभाग, जिला डूंगरपुर द्वारा गांधी आश्रम परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयुर्वेद के प्रणेता भगवान धन्वंतरि के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. बद्री नारायण मीणा ने प्रशिक्षण की औपचारिक शुरुआत करते हुए कहा कि आयुष मित्र गांव-स्तर पर स्वास्थ्य-जागरूकता का मजबूत माध्यम बन सकती हैं। निर्देशानुसार जिले से संदर्भ व्यक्ति के रूप में सहायक निदेशक डॉ. यशवंत परमार, सम्भागीय समन्वयक डॉ. अभयसिंह मालीवाड, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. पीयूष बुनकर, डॉ. ललित स्वर्णकार, डॉ. ज्योति डामोर और डॉ. प्रीति खराडी ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से व्याख्यान एवं प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए। प्रशिक्षण संचालक डॉ. अभयसिंह मालीवाड ने बताया कि गलत खान-पान, तनाव, तम्बाकू-शराब सेवन और निष्क्रिय जीवनशैली के कारण डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, हृदयरोग और कैंसर जैसे दीर्घकालिक रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में दिनचर्या-ऋतुचर्या, आहार-विहार और सदवृत्त जैसे आयुर्वेदिक सिद्धांत अपनाना स्वास्थ्य संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि आयुष मित्र जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

दो दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर कार्यरत कुल 55 पार्ट-टाइम महिला योग प्रशिक्षकों ने भाग लिया और व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से अपनी कार्य-दक्षता को और निखारा। प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों को आयुष मिशन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## करुणा व सेवा का सम्मान...भरत नागदा को मिला 'करुणा रत्न पुरस्कार'



**डूंगरपुर ( पुकार )।** मानव सेवा, करुणा और जैन जीवन मूल्यों को समर्पित अपने जीवन को खपा देने वाले मुस्कान संस्थान के संस्थापक श्री भरत नागदा को 'करुणा रत्न पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान आल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस एवं जैन सांस्कृतिक कला फाउंडेशन द्वारा आयोजित गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में परम पूज्य प्रीति सुधा जी महाराज साहब और परम पूज्य मधुस्मिता जी महाराज साहब का पावन सान्निध्य रहा। समारोह के दौरान 2025 की विदाई और 2026 के स्वागत के तहत भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें सुप्रसिद्ध जैन गायक तरुण सी. मोदी ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को भावनात्मक और उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर नव वर्ष के आगमन पर साधु-साध्वियों ने मंगल वचनों के साथ उपस्थित जनों को आशीर्वाद दिया। पिछले 34 वर्षों से भरत नागदा दक्षिण राजस्थान में अनाथ, बेसहारा, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों, वृद्धजनों और वंचित वर्गों के लिए निस्वार्थ सेवा में जुटे हुए हैं। उनके नेतृत्व में संचालित मुस्कान संस्थान आज एक भरोसेमंद सेवा आंदोलन के रूप में स्थापित हो चुका है। मुस्कान संस्थान द्वारा संचालित मुस्कान वात्सल्य धाम में इस समय 700 से अधिक जरूरतमंद लोग एक परिवार की तरह रह रहे हैं। यह स्थान केवल आश्रय नहीं, बल्कि अनुशासन, संस्कार और सेवा का जीवंत केंद्र बन चुका है।

संस्थान के प्रयासों से अब तक 25,000 से अधिक बच्चों को संरक्षण, शिक्षा और बेहतर भविष्य मिला है, जबकि 50,000 से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा गया है। इन सेवाओं ने क्षेत्र में मानवीय संवेदना और सामाजिक परिवर्तन का मजबूत संदेश दिया है। कार्यक्रम में जैन समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, संघजन, समाजसेवी और कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस सम्मान को मानव सेवा के क्षेत्र में प्रेरक मिसाल बताया और भरत नागदा के कार्यों की सराहना की।

# ऑपरेशन शिकंजा में बड़ी कामयाबी, चितरी में जेवरात चोरी का मुख्य आरोपी दबोचा

## चितरी चोरी केस का खुलासा : कॉल डिटेल ने दिलवाई सफलता

**डूंगरपुर ( पुकार )।** ऑपरेशन शिकंजा के तहत पुलिस थाना चितरी को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने करीब आठ महीने से फरार चल रहे मुख्य आरोपी जीवा उर्फ जीवतराम डेण्डोर को गिरफ्तार कर लिया। उस पर आरोप है कि उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर कस्बा चितरी में सोने-चांदी के आभूषणों की दुकान से रात के समय चांदी के जेवरात चोरी किए। आरोपी के खिलाफ थाना धम्बोला और थाना कुंआ में भी स्थाई वारंट जारी हैं और वह आदतन अपराधी बताया जाता है। यह घटना 2 अप्रैल 2025 की रात की है। व्यापारी मोहीता पत्नी भूपेश जैन निवासी चितरी ने रिपोर्ट दी थी कि उनके घर के आंगन में स्थित दुकान से अज्ञात चोर करीब 2 किलो 550 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान सहआरोपी महेश अहारी मीणा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था और एक विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया गया था, जबकि मुख्य आरोपी घटना के बाद से फरार था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डूंगरपुर और वृत्ताधिकारी सागवाड़ा की निगरानी में थानाधिकारी मनीष कुमार खोईवाल के नेतृत्व में टीम बनाई गई। इसी टीम में बलभद्रसिंह, प्रभुलाल, जितेन्द्रसिंह, राजेन्द्र कुमार, हरेन्द्रसिंह के साथ साइबर सेल डूंगरपुर के हेमेन्द्रसिंह, राहुल, भव्यराजसिंह और आदित्य सक्रिय रूप से जुड़े रहे। मुखबिर की सूचना व कॉल डिटेल के विश्लेषण के आधार पर टीम ने जीवा उर्फ जीवतराम को तलाशकर डिटेन किया और तकनीकी व मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ में उसने चोरी की वारदात कबूल कर ली। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर आगे की जांच जारी है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर मौज-मस्ती के लिए रकम जुटाने के उद्देश्य से चोरी की योजना बनाई थी और रात में दुकान से चांदी के जेवरात चुरा लिए थे।



## नववर्ष पर जुआ सेंक्शन! 8 गिरफ्तार 24 हजार नकद और 5 मोबाइल जब्त



**बॉसवाडा ( पुकार )।** नववर्ष की पूर्व संध्या पर दानपुर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते हुए आठ लोगों को धर-दबोचा। पुलिस ने मौके से 24,620 रुपये नकद और पाँच मोबाइल फोन जब्त किए। सभी आरोपी मध्यप्रदेश के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो कस्बा दानपुर में भागवत कथा सुनने का बहाना बनाकर आए थे। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह भाटी के सुपरविजन तथा पुलिस उपाधीक्षक गोपीचंद मीणा के निकट पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई थानाधिकारी दानपुर लक्ष्मीचंद के नेतृत्व में की गई। निर्देशों के तहत 31 दिसंबर 2025 को डीएसटी प्रभारी विवेकभान सिंह और थाना दानपुर टीम ने कस्बे में सर्च अभियान चलाया। रतलाम रोड पर नाले के पास सुनसान जगह में कुछ लोग ताश पर रुपये लगाकर जुआ खेलते मिले।

पूछताछ में आरोपियों की पहचान मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के रहने वाले व्यक्तियों के रूप में हुई। उनके पास से ताश के पत्तों के साथ दांव पर रखी नकदी मिली। गिनती में कुल 24,620 रुपये पाए गए। पुलिस ने ताश की गड्डियाँ, नकदी और पाँच मोबाइल जब्त कर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अवैध जुआ और सट्टे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा, और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## स्वच्छ, हरित और प्रदूषण-मुक्त भारत का लें संकल्प : के.के. गुप्ता



**डूंगरपुर ( पुकार )।** नव वर्ष 2026 पर स्वच्छ भारत मिशन राजस्थान के स्टेट कोऑर्डिनेटर के.के. गुप्ता ने प्रदेशवासियों और देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और स्वच्छ, हरित तथा प्रदूषण-मुक्त भारत बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नया साल केवल व्यक्तिगत प्रगति का नहीं, बल्कि धरती और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति गंभीरता दिखाने का समय है। गुप्ता ने बताया कि स्वच्छता केवल झाड़ू लगाने भर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संस्कार और नागरिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। सड़क पर फेंका गया छोटा-सा कचरा भी हमारे नागरिक बोध की परीक्षा लेता है। उन्होंने लोगों से गीला-सूखा कचरा अलग करने, 'शून्य अपशिष्ट' जीवनशैली अपनाने और नदियों-जंगलों व वन्यजीवों के संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने बढ़ते वायु, जल और प्लास्टिक प्रदूषण को गंभीर खतरा बताते हुए कहा कि सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, जल पुनर्चक्रण और वर्ष में कम से कम पाँच पेड़ लगाना अब हर नागरिक की जिम्मेदारी बन गया है। गुप्ता ने अपील की, 'प्रकृति का हरण न करें, स्वच्छता का दीप जलाएं और हरित भारत का निर्माण कर देश को स्वर्ग बनाएं।' उन्होंने कहा कि यह नववर्ष व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारियों के संकल्प का अवसर है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके।

## सीमलवाड़ा बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित, अभिषेक उपाध्याय संभालेंगे नेतृत्व

**डूंगरपुर ( पुकार )।** सीमलवाड़ा बार एसोसिएशन में वर्ष 2026 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से कर दिया गया। अध्यक्ष पद के चुनाव के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्यों से विचार-विमर्श कर कार्यकारिणी की घोषणा की। नवनिर्मित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी रमेश डामोर को सौंपी गई, जबकि महासचिव के रूप में प्रवीण रोत और सचिन कालूराम डामोर को मनोनीत किया गया। वित्त मंत्री का दायित्व कपिल देव रोत और कोषाध्यक्ष का पद कर्तव्य शाह को दिया गया। संगठन सचिव के रूप में गिरधर लाल रोत, पुस्तकालय सचिव के रूप में रीना डोडियार और सहसचिव के रूप में मोहम्मद ताल्हा पटेल को नियुक्त किया गया। इसके साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह चौहान और शंकर लाल रोत को बार एसोसिएशन का संरक्षक बनाया गया। वर्ष 2026 के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में अधिवक्ता श्रवण रावल को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। संबोधन के दौरान अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने कहा कि नई कार्यकारिणी अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, बार की प्रतिष्ठा बनाए रखने और न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध भाव से कार्य करेगी। सदस्यों ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं देते हुए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध विडियों कॉन्फ्रेस आज

**डूंगरपुर ( पुकार )।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर द्वारा 2 जनवरी को प्रातः 11 बजे एनआईसी के माध्यम विडियों कॉन्फ्रेस के माध्यम से अर्हता 1 जनवरी के निर्वाचन नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध समीक्षा की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) दिनेश चन्द्र धाकड़ ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) डूंगरपुर, आसपुर, सागवाड़ा एवं सीमलवाड़ा को निर्देशित किया गया है कि 2 जनवरी को प्रातः 11 बजे अद्यतन सूचना रिकार्ड के साथ एनआईसी डूंगरपुर के वीसी कक्ष में उपस्थित होनो सुनिश्चित करें।

## डूंगरपुर में कार्रवाई तेज : अवैध खनन पर पुलिस की बड़ी मार

# बिना परमिट बजरी परिवहन, चितरी पुलिस ने दो डंपर डिटेन किए....





**डूंगरपुर ( पुकार )।** जिले में अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना चितरी की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो डंपर चालक सहित डिटेन किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देश पर 'ऑपरेशन पृथ्वी' अभियान के तहत की गई। जानकारी के अनुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार सांखला एवं वृत्ताधिकारी सागवाड़ा रूपसिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी चितरी मनीष कुमार खोईवाल के नेतृत्व में गठित टीम ने चेकिंग के दौरान गरियता मौजा क्षेत्र में डंपर नंबर आरजे 27 जीई 7806 तथा खुमाणपुर मौजा क्षेत्र में डंपर नंबर जीजे 03 बीजेड 7354 को रोका। जांच में दोनों डंपरों में बिना अनुज्ञापत्र तथा वैध दस्तावेजों के क्षमता से अधिक बजरी भरी पाई गई। प्रथम डंपर को चालक दीपक पिता खेमा ननोमा निवासी मेवड़ा थाना धंबोला तथा दूसरे डंपर को चालक विष्णु पिता मोहन कटारा निवासी रास्तापाल थाना चौरासी द्वारा संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने दोनों वाहनों को डिटेन कर आगे की कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सूचित किया। थानाधिकारी मनीष कुमार खोईवाल के साथ सउनि रमणलाल, विरेंद्र सिंह, कानि जितेंद्र सिंह, विरेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार और तुलसीराम शामिल रहे।

## मार्च में हो सकते हैं पंचायत चुनाव 25 फरवरी तक फाइनल वोटर लिस्ट एक बूथ पर 1100 से ज्यादा वोटर नहीं

**डूंगरपुर ( पुकार )।** जिले में पंचायत चुनावों की तैयारियाँ तेज हो गई हैं। चुनावी संकेतों के अनुसार, जिले में पंचायत चुनाव मार्च माह में कराए जा सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण और बूथ प्रबंधन पर काम तेज कर दिया है। निर्वाचन विभाग ने बताया कि 25 फरवरी तक अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी जाएगी। इस दौरान मतदाताओं द्वारा दर्ज आपत्तियों और सुधार के आवेदन निपटाए जाएंगे, ताकि मतदान के दिन किसी को नाम दर्ज कराने में दिक्कत न हो। भीड़ नियंत्रित रखने के लिए इस बार कड़ी व्यवस्था अपनाई जा रही है। निर्देश जारी किए गए हैं कि डूंगरपुर में किसी भी मतदान केंद्र पर 1100 से अधिक मतदाता नहीं होंगे। जहाँ मतदाता संख्या ज्यादा होगी, वहाँ अतिरिक्त बूथ बनाए जाएंगे। जिला प्रशासन ने ग्राम पंचायत स्तर पर कर्मचारियों की मीटिंग लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान कर सकें। संभावित मार्च चुनावों के साथ ही डूंगरपुर में पंचायतों में नया नेतृत्व चुना जाएगा जिससे स्थानीय विकास कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।




## सरदार पटेल खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ भव्य आगाज, रोमांचक मुकाबलों से गूंज उठा पाडलिया मैदान



**डूंगरपुर ( पुकार )।** पाटीदार समाज चौखला चौरासी के तत्वावधान में ग्राम पाडलिया में आयोजित सरदार पटेल खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साह और उमंग के बीच हुआ। उद्घाटन के साथ ही पाडलिया का खेल मैदान खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह से सराबोर हो उठा। प्रतियोगिता के पहले दिन कबड्डी, फुटबॉल और वॉलीबॉल के मुकाबलों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में झलाप बी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कड़े मुकाबले में किशनपुरा ए टीम को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। निर्णायक पलों में झलाप बी ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए बढ़त बनाई और जीत अपने नाम की। फुटबॉल में भी झलाप बी का जलवा देखने को मिला। झलाप बी ने धंबोला टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि करावाड़ा एफसी ने विकासनगर को शिकस्त देकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब फाइनल झलाप बी और करावाड़ा एफसी के बीच खेला जाएगा, जिसे लेकर खेल प्रेमियों में खास उत्साह देखा जा रहा है। कबड्डी मुकाबले भी रोमांच से भरपूर रहे। कबड्डी के सेमीफाइनल में सिथल का सामना झलाप से तथा किशनपुरा का मुकाबला खांडिया से होगा। युवा सेवा खेलकूद समिति के अध्यक्ष मनोज पाटीदार झलाप ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना विकसित करना, शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और समाज में एकता व भाईचारे को मजबूत करना है।

# नए वर्ष पर उपद्रवियों पर चली कोतवाली पुलिस की सख्ती, कई वाहन जब्त, एक गिरफ्तार



**डूंगरपुर ( पुकार )।** नए वर्ष और 31 दिसम्बर के अवसर पर शराब पीकर उपद्रव करने वाले मनचलों व पत्थरबाजों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने सख्त कार्रवाई की।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डूंगरपुर मुकेश सांखला के मार्गदर्शन, वृत्ताधिकारी तपेन्द्र मीणा की निगरानी तथा थानाधिकारी अजय सिंह राव के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान धारा 126-170 बीएनएसएस में 07 प्रकरण, धारा 185 मोटर वाहन अधिनियम में 05 प्रकरण, पुलिस अधिनियम की धारा 60 में 10 प्रकरण तथा आबकारी अधिनियम में 01 प्रकरण दर्ज किया गया। गैर-सायलानों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 05 वाहनों को जब्त किया गया, वहीं आबकारी प्रकरण में अवैध शराब जब्त कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रशासन का कहना है कि उत्सव के दौरान शांति भंग करने वालों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## पण्डवाल लुंजा में अवैध गोवंश हत्या, पांच आरोपी गिरफ्तार



**बॉसवाडा ( पुकार )।** पण्डवाल लुंजा के आंगनवाड़ी केंद्र के पीछे खेतों में गाय की हत्या और उसके मांस की कटिंग करने का मामला सामने आया। मुखबिर से मिली सूचना पर थाना सज्जनगढ़ की पुलिस ने दो टीमों के साथ मौके पर छापा मारा। मौके पर पुलिस ने मृत गोवंश के पास बैठे पांच लोगों को संज्ञेय अपराध करते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी प्रेम पुत्र हुका डिण्डोर, देवीलाल पुत्र खातु गरासिया, थावरा पुत्र हवसिंग गरासिया, हुका पुत्र हुरतेंग डिण्डोर और रामसिंह पुत्र लखजी गरासिया ने मिलकर गाय की हत्या की थी और उसके मांस के टुकड़े काट रहे थे। पुलिस ने मृत गोवंश की लाश को पशु चिकित्सालय सज्जनगढ़ भेजा और राजस्थान गोवंश पशु (वध का प्रतिबंध और अस्थायी प्रवजन या निर्यात का विनियमन) नियम 1995 के तहत अपराध दर्ज कर सभी आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार किया।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 20 जनवरी को

डूंगरपुर (पुकार)। राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 20 जनवरी को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार ईडीपी हॉल में नियत की गई है। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड़ ने बताया कि पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना रिपोर्ट तथा बैठक से संबंधित सम्पूर्ण सूचनाएं निम्नानुसार गूगल शीट लिंक पर 10 जनवरी तक अपलोड करने के साथ ही गत बैठक की पालना रिपोर्ट जिला कार्यालय को प्रस्तुत करते हुए नियत समय एवं तिथि पर स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### कांस्टेबल भर्ती - 2025 : अनुपस्थित अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर

**उदयपुर (पुकार)।** जिला उदयपुर कांस्टेबल भर्ती - 2025 में दस्तावेज सत्यापन, बायोमेट्रिक सत्यापन तथा मेडिकल परीक्षण में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर दिया जा रहा है।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि अनुपस्थित रहे कांस्टेबल सामान्य (नोन टीएसपी) के 30 तथा कांस्टेबल चालक के 1 अभ्यर्थी को अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। संबंधित अभ्यर्थियों का 3 जनवरी 2026 को सुबह 8 बजे जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर कार्यालय के कमरा नंबर 211 में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन, बायोमेट्रिक सत्यापन तथा मेडिकल परीक्षणकिया जाएगा। सभी संबंधित अभ्यर्थी अपेक्षित मूल दस्तावेज तथा उनकी स्वसत्यापित छायाप्रतियों के साथ उपस्थित होना होगा। इसके लिए उन्हें किसी प्रकार यात्रा भत्ता व अन्य किसी प्रकार का मानदेय देय नहीं होगा।

### 1 राज नेवल यूनिट एनसीसी के कैडेट गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली के लिए चयनित



**उदयपुर (पुकार)।** 1 राज नेवल यूनिट एनसीसी, उदयपुर के तीन कैडेट्स का चयन आगामी 26 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है। यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कमांडर शकील अहमद ने बताया कि इस वर्ष राजस्थान डायरेक्टरेट से तीनों विंग - नेवी, आर्मी और एयर विंग से कैडेट्स का चयन किया गया है।

उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया के दौरान कैडेट्स ने कई राष्ट्रीय एवं प्री-आरडी कैंपों, साथ ही मार्च फास्ट, परेड, राइफल ड्रिल सहित कई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद यूनिट के तीन कैडेट्स ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। पीओ कैडेट यशपाल सिंह कुम्पावत का चयन कर्तव्य पथ परेड के लिए, पीओ कैडेट आदित्य राज सिंह का चयन पीएमआर (प्राइम मिनिस्टर्स रैली) इवेंट के लिए, तथा कैडेट किर्तनपाल सिंह मोरावत का चयन फ्लैग एरिया के लिए हुआ है। कमांडर शकील अहमद ने चयनित कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि यूनिट, शहर और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कैडेट्स गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उदयपुर और राजस्थान का गौरव बढ़ाएंगे।

### एनिमल प्रोटेक्शन सोसाइटी ने पशुओं के साथ मनाया नववर्ष



**उदयपुर (पुकार)।** नववर्ष 2026 के अवसर पर एनिमल प्रोटेक्शन सोसाइटी, उदयपुर ने शहरभर में पशुओं के कल्याण के लिए विशेष भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में दया, संवेदनशीलता और सह-अस्तित्व की भावना को बढ़ावा देना था। एनिमल प्रोटेक्शन सोसाइटी की टीम ने उदयपुर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे प्रतापनगर, राकमपुरा, न्यू आरटीओ, शोभापुरा और शहर के अन्य हाईवे क्षेत्रों में गायों, श्वानों, बकरियों, पक्षियों आदि को पौष्टिक और सुरक्षित भोजन कराया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रमुख सदस्य किरण भावसार, डॉ. माला मड्ढा और सोनू मेनारिया की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और पशु-प्रेमियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पशु-कल्याण के इस कार्य में सहयोग प्रदान किया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सजीवता और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देते हैं, और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से पशुओं की देखभाल और संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। यह पहल समाज में पशुओं के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इस नववर्ष पर सभी के दिलों को छू गई।

### नेशनल स्कूल गेम्स 2025 : राजस्थान बॉक्सिंग टीम ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया




**उदयपुर (पुकार)।** मध्यप्रदेश के गुना में 26 से 31 दिसंबर तक आयोजित 69वें नेशनल स्कूल गेम्स में राजस्थान की 14 वर्षीय बालकों की बॉक्सिंग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 8 पदक जीते और देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह सफलता खासतौर पर उदयपुर के डॉ. जुबेर खान के प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने तीन साल पहले बॉक्सिंग को राज्य के स्कूल खेलों में शामिल करवाने के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और खेल मंत्री से गुहार लगाई थी। राजस्थान की टीम में यश कुमार (30 किग्रा), छत्रपाल सिंह (38 किग्रा) और अनिराज चौधरी (40 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा, अंश रावत (34 किग्रा) और गौरव मांकड़ (42 किग्रा) ने रजत पदक जीते। कुशाल सिंह (44 किग्रा), वंश सुरा (46 किग्रा) और जयवर्धन सिंह बिदावत (50 किग्रा) ने कांस्य पदक प्राप्त किए। इस टूर्नामेंट में राजस्थान से डॉ. जुबेर खान को तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था, जबकि गुलजार मोहम्मद, दीपक गामोट और पायल साहू को निर्णायक बनाया गया था। राज्य के स्कूल खेलों में बॉक्सिंग को तीन साल पहले शामिल किए जाने के बाद यह पहला अवसर था जब राजस्थान की टीम ने नेशनल चैंपियन का खिताब जीता। डॉ. जुबेर खान के निरंतर प्रयासों से यह संभव हुआ, और अब बॉक्सिंग ने राज्य में युवाओं के बीच खेल के प्रति रुचि को बढ़ाया है। यह सफलता एक प्रेरणा है कि सही दिशा में किए गए प्रयासों से कोई भी लक्ष्य संभव है, और राजस्थान के स्कूल खेलों में बॉक्सिंग का यह योगदान भविष्य में खेल विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### केसरी ग्रुप प्रेम नगर ने नववर्ष 2026 का स्वागत अलाव, गजक और दूध के साथ

**उदयपुर (पुकार)।** नववर्ष 2026 के आगमन पर, केसरी ग्रुप प्रेम नगर ने एक सकारात्मक और संस्कारयुक्त संदेश के साथ नववर्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर अलाव, गजक और दूध का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में नशा-मुक्त और स्वास्थ्यवर्धक नववर्ष मनाने का संदेश देना था, जो भारतीय परंपराओं से जुड़ा हुआ है। केसरी ग्रुप प्रेम नगर की संस्थापक डॉ. सीमा चंपावत ने इस अवसर पर कहा, नववर्ष को नशे से दूर रहकर, स्वास्थ्य और संस्कारों के साथ मनाना ही हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है। केसरी ग्रुप आगे भी समाजहित में इस तरह के सकारात्मक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों के लिए ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए अलाव की व्यवस्था की गई, साथ ही पारंपरिक गजक और गर्म दूध का वितरण किया गया।

# बाल भिक्षावृत्ति व बाल श्रम से मुक्त करने के लिए स्माइल उदयपुर अभियान का शुभारंभ





### अभय कमाण्ड कैमरों से निगरानी, जियो टैगिंग से रेस्क्यू

### भिक्षा देने वालों पर भी कार्रवाई

### राज्य में पहली बार अनोखा प्रयोग

**उदयपुर (पुकार)।** पर्यटन नगरी उदयपुर को बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम से मुक्त करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्माइल उदयपुर अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में 1 जनवरी 2026 से प्रारंभ हुआ यह अभियान राज्य में अपनी तरह का पहला नवाचारपूर्ण और सख्त अभियान माना जा रहा है।

अभियान की शुरुआत कलक्ट्रेट परिसर में भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम के विरुद्ध शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान से की गई। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) जितेन्द्र ओझा की उपस्थिति में बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति रेस्क्यू वाहनको झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य ध्रुव कुमार कविया, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष यशोदा पणिया, श्रम आयुक्त संकेत मोदी, पुलिस उपाधीक्षक छगन पुरोहित, मानव तस्करी निरोधक इकाई प्रभारी दीपिका राठौड़, यूनिसेफ प्रभारी सिंधु बिनुजीत सहित अन्य अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

#### तीन चरणों में चलेगा अभियान

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक के.के. चन्द्रवंशी ने बताया कि स्माइल उदयपुर अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाएगा।प्रथम चरण 1 से 31 जनवरी तक रहेगा। इसमें शहर में निरंतर रेस्क्यू अभियान चलाकर बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम में लिप्त बच्चों को मुक्त कराया जाएगा। द्वितीय चरण में 2 फरवरी से 31 मार्च तक फॉलोअप अभियान के तहत रेस्क्यू किए गए बच्चों का पुनर्वास, शिक्षा एवं काउंसलिंग सुनिश्चित की जाएगी, ताकि वे पुनः इस कुप्रथा में न फंसें।तृतीय चरण में भिक्षावृत्ति से प्रभावित पर्यटन स्थलों एवं सार्वजनिक क्षेत्रों को भिक्षावृत्ति मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाएगा, आदेशों की अवहेलना करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होगी।

#### अभय कमाण्ड कैमरे और जियो टैगिंग से होगी निगरानी

अभियान को प्रभावी बनाने के लिए अभय कमाण्ड सेंटर के सीसीटीवी कैमरों से प्रमुख चौराहों, पर्यटन स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी की जाएगी। रेस्क्यू स्थल पर बच्चों की जियो टैगिंग की जाएगी, जिससे फॉलोअप और निगरानी और अधिक मजबूत हो सके। किसी भी स्थान पर बाल भिक्षावृत्ति या बाल श्रम की सूचना मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या अभियान समन्वयक को सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगी।

#### जागरूकता के साथ सख्ती

रेस्क्यू अभियान के दौरान मुख्य पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल, बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, अस्पताल क्षेत्र एवं प्रमुख चौराहों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाएगी। आमजन से अपील की जाएगी कि ÷भिक्षा नहीं, शिक्षा दें÷। इसके साथ ही पोस्टर, बैनर, स्टीकर के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाई जाएगी तथा दुकानों और प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम व भिक्षावृत्ति मुक्त प्रतिष्ठान के स्टीकर लगाए जाएंगे।

#### साझा प्रयास से बनेगा बाल श्रम मुक्त उदयपुर

माह भर चलने वाले इस अभियान में पुलिस विभाग, श्रम विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, बाल अधिकारिता विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, यूनिसेफ, बाल सुरक्षा नेटवर्क, गायत्री सेवा संस्थान सहित विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों की स य भागीदारी रहेगी। स्माइल उदयपुर अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भिक्षावृत्ति और बाल श्रम के दलदल से बाहर निकालकर उन्हें शिक्षा, संरक्षण और सम्मानजनक जीवन की मुख्यधारा से जोड़ना है। बच्चों के अधिकारों का हनन करने वालों, उन्हें भिक्षावृत्ति या श्रम में धकेलने वालों तथा भिक्षा को बढ़ावा देने वालों पर भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी कोई बच्चा भिक्षावृत्ति या बाल श्रम करता दिखाई दे, तो तुरंत 1098 पर सूचना दें और उदयपुर को बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम मुक्त शहर बनाने में सहयोग करें।

# भूपाल नोबल्स संस्थान का स्थापना दिवस आज

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज उदयपुर में

### संस्थान को उंचाईयों पर पहुंचाने वाले 9 विभूतियों को करेगें सम्मानित

### केन्द्रीय एवं शहर के प्रशासनिक अधिकरियों ने तैयारियों का लिया जायजा



**उदयपुर (पुकार)।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को एक दिवसीय प्रवास पर उदयपुर पहुंचेगे। सिंह विद्या प्रचारिणी सभा भूपाल नोबल्स संस्थान के 104 वें स्थापना दिवस पर महाराणा प्रताप खेल मैदान पर आयोजित समारोह में शिरकत करेंगे।

कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने बताया कि प्रोटोकोल के अनुसार तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। समारोह स्थल पर केन्द्रीय एवं उदयपुर शहर के प्रशासनिक अधिकारियों को जमावड़ा रहा। रक्षामंत्री प्रातः 10 बजे राजकीय विमान से नई दिल्ली से रवाना होकर 11.10 बजे महाराणा प्रताप एयरपोर्ट उदयपुर पहुंचेगे जहॉ संस्थान के अधिकृतियों द्वारा स्वागत किया जायेगा। एयरपोर्ट से सीधे 11.30 बजे भूपाल नोबल्स संस्थान के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर पहुंचेगे। सबसे पहले संस्थान परिसर में लगी महाराणा भूपाल सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित करने के बाद एनसीसी केडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा।

सिंह दोपहर 2 बजे पुनः समारोह स्थल से एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जायेंगे। मंच के सामने 50 फीट का डी घेरा बनाया गया है। समारोह की अध्यक्षता प्रधान संरक्षक एवं अध्यक्ष श्रीजी हुजूर महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़ करेंगे। विशिष्ट अतिथि राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, चितौडगढ़ सांसद सी.पी. जोशी, कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, समाजसेवी अनिल सिंह होंगे। अतिथियों का मेवाडी परम्परा के अनुसार भव्य स्वागत किया जायेगा।

प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ ने बताया कि गुरूवार को एनएसजी कमांडो, केन्द्रीय एवं शहर के प्रशासनिक अधिकारियों ने चिकित्सा, फायर ब्रिगेट सहित 30 गाड़ियो के काफिले के साथ एयरपोर्ट से समारोह स्थल तक कॉरगेट काफिले के साथ अभ्यास कर तकनीकी खामियों को दूर करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

#### फतह आर्ट गैलेरी का करेंगे लोकार्पण

प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं सम्मानित अतिथियों द्वारा प्रशासनिक भवन में बनी फतह आर्ट गैलेरी का लोकार्पण करेंगे। संस्थान को उंचाईयों पर पहुंचाने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले एवं खेल जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2026 से सम्मानित किया जायेगा। प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ ने बताया कि समारोह से पूर्व प्रातः 08 बजे देश में अमन शांति के लिए हवन पुजन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य भाग लेंगे।

#### यहां से होगा प्रवेश

संयुक्त मंत्री राजेन्द्र सिंह ताणा ने बताया कि समारोह में 10 हजार से अधिक विद्यार्थी, अकादमिक, गैर अकादमिक कार्यकर्ता एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्स्थित रहेगे। सभी को मेटल डिडेक्टर से जांच के बाद ही समारोह स्थल में प्रवेश दिया जायेगा।

सुरक्षा की दृष्टि से समारोह में आमजन का प्रवेश सेवाश्रम स्थित इनडोर स्टेडियम से व बीएन संस्थान के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का मुख्य मार्ग से होगा। अपने वाहन भी वही पार्क कर सकेंगे। वित्त मंत्री शक्ति सिंह कारोही, रजिस्ट्रार डॉ. एनएन सिंह, डॉ. चेतन सिंह, प्रो. रेणु राठौड़, डॉ. युवराज सिंह राठौड, कुलदीप सिंह ताल, महेन्द्र सिंह पाटिया, करण सिंह उमरी, हनुमंत सिंह बोहेडा, प्रो. माधवी राठौड, ने तैयारियों को अंतिम

### डाकघरों में अब डिजिटल भुगतान की सुविधा

**उदयपुर (पुकार)।** डाक विभाग, उदयपुर मण्डल द्वारा नागरिकों को सुविधाजनक, सुरक्षित एवं कैशलेस सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु सभी डाकघरों में डिजिटल भुगतान सुविधाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। इस क्रम में डाकघरों के काउंटरों पर एपीटी 2.0 आधारित क्यूआर कोड भुगतान सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से ग्राहक किसी भी यूपीआई सक्षम मोबाइल एप्लिकेशन द्वारा आसानी से भुगतान कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, डाकघरों के काउंटरों पर एसबीआई पॉइंट ऑफ सेल (एसबीआई पीओएस) मशीनें भी स्थापित की गई हैं, जिससे डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है। डाक मण्डल के प्रवर अधीक्षक ने बताया कि अब नागरिक डाकघरों में विभिन्न डाक वस्तुओं की बुकिंग हेतु डिजिटल माध्यम से भुगतान कर सकते हैं, जिससे नकद लेन-देन की आवश्यकता नहीं रहेगी। यह पहल पारदर्शिता बढ़ाने, नकद प्रबंधन को कम करने तथा तेज़ एवं सुरक्षित सेवाएँ सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### एक शाम गौ सेवा के नाम भक्ति संध्या व हाउजी गेम्स का भव्य आयोजन 11 को

**उदयपुर (पुकार)।** गुरु कमल चंद्रोशन गौ सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में एक शाम गौ सेवा के नाम भक्ति संध्या का आयोजन 11 जनवरी रविवार को शाम 6 बजे सुखाड़िया रंगमंच, टाउन हॉल, उदयपुर में किया जायेगा। ट्रस्ट की महासचिव स्वीटी जैन ने बताया कि यह भव्य भक्ति संध्या हाउजी गेम्स के साथ संपन्न होगी। कार्यक्रम के माध्यम से एकत्रित की गई संपूर्ण राशि से 12, 13, 14 व 15 जनवरी को उदयपुर एवं आसपास की 21 गौशालाओं में गौ माता के लिए महाप्रभु प्रसाद वितरित किया जाएगा। जिसमें 21 क्विंटल लापसी, 21,000 किलो चारा, 2100 रोटियां, गुड़ एवं 21 किलो खोपरा शामिल होगा। भक्ति संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक पिंटू सेन, विश्वास नंदवाना, मुकेश पालीवाल सहित अन्य कलाकार अपने भजनों के माध्यम से गौ माता की महिमा का गुणगान करेंगे, साथ ही कार्यक्रम के दौरान लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया जाएगा।

हाउजी टिकट एवं लक्की ड्रॉ में एलइडी टीवी फ्रिज वाशिंग मशीन आदि 14 पारितोषिक रखे गए हैं। हाउजी टिकिट्स व लक्की ड्रॉ से संबंधित जानकारी हेतु इच्छुक श्रद्धालु मोबाइल नंबर 8209498916 पर संपर्क कर सकते हैं। गौ सेवा और भक्ति के इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील ट्रस्ट द्वारा की गई है।

### शिल्पग्राम उत्सव-2025 : 1 लाख 88 हजार से अधिक टिकट बिके

**उदयपुर (पुकार)।** शिल्पग्राम उत्सव-2025 ने कई मायनों में अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसबार जहां टिकट बिक्री के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए, वहीं क्राफ्ट बिक्री ने भी नया रिकॉर्ड बनाया है। 31 दिसंबर को संपन्न हुए 10 दिवसीय उत्सव में 1 लाख 88 हजार से अधिक टिकट बिके, तो क्राफ्ट भी 635 लाख से अधिक के बिके।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने गुरुवार को बताया कि मैंने जब 2014 में पहली मर्तबा निदेशक का पद सम्हाला था, तब शिल्पग्राम उत्सव सामने था और 2013 की टिकट बिक्री तकरीबन 93000 थी। तब सोचा था कि इसे एक दिन जरूर दुगना करना है। पहले वर्ष ही अर्थात 2014 के शिल्पग्राम उत्सव में 30 त्न वृद्धि के साथ टिकट बिक्री 1,25,000 से कुछ अधिक रही। फिर, धीरे धीरे वृद्धि होते हुए शिल्पग्राम 2018 में लगभग 1,48,000 हो गई। हालांकि, 93000 से 148000 तो हुई, लेकिन दुगनी करने का संकल्प बाकी था।

वर्ष 2024 और 2025 में पुनः अवसर मिला, तो यह सपना साकार हुआ। दरअसल, शिल्पग्राम उत्सव-2025 में टिकट बिक्री 1,88,735 हो गई।

खान ने इस बड़ी सफलता के लिए उदयपुर के मीडिया, जनता और पर्यटकों आभार व्यक्त किया।

# जनजाति कल्याण कोष योजना अन्तर्गत मुर्गी ईकाई एवं बकरी इकाई वितरण के लिए मांगे आवेदन

**उदयपुर (पुकार)।** जनजाति समाज से जुड़े पशुपालकों को आर्थिक रूप से संबंल प्रदान करने को लेकर सरकार कटिबद्ध है। इसी कड़ी में जनजाति कल्याण कोष (टीएडी) योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत उदयपुर एवं सलूम्बर जिलों के 18 ब्लॉक के गांवों के पशुपालकों को निःशुल्क मुर्गी इकाई (50 चूजे) एवं बकरी यूनिट (5 बकरी और 1 बकरा) वितरण को लेकर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके तहत पशुपालकों को मुर्गी इकाई एवं बकरी यूनिट का वितरण किया जाएगा, जिससे जनजाति समाज आर्थिक उन्नयन की राह पर अग्रसर हो सके।

#### कार्य योजना एवं उद्देश्य-

1. उत्तम नस्ल के बकरे एवं बकरी का वितरण कर जनजाति क्षेत्र में बकरियों की उत्तम नस्ल तैयार करना।
2. जनजाति बकरी पालकों को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान कर आर्थिक व सामाजिक उन्नयन।
3. जनजाति समुदाय को खाद्य सुरक्षा व गुणवत्ता युक्त पोषण प्रदान करना।
4. जनजाति क्षेत्र में बकरी उत्पादों यथा दुध व उत्पाद एवं मांस की मात्रा में बढ़ोतरी व गुणवत्ता में सुधार। दुध उत्पादन में वृद्धि करना, नये रोजगार का सृजन एवं शहरी क्षेत्रों की तरफ पशुपालकों के पलायन को रोकना।
5. वर्तमान में जिले के जनजाति बकरी पालकों के पास अवर्गीकृत, कम उत्पादन वाली बकरियां होने, बकरीपालन की नवीनतम तकनीक का ज्ञान न होने से उचित लाभ नहीं मिल रहा है। उत्तम नस्ल, बेहतर प्रबन्धन, नवीनतम तकनीक के समावेश, बकरीदूध व उत्पाद एवं मांस की बेहतर विपणन व्यवस्था से जनजाति पशुपालकों को अधिकतम लाभ के माध्यम से आर्थिक उन्नयन किया जा सकता है। इस योजनान्तर्गत क्षेत्र के चयनित जनजाति बकरीपालकों को एक बकरा एवं पांच सिरोही/उन्नत नस्ल की बकरियों (बकरी 5 .1 बकरा) का वितरण किया जायेगा।

संयुक्त निदेशक डॉ. सुरेश कुमार जैन ने बताया कि योजना के तहत मुख्य उद्देश्य चयनित गांवों के एकीकृत सामाजिक-आर्थिक विकास को प्राप्त करना है। उदयपुर जिले में 90 बकरी ईकाई एवं 815 मुर्गी ईकाई तथा सलूम्बर जिले में 50 बकरी ईकाई एवं 395 मुर्गी ईकाई का वितरण किया जाएगा।

#### लाभार्थी का चयन

ब्लॉक (पंचायत समिति) में जनजाति क्षेत्र के इच्छुक लाभार्थी/बकरी पालक/कुक्कुट पालक 7 दिवस में अपना आवेदन मय दस्तावेजों के साथ चयनित राजस्व ग्राम के नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था में जमा करा सकते हैं। डॉ. जैन ने बताया कि योजना में राजस्व ग्राम के जनजाति वर्ग के पशुपालक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए पशुपालक की उम्र 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह कम से कम पांचवीं कक्षा पास होना आवश्यक है। एक परिवार से एक लाभान्वित का ही चयन होगा (चाहें राशनकार्ड या-जन आधार कार्ड अलग-अलग क्यों ना हों)। आवेदन के लिए आधार कार्ड, विधवा/विकलांग/कमजोर आय वर्ग, भूमिहीन अथवा लघु सीमान्त एवं महिला बकरी पालकों को प्राथमिकता दी जाएगी। संबंधित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा। इच्छुक आवेदक केवल एक श्रेणी (बकरी इकाई अथवा मुर्गी इकाई वितरण) में ही आवेदन कर सकते हैं। चयनित लाभार्थियों की सूचियों का अनुमोदन संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच/जनप्रतिनिधि द्वारा किया जाना आवश्यक है।

लाभार्थी पशुपालक का चयन संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में उप निदेशक (पशुधन विकास) एवं ब्लॉक नोडल अधिकारी, पशुपालन विभाग एवं ग्राम विकास अधिकारी/प्रशासक संबंधित ग्राम पंचायत की समिति द्वारा किया जाएगा। जनजाति वर्ग के आवेदन लक्ष्य से अधिक होने पर उनका चयन लॉटरी सिस्टम के आधार पर किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.